वर्ष-14 - अंक 121
पृष्ठ-08 मूल्य : 02 रुपया

सीतापुर
रविवार, 09 अगस्त 2026

RNI.No. UHIN/2012/43078

स्वतंत्र प्रभात दैनिक अखबार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें.......
9511151254

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

swatantraprabhat.com

# स्वतंत्र प्रभात

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा



लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या, प्रयागराज, मिर्जापुर, गोरखपुर, बरेली, बुंदेलखंड, उत्तराखंड, देहरादून गाज़ियाबाद, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, झारखण्ड, बिहार, मध्य प्रदेश, असम, तेलंगाना आदि जनपदों में प्रसारित

अस्पताल में युवक की मौत डीएम सख्त दो सदस्यीय .................... 3
ढाका की राजनीति और भारत-बांग्लादेश संबंधों की........................ 4
एलआईसी अधिकारियों-कर्मचारियों की मांगों पर त्रिवेंद्र रावत ........................ 08

# आरबीआई और सहकारी बैंकों के बीच भरोसा बढ़े तो मजबूत होगा क्षेत्र: अमित शाह



**मुंबई(एजेंसी)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और शहरी सहकारी बैंकों के बीच बेहतर समन्वय और आपसी भरोसे पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को लंबे समय से चली आ रही धारणाओं से आगे बढ़कर एक-दूसरे पर विश्वास के साथ काम करना चाहिए। आपसी सहयोग और सकारात्मक सोच के जरिए शहरी सहकारी बैंकिंग क्षेत्र को और मजबूत बनाया जा सकता है। अमित शाह मुंबई में नेशनल अर्बन कोऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के नए कार्यालय भवन के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में आरबीआई ने शहरी सहकारी बैंकों के प्रति सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाया है। सरकार और सहकारी बैंकिंग क्षेत्र की ओर से जब भी सकारात्मक तरीके से केंद्रीय बैंक के समक्ष मुद्दे रखे गए, आरबीआई ने भी सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। केंद्रीय मंत्री ने शहरी सहकारी बैंकों के लिए आरबीआई की ओर से उठाए गए विभिन्न कदमों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि शाखाओं के विस्तार से जुड़े नियमों में राहत, घर-घर बैंकिंग सेवाओं की अनुमति, शहरी सहकारी बैंकों को डिमांड ड्राफ्ट और जीवन प्रमाण पत्र जारी करने की सुविधा तथा क्षेत्र के लिए समर्पित नोडल अधिकारी की नियुक्ति जैसे कदम महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने हाल में किए गए नियामकीय सुधारों का भी स्वागत किया। इनमें सोने के बदले दिए जाने वाले ऋण की सीमा बढ़ाना और एकमुश्त निपटान की व्यवस्था लागू करना शामिल है। शाह ने कहा कि ऐसे सुधारों से शहरी सहकारी बैंकों के कामकाज को अधिक प्रभावी बनाने और ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिल सकती है। अमित शाह ने बताया कि वर्तमान में देश के शहरी सहकारी बैंकों में छह लाख करोड़ रुपये से अधिक की जमा राशि है। उन्होंने कहा कि यह आंकड़ा बताता है कि देश के वित्तीय तंत्र और आम लोगों के बीच शहरी सहकारी बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की क्षमता का बेहतर उपयोग करने के लिए नियामक संस्थाओं और सहकारी बैंकों के बीच विश्वास एवं संवाद को और मजबूत करना आवश्यक है। सहकारी बैंक छोटे कारोबारियों, मध्यम वर्ग और छोटे उधारकर्ताओं तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। केंद्रीय मंत्री ने शहरी सहकारी बैंकों की व्यावसायिक संभावनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि छोटे उधारकर्ता सहकारी बैंकों के लिए अपेक्षाकृत सुरक्षित ऋण वर्ग साबित हो सकते हैं। उन्होंने अपने गुजरात के एक सहकारी बैंक के अध्यक्ष के रूप में कार्यकाल का अनुभव साझा करते हुए बताया कि उस बैंक ने बिना किसी गारंटी के 2.5 लाख रुपये तक के ऋण उपलब्ध कराए थे। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था में ब्याज सहित ऋण की वसूली दर 99 प्रतिशत से अधिक रही थी। उनके अनुसार, इससे पता चलता है कि छोटे उधारकर्ताओं के साथ बेहतर समझ और भरोसे पर आधारित बैंकिंग व्यवस्था प्रभावी परिणाम दे सकती है। अमित शाह ने शहरी सहकारी बैंकों से नेशनल अर्बन कोऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में करीब 690 शहरी सहकारी बैंक ही इस संस्था के सदस्य हैं, जबकि देश में लगभग 1,400 शहरी सहकारी बैंक हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि संस्था की सदस्यता शुल्क को कम किया जाना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक शहरी सहकारी बैंक इससे जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि ज्यादा बैंकों के जुड़ने से संस्था का दायरा बढ़ेगा और शहरी सहकारी बैंकिंग क्षेत्र को एक साझा मंच पर बेहतर सहयोग मिल सकेगा। केंद्रीय मंत्री ने घोषणा की कि नेशनल अर्बन कोऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन का मुख्यालय नई दिल्ली से महाराष्ट्र स्थानांतरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में शहरी सहकारी बैंकिंग क्षेत्र की मजबूत उपस्थिति को देखते हुए यह कदम उपयोगी साबित हो सकता है। अमित शाह ने बताया कि महाराष्ट्र में 449 शहरी सहकारी बैंक हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के साथ गुजरात, गोवा और कर्नाटक को मिलाकर देश के लगभग 70 प्रतिशत शहरी सहकारी बैंकों का प्रतिनिधित्व होता है। ऐसे में इन राज्यों में सहकारी बैंकिंग क्षेत्र के लिए व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। अमित शाह ने आरबीआई और शहरी सहकारी बैंकों के बीच संवाद बढ़ाने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि दोनों पक्षों को पुरानी धारणाओं से बाहर निकलकर नए विश्वास के साथ आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि नियामक और बैंकिंग संस्थाएं यदि मिलकर काम करें तो सहकारी बैंकिंग क्षेत्र को अधिक मजबूत, पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी बनाया जा सकता है।

# हवाई अड्डों की साइबर सुरक्षा होगी और मजबूत



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** देश के नागरिक उड्डयन क्षेत्र की साइबर सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। हवाई अड्डों को साइबर खतरों से सुरक्षित रखने और किसी भी साइबर आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई करने के लिए सीआईएसएफ के एयरपोर्ट सेक्टर ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रोपड़ के साथ समझौता किया है। यह समझौता 7 अगस्त को किया गया। इसके तहत सीआईएसएफ के जवानों को साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। छह सप्ताह के इस विशेष आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के जरिए ऐसे जवानों का विशेष दल तैयार किया जाएगा, जो हवाई अड्डों पर साइबर सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों की पहचान करने, उनका आकलन करने और जरूरत पड़ने पर त्वरित कार्रवाई करने में सक्षम होंगे। सीआईएसएफ के महानिदेशक प्रवीर रंजन के नेतृत्व में शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य सुरक्षा बल को साइबर क्षेत्र में भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है। हवाई अड्डे देश के सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील बुनियादी ढांचों में शामिल हैं। यहां विमान संचालन, यात्री सेवाओं, संचार, निगरानी, प्रवेश नियंत्रण और अन्य कई व्यवस्थाएं तकनीक पर निर्भर हैं। ऐसे में किसी बड़े साइबर हमले या डिजिटल प्रणाली में व्यवधान का असर केवल हवाई अड्डे के संचालन तक सीमित नहीं रह सकता, बल्कि इससे यात्री सुरक्षा, विमान परिचालन, आर्थिक गतिविधियों और राष्ट्रीय सुरक्षा पर भी व्यापक प्रभाव पड़ सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए सीआईएसएफ साइबर सुरक्षा के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार कर रहा है। आईआईटी रोपड़, एससीएएलई फाउंडेशन और सीआईएसएफ के बीच हुई संस्थागत साझेदारी के तहत छह सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण पूरी तरह निशुल्क होगा। कार्यक्रम में जवानों को साइबर सुरक्षा के सैद्धांतिक ज्ञान के साथ वास्तविक परिस्थितियों में आने वाली चुनौतियों से निपटने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान जवानों को साइबर हमलों की पहचान, जोखिम का आकलन, डिजिटल प्रणालियों की सुरक्षा और साइबर घटनाओं पर त्वरित प्रतिक्रिया से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा के मूल सिद्धांतों के अलावा महत्वपूर्ण सूचना अवसंरचना की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके साथ ही डिजिटल फोरेंसिक, साइबर घटनाओं का पता लगाना और उनके विश्लेषण जैसे विषय भी प्रशिक्षण का हिस्सा होंगे। कार्यक्रम में आपदा से उबरने की व्यवस्था, कारोबार की निरंतरता, नए एवं उभरते साइबर खतरों तथा बहु-क्षेत्रीय संकट की परिस्थितियों से निपटने के लिए सिमुलेशन अभ्यास भी शामिल किए जाएंगे। इस तरह तैयार किए जाने वाले जवान वास्तविक साइबर घटनाओं के दौरान विभिन्न सुरक्षा और तकनीकी एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करने में सक्षम होंगे। वर्तमान समय में हवाई अड्डों की सुरक्षा व्यवस्था तेजी से तकनीक आधारित होती जा रही है। निगरानी कैमरे, डिजिटल प्रवेश व्यवस्था, संचार प्रणाली और अन्य महत्वपूर्ण संचालन प्रणालियां साइबर नेटवर्क से जुड़ी होती हैं। इसलिए भौतिक सुरक्षा के साथ-साथ डिजिटल सुरक्षा भी विमानन सुरक्षा का अहम हिस्सा बन गई है। सीआईएसएफ पहले से ही देश के कई महत्वपूर्ण हवाई अड्डों की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहा है। साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में विशेष प्रशिक्षण से बल की मौजूदा सुरक्षा क्षमता को और मजबूत करने की उम्मीद है।

# 20 से अधिक देशों में पहुंचा भारतीय मखाना, वित्त वर्ष 2025-26 में 7,000 टन से ज्यादा निर्यात



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारतीय मखाने की मांग वैश्विक बाजारों में लगातार बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भारत ने 20 से अधिक देशों को 7,000 मीट्रिक टन से ज्यादा मखाना और उससे बने मूल्यवर्धित उत्पादों का निर्यात किया। अमेरिका, मध्य पूर्व और अफ्रीकी देशों सहित कई अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भारतीय मखाने की बढ़ती मांग से बिहार के किसानों और मखाना उद्योग को विशेष लाभ मिलने की उम्मीद है। भारत में मखाना उत्पादन का सबसे बड़ा केंद्र बिहार है। देश के कुल मखाना उत्पादन में बिहार की हिस्सेदारी करीब 85 प्रतिशत बताई जाती है। ऐसे में वैश्विक बाजारों में भारतीय मखाने की बढ़ती मांग का सीधा असर राज्य के किसानों, प्रसंस्करण इकाइयों और निर्यात कारोबार पर पड़ रहा है। मखाना क्षेत्र को संगठित करने और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने जुलाई 2025 से मखाने के लिए अलग एचएस कोड लागू किया है। इससे मखाने के निर्यात की सटीक निगरानी करने और अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय मखाने की अलग पहचान स्थापित करने में मदद मिलने की उम्मीद है। सरकार का मानना है कि अलग एचएस कोड से मखाना व्यापार से जुड़े आंकड़ों की बेहतर निगरानी हो सकेगी। साथ ही निर्यातकों को वैश्विक बाजारों में भारतीय मखाने की पहचान और बाजार विस्तार के लिए बेहतर अवसर मिलेंगे। निर्यात के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के तहत कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने बिहार से जीआई टैग प्राप्त मिथिला मखाना की पहली व्यावसायिक समुद्री खेप ऑस्ट्रेलिया भेजने में मदद की है। बिहार के बिहटा स्थित बीआईएडीए औद्योगिक क्षेत्र से 18 मीट्रिक टन मिथिला मखाना ऑस्ट्रेलिया भेजा गया। यह खेप दरभंगा जिले के मखाना उत्पादक किसानों से खरीदी गई थी। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया जैसे नए अंतरराष्ट्रीय बाजार में मिथिला मखाना की पहुंच बनने से बिहार के इस प्रमुख जीआई उत्पाद की वैश्विक पहचान और मजबूत होगी। साथ ही निर्यात आधारित बाजारों तक किसानों की पहुंच बढ़ने से उनकी आय में सुधार की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। सरकार के अनुसार, इस निर्यात पहल से जुड़े किसानों को मौजूदा बाजार भाव की तुलना में करीब 18 प्रतिशत अधिक कीमत प्राप्त हुई। इससे संकेत मिलता है कि किसानों को सीधे निर्यात बाजार और संगठित मूल्य श्रृंखला से जोड़ने पर उनके उत्पाद का बेहतर मूल्य मिल सकता है।

# जापान के कुमामोटो में भूकंप से 39 मौतें



**टोक्यो(एजेंसी)।** दक्षिण-पश्चिमी जापान के कुमामोटो प्रांत में 28 जुलाई को आए शक्तिशाली भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 39 हो गई है। प्रांतीय सरकार के अनुसार, भूकंप के बाद 6,500 से अधिक लोग अब भी राहत और निकासी केंद्रों में रहने को मजबूर हैं। अधिकारियों के सामने प्रभावित लोगों को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराने, क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे को बहाल करने और सामान्य जनजीवन को पटरी पर लाने की बड़ी चुनौती है। अधिकारियों के मुताबिक 39 मृतकों में से 36 की मौत सीधे 7.1 तीव्रता वाले भूकंप के कारण हुई। एक अन्य व्यक्ति की मौत कथित तौर पर लू लगने से हुई, जिसे आपदा से जुड़ा माना गया है। वहीं दो अन्य लोगों की मौत के कारणों की जांच की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि उनका भूकंप से कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संबंध था या नहीं। सिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, भूकंप से कुमामोटो प्रांत में अब तक 205 लोग हताहत हुए हैं। इनमें 23 लोग गंभीर रूप से घायल बताए गए हैं। प्रभावित इलाकों में राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी है। भूकंप के सबसे अधिक प्रभावित इलाकों में जापान के भूकंपीय तीव्रता पैमाने पर अधिकतम 7 का स्तर दर्ज किया गया। यह जापान के भूकंपीय तीव्रता पैमाने का सबसे ऊंचा स्तर है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### जेपी नड्डा से मिले निशांत कुमार, स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने पर हुई विस्तृत चर्चा

**पटना ।** बिहार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने शनिवार को नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री को बिहार में स्वास्थ्य क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों तथा राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में चल रही विभिन्न पहलों की जानकारी दी। दोनों नेताओं के बीच बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, आधुनिकीकरण और गुणवत्ता में सुधार को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मुलाकात के बाद निशांत कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इसकी जानकारी साझा करते हुए कहा कि उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को बिहार में स्वास्थ्य क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान रेफरल व्यवस्था को बेहतर बनाने, सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों और ट्रॉमा सेंटरों के विस्तार सहित स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी और सुलभ बनाने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। खासकर गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा जरूरत पड़ने पर समय पर उच्च स्तरीय स्वास्थ्य संस्थानों तक पहुंच सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है।

### पंजाब में भाजपा अकेले चुनाव लड़ेगी, 117 सीटों पर पूरी तैयारी: आरपी सिंह

नई दिल्ली । शिरोमणि अकाली दल (एसएडी) के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई मुलाकात को लेकर पंजाब की राजनीति में एक बार फिर सियासी चर्चाएं तेज हो गई हैं। बैठक के बाद गठबंधन को लेकर उठ रहे सवालों के बीच भाजपा ने यह स्पष्ट किया है कि वह पंजाब की सभी 117 विधानसभा सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। भाजपा प्रवक्ता आरपी सिंह ने कहा कि पार्टी पूरी तरह तैयार है और पंजाब में अकेले चुनाव लड़ेगी। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में आरपी सिंह ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मोगा में हुई रैली के दौरान ही स्पष्ट कर दिया था कि भाजपा पंजाब की सभी 117 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी ने चुनाव को लेकर अपनी रणनीति और तैयारियां शुरू कर दी हैं। सुखबीर सिंह बादल और प्रधानमंत्री मोदी की मुलाकात के संबंध में उन्होंने कहा कि पंजाब के मौजूदा हालात को लेकर अकाली दल प्रमुख ने पीएम मोदी से चर्चा की।

# अरुणाचल प्रदेश: उल्फा-I के चार कैडरों ने असम राइफल्स के सामने सरेंडर किया



**ईटानगर(एजेंसी)।** प्रतिबंधित यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (इंडिपेंडेंट) के चार कट्टर कैडरों ने अरुणाचल प्रदेश के लोंगडिंग जिले में असम राइफल्स के सामने सरेंडर कर दिया और अपने हथियार व गोला-बारूद जमा कर दिए। रक्षा विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि लोंगडिंग जिले में चुपखाओ ट्रैक पर खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए एक सुनियोजित ऑपरेशन के दौरान उल्फा-ढ्ढ के चार कैडरों ने सरेंडर किया। यह ऑपरेशन सुरक्षा बलों द्वारा लगातार खुफिया जानकारी जुटाने, निरंतर निगरानी रखने, सटीक ऑपरेशनल प्लानिंग और लगातार सक्रिय रहने के बाद चलाया गया। आखिरकार विद्रोहियों को हथियार डालने और हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटने के लिए मना लिया। आत्मसमर्पण के दौरान कैडरों ने सुरक्षा बलों को गोला-बारूद और युद्ध से जुड़ी अन्य सामग्री के साथ चार हथियार सौंपे। कैडरों के सरेंडर और हथियारों व अन्य सामान की बरामदगी को इलाके में विद्रोही संगठन की ऑपरेशनल क्षमताओं के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है।

# असम में बाढ़ का कहर जारी, 77 हजार से अधिक लोग अब भी राहत शिविरों में



**गुवाहाटी(एजेंसी)।** असम में बाढ़ की स्थिति से लोगों की मुश्किलें अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुई हैं। राज्य के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ का असर बना हुआ है और 77 हजार से अधिक लोग अब भी राहत शिविरों में रहने को मजबूर हैं। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार बाढ़ की स्थिति पर लगातार नजर रख रही है और प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्वास एवं बहाली के कार्यों को तेज किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से बाढ़ की मौजूदा स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य के राहत शिविरों में अभी भी बड़ी संख्या में लोग रह रहे हैं और प्रशासन प्रभावित लोगों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने में जुटा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि स्थिति सामान्य होने तक सरकार पूरी तरह सक्रिय रहेगी। असम के कई जिलों में बाढ़ के कारण हजारों लोगों का जनजीवन प्रभावित हुआ है। कई परिवारों को अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों और सरकारी राहत शिविरों में शरण लेनी पड़ी है। जिला प्रशासन और स्थानीय अधिकारी राहत एवं बचाव कार्यों में जुटे हुए हैं। राहत शिविरों में रह रहे लोगों को भोजन, पेयजल, चिकित्सा सुविधा और अन्य जरूरी सामग्री उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रशासन का जोर प्रभावित परिवारों को सुरक्षित रखने और बाढ़ का पानी कम होने के बाद उन्हें जल्द से जल्द घरों तक पहुंचाने पर है। बाढ़ की स्थिति को देखते हुए अधिकारी राज्य की प्रमुख नदियों के जलस्तर पर लगातार निगरानी रख रहे हैं। संवेदनशील इलाकों में तटबंधों की स्थिति की भी नियमित जांच की जा रही है। कुछ क्षेत्रों में हालात और बिगड़ने की आशंका को देखते हुए प्रशासन को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों की ओर से निचले इलाकों और जलभराव वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी की जा रही है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर लोगों को समय रहते सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा सके।

# दवा घोटाले में भी घोटाले का आरोप, आप ने दिल्ली सरकार को घेरा



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दिल्ली में कथित 650 करोड़ रुपये के दवा घोटाले को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली सरकार पर एक बार फिर गंभीर आरोप लगाए हैं। आप के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने दावा किया कि दवाइयों की खरीद में कथित अनियमितताओं के अलावा उनके वितरण में भी बड़ा घोटाला हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी रिकॉर्ड में जिन दवाइयों की आपूर्ति अस्पतालों को दिखाई गई, उनमें से बड़ी मात्रा में दवाएं अस्पतालों में वास्तविक रूप से उपलब्ध नहीं हैं। सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि करीब 100 करोड़ रुपये की दवाइयों को कथित तौर पर 400 करोड़ रुपये में खरीदा गया, जिससे लगभग 300 करोड़ रुपये की कथित कमीशनखोरी का मामला सामने आता है। उन्होंने कहा कि अब इस मामले में दवाइयों की वास्तविक आपूर्ति को लेकर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। आप नेता ने कहा कि दिल्ली सरकार के सरदार वल्लभ भाई पटेल अस्पताल से संबंधित जानकारी सामने आने के बाद दवाइयों की खरीद और वितरण व्यवस्था पर सवाल और गहरे हुए हैं। उनका दावा है कि अस्पताल की फाइलों में लाखों रुपये की दवाइयां मंगाए जाने और उनकी आपूर्ति दर्ज है, लेकिन वास्तविक जांच में संबंधित दवाएं अस्पताल में उपलब्ध नहीं मिलीं। भारद्वाज ने इसे भ्रष्टाचार का गंभीर मामला बताते हुए कहा कि यदि सरकारी दस्तावेजों में दवाइयों की आपूर्ति दर्ज है और अस्पताल में वे उपलब्ध नहीं हैं, तो इसकी जांच जरूरी है। उन्होंने सरकार से यह स्पष्ट करने की मांग की कि सरकारी धन से खरीदी गई दवाइयां आखिर कहां गईं। सौरभ भारद्वाज ने सरकारी अस्पतालों के लिए खरीदी जाने वाली दवाइयों पर छपी अधिकतम खुदरा कीमत (एमआरपी) को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पिछली आम आदमी पार्टी सरकार के दौरान अस्पतालों के लिए केंद्रीय खरीद एजेंसी के माध्यम से ऐसी दवाइयां खरीदी जाती थीं, जिन पर एमआरपी दर्ज नहीं होती थी। उन्होंने दावा किया कि ऐसी दवाइयों पर स्पष्ट रूप से 'दिल्ली सरकार की सप्लाई, बिक्री के लिए नहीं' लिखा होता था। उनके अनुसार, इस व्यवस्था का उद्देश्य सरकारी दवाइयों को खुले बाजार में बेचने की संभावना को रोकना था। आप नेता ने आरोप लगाया कि मौजूदा व्यवस्था में एमआरपी वाली दवाइयों की खरीद की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि इससे सरकारी अस्पतालों के लिए खरीदी गई दवाइयों के निजी बाजार में पहुंचने की आशंका बढ़ जाती है। भारद्वाज ने दावा किया कि उपलब्ध जानकारी के अनुसार करीब 70 से 80 प्रतिशत दवाइयां अस्पतालों तक पहुंचने के बजाय कथित तौर पर खुले बाजार में बेच दी गईं, जबकि केवल 20 से 30 प्रतिशत दवाइयां ही अस्पतालों तक पहुंचीं। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि सरकारी दवाइयों की खरीद, आपूर्ति और वितरण में वास्तविक स्थिति क्या है।

# नेपाल सरकार की कार्यशैली पर अपनी ही पार्टी ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली ।** नेपाल में इन दिनों हालात बेहद संवेदनशील बने हुए हैं। देश के लोगों में जेन-जी आंदोलन के बाद चुनी गई बालेंद्र उर्फ बालेन शाह की सरकार के खिलाफ काफी नाराजगी देखने को मिल रही है। लोग सड़कों पर सरकार के विरोध में अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। तनावपूर्ण हालात और जन आक्रोश के बीच नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह की अपनी पार्टी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) में भी फूट पड़ती नजर आ रही है। दरअसल, प्रधानमंत्री शाह ने आधी रात को फेसबुक पर एक पोस्ट साझा किया, जिसमें उन्होंने लिखा, 'सही समय आने में समय लगता है। इसमें देरी हो सकती है, लेकिन यह गलत नहीं होगा। चिंता न करें। कभी-कभी जो देखा और सुना जाता है, असलियत उससे अलग हो सकती है। कभी-कभी अकेले ही लड़ना पड़ता है। यह पहली बार नहीं है।' पीएम का ये पोस्ट संसद में सत्ताधारी पार्टी के सांसदों द्वारा सरकार के काम करने के तरीके की कड़ी आलोचना के बाद आया है। आरएसपी के नेता मनीष झा ने नेपाली संसद में जोर देकर कहा कि बदलाव के लिए बड़े जनादेश वाली सरकार में कोई भी अकेला नहीं खड़ा होता है।

मनीष झा ने कहा, 'हम सब आपके साथ हैं। जैसा कि संसद में कहा गया था, इरादे या मकसद पर कोई शक नहीं है, लेकिन कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जिनमें सुधार होना चाहिए। इस महान ऐतिहासिक मौके को बर्बाद न होने देने के लिए सतर्क रहने और सरकार को अलर्ट रखने की हमारी कोशिश जारी रहेगी।' उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार को लोगों से जुड़े रहना चाहिए। उन्होंने दोहराया: 'मैं सरकार के साथ हूं। यहां कोई अकेला नहीं है। '

# संक्षिप्त खबरें

## खेत में लगी झटका मशीन से 4 वर्षीय बच्ची की मौत



**सुल्तानपुर।** लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के घरवासपुर गांव में खेत में लगी झटका मशीन की तार की चपेट में आने से एक चार वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। यह घटना शनिवार दोपहर को हुई, जिससे गांव में शोक का माहौल है। पीड़ित परिवार के अनुसार, घरवासपुर निवासी किसान मुरारी पांडेय के खेत में कुछ दूरी पर एक झटका मशीन लगी हुई थी। शनिवार को दोपहर लगभग 11:30 बजे, इमरान की चार वर्षीय बेटी साजिया घर के पास खेलते-खेलते खेत की तरफ पहुंच गई। खेलते हुए साजिया अचानक झटका मशीन की तार की चपेट में आ गई। करंट लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन तुरंत साजिया को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लम्भुआ ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी धीरज कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। साजिया की मां रुबीना का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि साजिया तीन बहनों में दूसरी थी। परिवार ने पहले भी अपनी एक बेटी खो दी थी, और अब उनकी केवल डेढ़ साल की एक छोटी बेटी बची है। साजिया के पिता इमरान मुंबई में एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। पुलिस ने बताया कि मामले में पंचनामा किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## शारदा नहर में मिला तीन दिन से लापता युवक का शव, मचा हड़कंप



**मियागंज (उन्नाव)।** आसीवन थाना क्षेत्र में शनिवार को शारदा नहर की आसीवन ब्रांच में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मियागंज-सफीपुर मार्ग स्थित नहर पुल के पास पानी में शव तैरता देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर उसकी शिनाख्त कराई। मृतक की पहचान बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के रानीपुर ग्रांट निवासी 35 वर्षीय शैलेंद्र पुत्र बाबूराम के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार शव करीब तीन दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। मृतक के बड़े भाई सुनील कुमार ने बताया कि शैलेंद्र तीन दिन पहले घर से लापता हो गया था। शुक्रवार को बेहटा मुजावर थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। परिजनों को जानकारी मिली थी कि गोता कुसुम्भ पुल के पास नहर किनारे शैलेंद्र के कपड़े और चप्पल पड़े मिले हैं। इसके बाद से परिवार के लोग लगातार उसकी तलाश कर रहे थे। शनिवार को नहर में शव मिलने की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान की। परिजनों के मुताबिक शैलेंद्र खेती-किसानी करता था। उसके माता-पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। परिवार में तीन भाई सुनील, शानू और सतेंद्र तथा दो बहनें सुनीता और दीपिका हैं। दोनों बहनों की शादी हो चुकी है। थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल परिजनों की ओर से किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# निगोहां प्रेस क्लब में धूमधाम से मना अमरपाल सिंह का जन्मदिन

### ......सैकड़ों समर्थकों ने पुष्पगुच्छ व फूल-मालाएं पहनाकर दी बधाई, आतिशबाजी कर जताया उत्साह ।



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**निगोहां, लखनऊ।** केकेसी छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष एवं कैंट विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रहे अमरपाल सिंह का जन्मदिन शनिवार को निगोहां प्रेस क्लब कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही समर्थकों, शुभचिंतकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। सैकड़ों लोगों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर और फूल-मालाएं पहनाकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। समारोह में केक काटे जाने के दौरान समर्थकों ने तालियां बजाकर खुशी जताई। इसके बाद आतिशबाजी कर जन्मदिन का जश्न मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की। अमरपाल सिंह के साथ फोटो खिंचवाने को लेकर भी समर्थकों में उत्साह नजर आया। इस दौरान लोगों ने अमरपाल सिंह के छात्र राजनीति से लेकर सक्रिय राजनीतिक जीवन तक के सफर पर चर्चा की। समर्थकों ने उनके संघर्ष और सामाजिक सक्रियता की सराहना करते हुए दीर्घायु एवं सफल राजनीतिक जीवन की कामना की। कार्यक्रम में मोहनलालगंज भाजपा मंडल अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह, योगेंद्र तिवारी, नागेश्वर द्विवेदी, निगोहां प्रेस क्लब के संरक्षक मुकेश द्विवेदी, अध्यक्ष विमल सिंह, महामंत्री प्रदीप द्विवेदी समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता और पत्रकार मौजूद रहे।

### लोगों का स्नेह ही सबसे बड़ी ताकत : अमरपाल

जन्मदिन पर मिली शुभकामनाओं के लिए अमरपाल सिंह ने सभी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों, समर्थकों और शुभचिंतकों ने जिस तरह स्नेह और आशीर्वाद दिया है, वह उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण है। लोगों का प्यार और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि वह समाज और क्षेत्र के हित में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे।

## जिम्नास्टिक में सीतापुर और शतरंज में लखनऊ की टीम ने मारी बाजी

**उन्नाव।** पूरननगर स्थित एसवीएम कॉलेज में बेसिक बाल मंडलीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत जिम्नास्टिक एवं शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सीतापुर, रायबरेली और लखनऊ जनपद की टीमों ने प्रतिभाग किया। जिम्नास्टिक में सीतापुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि शतरंज की बालिका वर्ग प्रतियोगिता में लखनऊ की टीम विजेता रही। प्रतियोगिता का शुभारंभ शिक्षक नेता वेणु रंजन भदौरिया, आदर्श इंटर कॉलेज फर्रुखाबाद के प्रधानाचार्य मोहनलाल शुक्ला तथा प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संदीप चतुर्वेदी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिम्नास्टिक के बालक एवं बालिका वर्ग में सीतापुर की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं शतरंज के बालिका वर्ग में लखनऊ की टीम प्रथम और रायबरेली की टीम द्वितीय स्थान पर रही। बालक वर्ग में रायबरेली की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता खिलाड़ियों एवं टीमों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर रामवीर सिंह, व्यायाम शिक्षिका अनुदीप श्रीवास्तव सहित शिक्षक एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री योगी आज बांसी में, विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित बांसी दौरे को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए पूर्व मंत्री एवं बांसी विधायक राजा जय प्रताप सिंह, पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह और जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने रतनसेन इंटर कॉलेज स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंच, बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, हेलीपैड और कार्यक्रम स्थल तक आने-जाने वाले मार्ग का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय से पूरा करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि मुख्यमंत्री का दौरा महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम को लेकर प्रशासन की ओर से आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया जाएगा। इसके साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को सहायता राशि एवं सामग्री का वितरण भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर पुलिस और प्रशासनिक अमला पूरी तरह मुस्तैद है। अधिकारियों ने कार्यक्रम को सकुशल, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है।

# डिप्टी सीएमओ ने सीएचसी के लेबर रूम का किया निरीक्षण



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** जनपद के सलेमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का शनिवार को डिप्टी सीएमओ डॉ. कार्तिक पांडेय ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी निर्धारित समय से देरी से पहुंचे। अस्पताल पहुंचते ही कर्मचारियों में हलचल मच गई। डिप्टी सीएमओ ने लेबर रूम, वार्ड, औषधि कक्ष, एनबीएसयू और पीएनसी वार्ड का निरीक्षण किया। साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक मिली। डिप्टी सीएमओ और डीएमएचसी ने लेबर रूम के स्टाफ को पार्टोग्राफ के उपयोग की ट्रेनिंग दी। इस दौरान बीपीएमयू और लेबर रूम की स्टाफ नर्स के साथ जननी सुरक्षा योजना के तहत होने वाले प्रसव की समीक्षा की गई। लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के लिए टीम भावना के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। साथ ही मंत्र पोर्टल पर सभी लाभार्थियों का आधार सत्यापन कराने और बच्चों का पूर्ण टीकाकरण कराकर उसका विवरण पोर्टल पर अपडेट करने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान शनिवार को पांच प्रसव होने की जानकारी मिली। सभी जच्चा-बच्चा सुरक्षित पाए गए। डिप्टी सीएमओ ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी कर्मचारियों को समय से उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

## अवैध कच्ची शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

**उन्नाव।** अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग ने विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत जिले में छापेमारी अभियान चलाया। अलग-अलग स्थानों पर हुई कार्रवाई में टीम ने 81 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की, जबकि करीब 400 किलो महुआ लहन मौके पर नष्ट कराया गया। कार्रवाई के दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमे दर्ज किए गए। जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र के नेतृत्व में सात अगस्त को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-5 बीघापुर प्रतिभा सिंह ने हमराह टीम के साथ पुरवा थाना क्षेत्र के ग्राम भाटमऊ में दबिश दी। यहां टीम ने 45 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। मौके पर शराब बनाने के लिए तैयार करीब 400 किलो महुआ लहन नष्ट कराया गया। मामले में आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं में दो अभियोग पंजीकृत किए गए। इसके अलावा आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-4 पुरवा निशांत सिंह ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से थाना पुरवा के ग्राम बेगमगंज तथा थाना मौरावां क्षेत्र के बसहा, कुट्टीखेड़ा बाजार और हिलौली बाजार में छापेमारी की। इस दौरान टीम ने 36 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के खिलाफ थाना मौरावां में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

# हत्या में प्रयुक्त पिस्टल, कारतूस बरामद

### पुलिस रिमांड पर लिए गए आरोपी की निशानदेही पर हुई कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सुल्तानपुर।** पुलिस ने हत्या के एक मामले में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक चारू निगम के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत कुड़वार थाना पुलिस ने यह कार्रवाई की। कुड़वार थाने में दर्ज केस से संबंधित अभियुक्त केशरी उपाध्याय उर्फ मामा (पुत्र विद्याधर उपाध्याय, निवासी करीमुद्दीनपुर, नवाबगंज, प्रयागराज, उम्र लगभग 39 वर्ष) को माननीय न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर जिला कारागार सुलतानपुर से पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया गया था। पुलिस रिमांड के दौरान, 8 अगस्त 2026 को अभियुक्त केशरी उपाध्याय की निशानदेही पर कुड़वार पुलिस टीम ने ग्राम बांसी स्थित बरम बाबा मंदिर के पास एक आम के बाग में तलाशी ली। अभियुक्त ने एक पेड़ के नीचे मिट्टी में छिपाई गई काले रंग की पॉलिथीन खोदकर निकाली। इसमें हत्या में प्रयुक्त एक 0.9 स्क्रू पिस्टल और एक जिंदा 0.9 स्क्रू कारतूस बरामद हुआ। बरामदगी के बाद, अभियुक्त के खिलाफ धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा नियमानुसार आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

यह मामला 25 मार्च 2026 का है, जब शाम करीब 7:10 बजे कुड़वार कस्बे में गैस एजेंसी के सामने माता प्रसाद पाण्डेय (पुत्र वशिष्ट पाण्डेय, निवासी पूरे बेनी माधव, कुड़वार) की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में कुड़वार थाने में रमेश मौर्या, अनुराग मौर्या, सुरेंद्र शर्मा और अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान केशरी उपाध्याय उर्फ मामा का नाम सामने आया था, जिसने बाद में माननीय न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया था। न्यायालय से पुलिस कस्टडी रिमांड मिलने के बाद, 8 अगस्त 2026 को उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल की गई पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

# जनपदीय माध्यमिक विद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उन्नाव।** जनपदीय माध्यमिक विद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन सात अगस्त से किया गया। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में करीब 65 प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। **अंडर-19** बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में प्रख्यात सिन्हा ने रुद्र प्रताप सिंह को सीधे सेटों में हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं बालिका वर्ग में शिफा ने चांदनी को शिकस्त दी। अंडर-17 बालक वर्ग में शिवम सिंह ने उदय प्रताप सिंह को तथा बालिका वर्ग में श्रेया शुक्ला ने शालिनी को पराजित किया।

**अंडर-14** बालक वर्ग में अब्दुल शाद ने अनुराग सिंह को हराया, जबकि बालिका वर्ग में तृप्ति शुक्ला ने काव्या शुक्ला को मात देकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों ने मंडलीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का किया। मंडलीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 12 अगस्त को किया जाएगा। इसमें उन्नाव के अलावा लखनऊ, रायबरेली, हरदोई, सीतापुर और लखीमपुर खीरी जनपदों की टीमें प्रतिभाग करेंगी। प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि अटल बिहारी इंटर कॉलेज उन्नाव के प्रधानाचार्य अजब सिंह यादव और जिला क्रीड़ा अधिकारी मुकेश कुमार सबरवाल ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता संयोजक नेहरू इंटर कॉलेज पहाड़पुर सुबस, उन्नाव के प्रधानाचार्य निखिल कुमार त्रिवेदी ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में जिला क्रीड़ा सचिव नवीन सिन्हा के साथ वीरेंद्र सिंह, गौरव कुमार, कुलदीप कुमार, सुधाकर सैनी, विवेक सिंह, सोनू सिंह, मयंक कुमार, विक्रम सिंह, अभिषेक, अब्दुल सत्तार और अमृता दिवाकर सहित अन्य लोगों का विशेष सहयोग रहा।

## कछियानी खेड़ा हनुमान मंदिर में सांसद अरुण सागर ने कराया भंडारा

**तिलहर शाहजहांपुर।** कछियानी खेड़ा स्थित हनुमान मंदिर परिसर में सांसद अरुण सागर की ओर से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे से पहले मंदिर परिसर में सुंदरकांड का पाठ हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने भगवान राम की पूजा-अर्चना कर किया। सुंदरकांड पाठ के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। पाठ पूर्ण होने के बाद भंडारा शुरू हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं के साथ ही जनप्रतिनिधियों और विभिन्न वर्गों के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सांसद अरुण सागर ने आयोजन में पहुंचे लोगों का स्वागत किया और धार्मिक आयोजन में सहभागिता के लिए आभार जताया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने से मंदिर परिसर में पूरे दिन चहल-पहल बनी रही। इस दौरान एमएलसी सुधीर गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष मिश्रा, डीपीएस राठौर, विधायक अरविंद सिंह सहित जनपद के कई जनप्रतिनिधि, राजनीतिक कार्यकर्ता, पुलिस अधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने अमृत सरोवरों का किया निरीक्षण

### स्वच्छता और सौंदर्यीकरण पर दिए जनपयोगी निर्देश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर।** में जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने विकास खंड लम्भुआ की विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्थित अमृत सरोवरों का स्थलीय निरीक्षण किया। यह निरीक्षण विधान परिषद की 'प्रश्न एवं संदर्भ समिति' की पूर्व बैठक में सभापति द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में किया गया, जिसका उद्देश्य मनरेगा के तहत तालाबों की खुदाई और गहरीकरण की जांच करना था। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अमृत सरोवरों में कार्यों की गुणवत्ता, साफ-सफाई व्यवस्था, जल स्तर, पौधरोपण, घाटों की स्थिति और सौंदर्यीकरण का जायजा लिया।

उन्होंने जमखुरी, दुबौली के कमल सरोवर, मामपुर में निर्मित तालाब, सखौलीकलां में नवनिर्मित तालाब और परसीपुर के अमृत सरोवर का दौरा किया। जमखुरी के अमृत सरोवर के निरीक्षण के दौरान, जिलाधिकारी ने साफ-सफाई, जल स्तर, घाटों की स्थिति और सौंदर्यीकरण कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को अमृत सरोवरों के रखरखाव और सुधार कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि उनकी उपयोगिता और सुंदरता बनी रहे।

जिलाधिकारी ने बीडीओ लम्भुआ नीलिमा गुप्ता को जमखुरी के अमृत सरोवर में स्थायी रूप से जल उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उन्होंने सरोवर में की गई साफ-सफाई और अन्य कार्यों की सराहना भी की। इसके बाद, जिलाधिकारी ने लम्भुआ विकास खंड के दुबौली स्थित कमल सरोवर का निरीक्षण किया। उन्होंने सरोवर की साफ-सफाई और जल की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कमल सरोवर का संचालन कर रहे स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से भी बातचीत की। महिलाओं ने सरोवर की सुरक्षा के लिए सुरक्षाकर्मी उपलब्ध कराने और चारदीवारी (बाउंड्रीवॉल) के निर्माण की मांग की। इस पर जिलाधिकारी ने बीडीओ लम्भुआ को निर्देश दिया कि वे कार्ययोजना में चारदीवारी के निर्माण का प्रस्ताव शामिल करें। उन्होंने समूह की महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने के भी निर्देश दिए।

# बूंदी कारखाने में गंदगी का अंबार, टीन शेड में उत्पादन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना बिधनू क्षेत्र स्थित मगरासा गांव में शम्भू ट्रेडर्स नाम से संचालित बूंदी कारखाने में खाद्य सुरक्षा मानक की खुलेआम अनदेखी का मामला सामने आया है, टीन शेड के नीचे चल रहे इस कारखाने में गंदगी और अस्वच्छता के बीच बेसन की बूंदी तैयार की जा रही है,,इस मामले में खाद्य निरीक्षक ने जांच के आदेश दिए, कारखाने के चारों ओर गंदे पानी का जमाव और कचरे का ढ़ेर लगा हुआ है, इसी दूषित वातावरण में बूंदी का निर्माण हो रहा है। और तैयार बूंदी को बिना ढके खुलें में रखा जा रहा है, इससे खाद्य सामग्री के दूषित होने का ख़तरा बढ़ गया है, कारखाने में सफाई व्यवस्था का अभाव है, जिसके कारण तैयार बूंदी पर लगातार मक्खियां मंडरा रहीं हैं, स्थानीय निवासियों ने यह भी आरोप लगाया है कि बूंदी बनाने में खराब गुणवत्ता वाले रिफाइंड तेल का इस्तेमाल किया जा रहा है, हालांकि इसकी पुष्टि खाद्य विभाग की जांच और लैब रिपोर्ट के बाद ही हो पाएंगी, कारखाना संचालक, छोटे ने स्वीकार किया कि उनके पास खाद्य विभाग का लाइसेंस हैं, मामले को गंभीरता से देखते हुए खाद्य निरीक्षक धमेंद्र प्रताप सिंह ने तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया, उन्होंने कहा कि मौके पर जाकर कारखाने के लाइसेंस, साफ सफाई की स्थिति और इस्तेमाल हो रही सामग्री की गुणवत्ता की गहन जांच करेंगे, यदि मानक में कोई कमी पाई जाती है, तों संचालक के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएंगी।

# अवैध कच्ची शराब के खिलाफ आबकारी विभाग का अभियान, 81 लीटर शराब बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**उन्नाव।** अवैध शराब की बिक्री और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी विभाग की टीम ने बीघापुर, पुरवा और मौरावां क्षेत्र में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान 81 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। वहीं करीब 400 किलो लहन महुआ मौके पर नष्ट कराया गया। तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र के निर्देशन में आबकारी निरीक्षक प्रतिभा सिंह ने टीम के साथ बीघापुर तहसील क्षेत्र के पुरवा थाना अंतर्गत भाटमऊ गांव में दबिश दी। टीम ने मौके से 45 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। इसके साथ ही करीब 400 किलो लहन महुआ नष्ट कराया गया। मामले में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में दो अभियोग पंजीकृत किए गए।

इसी क्रम में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-4 पुरवा निशांत सिंह ने टीम और स्थानीय पुलिस के साथ पुरवा थाना क्षेत्र के बेगमगंज तथा मौरावां थाना क्षेत्र के बसहा, कुट्टीखेड़ा बाजार और हिलौली बाजार में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान कुल 36 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। टीम ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर मौरावां थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया। गिरफ्तार आरोपितों में मौरावां थाना क्षेत्र के गौरी गांव निवासी शिवकली पत्नी स्वर्गीय दढ़ई, जनवारनखेड़ा निवासी श्रीपाल पुत्र स्वर्गीय बुद्धिलाल और दरेहटा निवासी निर्मल कुमार पुत्र रामऔतार शामिल हैं। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। विभाग की टीमों को अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

## सजेती पुलिस द्वारा चार जुआरियों को जुआं खेलते हुए दबोचा

**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना सजेती पुलिस ने जुआं खेलते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है,,यह कारवाई बदलेसिमनापुर गांव जाने वाले मार्ग पर दोहरा बाबा समाधि के पास की गई। पुलिस ने आरोपियों के पास से जुआं खेलने का सामान भी बरामद किया है, पुलिस आयुक्त कानपुर नगर, और अपर पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था के निर्देश पर अपराध रोकथाम अभियान चलाया जा रहा है, इसी के तहत सजेती थाना क्षेत्र के बदलेसिमनापुर गांव जाने वाले मार्ग पर दोहरा बाबा समाधि से 150 मीटर आगे नीम के पेड़ के नीचे कुछ लोगों के जुआं खेलने की सूचना मिली, सूचना मिलते ही सजेती पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर दबिश दी। पुलिस टीम ने मौके से जुआं खेलते हुए चार जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ लिया।

# 26 किलो गांजे के साथ पिता-पुत्र गिरफ्तार, जेल भेजे



**तिलहर, शाहजहांपुर।** बरेली फील्ड से मिली सूचना के बाद सक्रिय हुई तिलहर पुलिस ने गांजा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से 26 किलो गांजा, 970 रुपये नकद और एक प्रीपेड मोबाइल बरामद हुआ है। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने गांजा थोक में खरीदकर फुटकर में बेचने की बात स्वीकार की। दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। सीओ विदुष सक्सेना ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि बलिया जिले के नगरा थाना क्षेत्र के तियरा हैदरपुर गांव निवासी जगजीत सिंह अपने पुत्र आयुष के साथ गांजे की तस्करी कर रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने शुक्रवार रात करीब 9:30 बजे सरयू पुलिया के पास घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान जगजीत सिंह के कब्जे से 18 पैकेट में 16 किलो गांजा बरामद हुआ, जबकि उसके पुत्र आयुष के पास से पांच पैकेट में 10 किलो गांजा मिला। इसके अलावा दोनों के पास से 970 रुपये नकद और एक प्रीपेड मोबाइल फोन भी बरामद किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे गांजा थोक में खरीदते हैं और बाद में उसे फुटकर में बेचकर मुनाफा कमाते हैं। पुलिस ने बरामद गांजे को कब्जे में लेकर दोनों आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई की। शनिवार को पुलिस ने पिता-पुत्र को न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

# जनता की समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : केशव प्रसाद मौर्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को सर्किट हाउस, प्रयागराज में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जिले एवं क्षेत्र से जुड़े विभिन्न स्थानीय विषयों पर चर्चा की। उन्होंने विकास कार्यों, जनहित से जुड़े मुद्दों और क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के सुझावों और जनअपेक्षाओं के अनुरूप प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक के बाद उप मुख्यमंत्री ने 'जनता दर्शन' के माध्यम से प्रयागराज एवं आसपास के क्षेत्रों से आए नागरिकों से सीधे संवाद किया। उन्होंने फरियादियों की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित अधिकारियों को उनके समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। 'जनता दर्शन' में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी व्यक्तिगत और क्षेत्रीय समस्याएं उप मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। श्री मौर्य ने प्रत्येक फरियादी की बात ध्यानपूर्वक सुनते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को अपनी समस्या के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। अधिकारियों को शिकायतों का नियमानुसार परीक्षण कर संवेदनशीलता, तत्परता और जवाबदेही के साथ उनका समाधान सुनिश्चित करना चाहिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन की योजनाओं और सुविधाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप अधिकारी संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। श्री मौर्य ने कहा कि 'जनता दर्शन' सरकार और जनता के बीच सीधे संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके जरिए आम नागरिकों की समस्याओं को सीधे सुना जाता है और उनकी वास्तविक स्थिति को समझकर संबंधित अधिकारियों के माध्यम से प्रभावी समाधान कराया जाता है। उप मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से भी अपने-अपने क्षेत्रों में जनता के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्थानीय समस्याओं को प्रशासन के समक्ष प्रभावी ढंग से रखने और उनके समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाए। विकास कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्धता और पारदर्शिता पर विशेष ध्यान देने के साथ जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

# कम्पीटेंसी मैपिंग फॉर पर्सनैलिटी प्रोफाइलिंग पर तकनीकी व्याख्यान आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में आज के प्रतिस्पर्धात्मक एवं गतिशील कार्य परिवेश में किसी भी संगठन की सफलता उसके मानव संसाधनों की दक्षता, क्षमता एवं व्यक्तित्व विकास पर निर्भर करती है। कम्पीटेंसी मैपिंग एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है जिसके माध्यम से किसी व्यक्ति के ज्ञान , कौशल , व्यवहार तथा कार्यकुशलता का मूल्यांकन कर उसे उपयुक्त दायित्वों एवं नेतृत्व भूमिकाओं के लिए विकसित किया जाता है। वहीं पर्सनैलिटी प्रोफाइलिंग व्यक्तित्व की विशेषताओं, व्यवहार शैली, संप्रेषण क्षमता एवं नेतृत्व गुणों का विश्लेषण कर व्यक्तिगत एवं संस्थागत विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस विषय का महत्व उद्योग, शिक्षा, प्रशासन एवं प्रबंधन के सभी क्षेत्रों में निरंतर बढ़ रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता इं. वी.पी. सिंह, चेयरमैन, द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र, लखनऊ द्वारा की गई। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक दक्षता, नेतृत्व क्षमता एवं प्रभावी व्यक्तित्व का विकास प्रत्येक अभियंता के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कम्पीटेंसी मैपिंग एवं पर्सनैलिटी प्रोफाइलिंग के माध्यम से अभियंताओं एवं पेशेवरों की कार्यक्षमता, नेतृत्व क्षमता तथा संगठनात्मक विकास को नई दिशा मिल सकती है। उन्होंने मुख्य वक्ता के व्याख्यान की सराहना करते हुए कहा कि संस्था भविष्य में भी ऐसे समसामयिक एवं ज्ञानवर्धक तकनीकी कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर करती रहेगी। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में इं. एम.एम. खान, निदेशक, ProLead Consultancy & Training Group, पूर्व मुख्य अभियंता, Renusagar Power Division, Hindalco (Aditya Birla Group) एवं पूर्व ग्रुप जनरल मैनेजर, NASH Engineering Group, Dubai (UAE) ने अपने व्याख्यान में Competency Mapping की अवधारणा, उसके विभिन्न आयामों, संगठनात्मक विकास में उसकी भूमिका तथा Personality Profiling के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किसी भी संगठन की दीर्घकालिक सफलता उसके कर्मचारियों की तकनीकी दक्षता के साथ-साथ उनके व्यवहार, नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता एवं टीम भावना पर निर्भर करती है। उन्होंने विभिन्न उद्योगों के व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से यह भी समझाया कि उचित Competency Mapping एवं Personality Profiling से कर्मचारियों की कार्यक्षमता, संगठनात्मक संस्कृति तथा नेतृत्व विकास को प्रभावी बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के संयोजक इं. राजेश श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि ऐसे व्याख्यान अभियंताओं, प्रबंधकों, शिक्षाविदों एवं विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं तथा उन्हें आधुनिक औद्योगिक एवं प्रबंधकीय आवश्यकताओं से परिचित कराते हैं।

# नाविकों के सम्मान और कल्याण को समर्पित रही 'नाविक मान सम्मान संगोष्ठी'

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में समुद्री क्षेत्र में देश की अर्थव्यवस्था और वैश्विक व्यापार को गति देने वाले नाविकों के योगदान, परिश्रम और समर्पण को सम्मान देने के उद्देश्य से वीआर मैरिटाइम सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 'नाविक मान सम्मान संगोष्ठी' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नाविकों, समुद्री उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों, वरिष्ठ अधिकारियों और समुद्री समुदाय के सदस्यों ने सहभागिता की। कार्यक्रम होटल सैवी ग्रैंड, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ में आयोजित किया गया। संगोष्ठी का उद्देश्य समुद्र के अनदेखे नायकों के योगदान को सम्मानित करने के साथ-साथ नाविकों के कल्याण, सुरक्षा, रोजगार के अवसरों और उज्ज्वल भविष्य को लेकर सार्थक संवाद स्थापित करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य प्रेरणास्रोत कैप्टन संजय पराशर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा सोनिका पराशर, निदेशक रहे। उनकी पहल पर आयोजित इस कार्यक्रम में नाविकों के समर्पण और देश के विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित किया गया। संगोष्ठी में समुद्री क्षेत्र में रोजगार और करियर की संभावनाओं, नाविकों के कल्याण, कार्यस्थल पर सुरक्षा तथा उनके भविष्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि समुद्र की कठिन परिस्थितियों में कार्य करते हुए देश और दुनिया के व्यापार को निरंतर गति देने वाले नाविक वास्तव में राष्ट्र की आर्थिक प्रगति के महत्वपूर्ण आधार हैं। उनके योगदान को सम्मान और उचित सुविधाएं मिलना आवश्यक है। कार्यक्रम में कैप्टन संजय प्रशार, किशोर पति, भर्ती विभागाध्यक्ष तथा नेहा कुमारी, लखनऊ शाखा प्रभारी सहित समुद्री क्षेत्र से जुड़े अनेक प्रतिनिधि एवं प्रतिभागी मौजूद रहे। संगोष्ठी के माध्यम से 'नाविक का सम्मान, समृद्ध भारत का अभियान' का संदेश दिया गया। आयोजकों ने नाविक समुदाय के सम्मान, कल्याण, सुरक्षा और उज्ज्वल भविष्य के लिए सामूहिक प्रयासों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संदेश स्पष्ट रहा—समुद्र की चुनौतियों के बीच देश की सेवा करने वाले नाविकों का सम्मान, उनके प्रति कृतज्ञता और उनके कल्याण के लिए निरंतर प्रयास आवश्यक हैं।

# अस्पताल में युवक की मौत डीएम सख्त दो सदस्यीय कमेटी करेगी जांच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर।** जनपद सीतापुर में निजी अस्पताल में ऑपरेशन के करीब 11 दिन बाद 35 वर्षीय युवक की मौत के मामले में जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने सख्त रुख अपनाया है। डीएम ने मामले की जांच के लिए दो सदस्यीय कमेटी गठित की है। कमेटी को 24 घंटे के भीतर जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। जांच टीम परिजनों की ओर से लगाए गए इलाज में लापरवाही और अधिक रुपये वसूलने के आरोपों की भी पड़ताल करेगी। जांच कमेटी में एसडीएम सदर न्यायिक सीमा सिंह और जिला अस्पताल के वरिष्ठ सर्जन डॉ. अनूप कुमार को शामिल किया गया है। टीम अस्पताल में युवक के इलाज, ऑपरेशन, दवाओं और उपचार के दौरान अपनाई गई प्रक्रिया से जुड़े तथ्यों की जांच करेगी। रामकोट कस्बा निवासी 35 वर्षीय शैलेश कुमार को यूरिन न होने की समस्या थी। परिजनों ने उन्हें 27 जुलाई को शहर के बस स्टॉप स्थित सेवांता अस्पताल में भर्ती कराया था। परिवार के मुताबिक, जांच के बाद डॉक्टरों ने शैलेश का ऑपरेशन किया। इसके बाद करीब 11 दिनों तक अस्पताल में उनका इलाज चलता रहा। परिजनों का आरोप है कि लगातार इलाज के बावजूद शैलेश की हालत में सुधार नहीं हुआ। इस दौरान उनकी तबीयत बिगड़ती चली गई। परिवार का कहना है कि अस्पताल में इलाज पर लगातार खर्च होने के बावजूद उनकी हालत गंभीर होती गई। हालत बिगड़ी तो लखनऊ किया रेफर, रास्ते में मौत शुक्रवार रात शैलेश की हालत अचानक ज्यादा गंभीर हो गई। इसके बाद अस्पताल के डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ के हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। परिजन आनन-फानन में उन्हें लेकर लखनऊ रवाना हुए, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिजन शव लेकर वापस सेवांता अस्पताल पहुंच गए। उन्होंने अस्पताल के गेट पर शव रखकर हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मृतक की मां राजकुमारी ने आरोप लगाया कि अस्पताल में उनके बेटे के इलाज में लापरवाही बरती गई। उन्होंने इलाज के नाम पर अधिक रुपये वसूलने का आरोप भी लगाया। परिजनों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों को समझाकर शांत कराया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया डीएम ने 24 घंटे में मांगी जांच रिपोर्ट मामला सामने आने के बाद जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने दो सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर दी। एसडीएम सदर न्यायिक सीमा सिंह और जिला अस्पताल के वरिष्ठ सर्जन डॉ. अनूप कुमार मामले की जांच करेंगे। जांच टीम परिजनों के आरोपों के साथ-साथ युवक के अस्पताल में भर्ती होने से लेकर ऑपरेशन, उपचार और लखनऊ रेफर किए जाने तक की पूरी प्रक्रिया की पड़ताल करेगी। डीएम ने कमेटी को 24 घंटे के भीतर जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं। वहीं, पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। जांच कमेटी की रिपोर्ट और पोस्टमार्टम में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी!!

## सदरपुर क्षेत्र में कृषि अधिकारी ने खाद-बीज दुकानों का किया निरीक्षण, शिकायतों पर कार्रवाई

**बिसवां।** सदरपुर क्षेत्र में सीतापुर के कृषि अधिकारी संजीव कुमार ने खाद-बीज की दुकानों का निरीक्षण किया। उन्होंने दुकानों पर उपलब्ध खाद-बीज एवं कृषि सामग्री की स्थिति का निष्पक्ष रूप से मुआयना किया और किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली।



निरीक्षण के दौरान कुछ किसानों ने दुकानदारों को लेकर अपनी शिकायतें भी अधिकारियों के सामने रखीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित मामलों में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कृषि अधिकारी ने दुकानदारों को किसानों को निर्धारित नियमों के अनुसार खाद-बीज उपलब्ध कराने तथा किसी प्रकार की अनियमितता न करने की हिदायत दी। इस दौरान नबी बाबू समेत सदरपुर क्षेत्र के खाद-बीज विक्रेता एवं विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। कृषि विभाग की कार्रवाई से क्षेत्र के खाद-बीज विक्रेताओं में भी हड़कंप की स्थिति रही।

# एल्पिस ग्लोबल स्कूल की अंडर-19 बालिका वॉलीबॉल टीम ने जीता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बिसवां/सीतापुर।** एल्पिस ग्लोबल स्कूल के लिए यह गौरव का क्षण है। विद्यालय की अंडर-19 बालिका वॉलीबॉल टीम ने सीबीएसई क्लस्टर वॉलीबॉल गर्ल्स टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता का आयोजन 27 से 30 जुलाई 2026 तक ग्रीन फील्ड एकेडमी, लखीमपुर खीरी में किया गया, जिसमें 32 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के दौरान एल्पिस ग्लोबल स्कूल की खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल, अनुशासन, आत्मविश्वास, दृढ़ संकल्प और शानदार टीमवर्क का परिचय दिया। टीम ने अपने अभियान की शुरुआत *सन इंटरनेशनल स्कूल, झांसी* को हराकर की। इसके बाद दूसरे दौर में द कैंब्रियन स्कूल, अयोध्या को पराजित किया। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में टीम ने मेजबान ग्रीन फील्ड एकेडमी, लखीमपुर को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल, जलालाबाद के विरुद्ध शानदार जीत दर्ज कर टीम ने फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की। फाइनल मुकाबला आर्मी पब्लिक स्कूल, लखनऊ (एस.पी. मार्ग) के विरुद्ध खेला गया। कड़े और रोमांचक मुकाबले में एल्पिस की टीम उपविजेता रही और रजत पदक हासिल किया। टीम में कप्तान रुश्दा फुरकान, अमरता, माही यादव, हिबा अंसारी, जैनब फारूक, भारती यादव और ऐमन फराह शामिल रहीं। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष और गर्व का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन ने सभी खिलाड़ियों को उनकी शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय ने कहा कि विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा को निखारने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास किए जाते रहेंगे। एल्पिस ग्लोबल स्कूल की इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों के प्रति समर्पण, अनुशासन और उत्कृष्टता के लिए प्रेरित किया है।

# हत्या के संदिग्ध मामले में कोतवाली पुलिस नहीं दर्ज कर रही एफआईआर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**महमूदाबाद-सीतापुर।** महमूदाबाद कोतवाली अंतर्गत नगर में हत्या का एक संदिग्ध मामला सामने आया है, जहां पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद दी गयी तहरीर पर दो दिन बीत जाने के बाद भी स्थानीय पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज नहीं की है। विवश होकर मृतक के भाई को न्याय के लिए मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल पर गुहार लगानी पड़ी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कस्बा व थाना महमूदाबाद के मोहल्ला शहजानी निवासी कपिल गुप्ता पुत्र सुरेश गुप्ता ने कोतवाली महमूदाबाद में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके भाई राजकुमार गुप्ता की साजिश के तहत हत्या कर दी गई है। घटना 22 जुलाई 2026 की शाम लगभग 7 बजे की है, जब परिजनों को राजकुमार की मृत्यु की सूचना मिली। घटना के दिन प्रार्थी व उसके परिजन जब सरकारी अस्पताल महमूदाबाद पहुँचे, तो उन्होंने देखा कि महमूदाबाद के मोहल्ला इंदौरा स्थित काशीराम कॉलोनी निवासी शिवा पुत्र अज्ञात और राजकुमारी उर्फ ज्ञाना पत्नी अज्ञात मोटरसाइकिल से राजकुमार का शव लेकर आए थे। राजकुमार को देखते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। जब कपिल गुप्ता ने अपने भाई राजकुमार गुप्ता की मौत के संदर्भ में शिवा और राजकुमारी से पूछताछ की, तो उन्होंने गोलमोल जवाब देते हुए कहा कि राजकुमार का गला कॉलोनी के एक कमरे के खिड़की में फंदे से बंधा था, जिसे वे खोलकर अस्पताल लेकर आए हैं। मृतक के भाई कपिल गुप्ता ने अपनी तहरीर में बताया कि राजकुमार गुप्ता एक सीधा-साधा मजदूर था जो पुताई का कार्य कर परिवार का पालन-पोषण करता था। मृतक की पत्नी का चाल-चलन ठीक नहीं था और उसके किसी रिश्तेदार अथवा अज्ञात व्यक्ति के साथ अवैध संबंध थे। इसी बात को लेकर कपिल की भाभी अपने ससुर का पैतृक घर छोड़कर इंदौरा स्थित काशीराम कॉलोनी में रहने लगी थी। राजकुमार इस अवैध संबंध का लगातार विरोध करता था, जिसके चलते दोनों में आए दिन झगड़ा होता था। राजकुमार की पत्नी अक्सर राजकुमार को जान से मारने की धमकी देती थी, जिसका जिक्र मृतक ने अपने भाई कपिल और पिता से कई बार किया था। विदित हो कि 22 जुलाई 2026 को शाम करीब 7 बजे राजकुमार की संदिग्?ध परिस्थितियों में मौत इंदौरा श्थित काशीराम कालोनी में हो गयी थी। बताते है कि मौत से ठीक पहले राजकुमार ने अपनी बहन को मोबाइल पर फोन करके पत्नी को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े जाने की बात बताई थी। और डॉक्टर के शव परीक्षण में मौत का कारण 'एन्टिमोर्टम हैंगिंग' और आंखें बंद होना दर्शाया गया है। तहरीर दिए जाने के बाद भी कोतवाली पुलिस द्वारा एफआईआर न दर्ज किए जाने पर जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई है। तहरीर के मुताबिक, जब राजकुमार काम से वापस लौटा तो उसने अपनी पत्नी को किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया। राजकुमार ने इसकी जानकारी तुरंत अपनी बहन को मोबाइल फोन के जरिए दी थी। आरोप है कि इसी रंजिश में मृतक की पत्नी ने अपने प्रेमी और अन्य अज्ञात साथियों के साथ मिलकर किसी वस्तु से राजकुमार का गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी और बाद में इसे आत्महत्या दिखाने के लिए अस्पताल भिजवा दिया।

## झाड़ियों में मिले युवक की 12 घंटे बाद हुई पहचान, सर्विस रोड किनारे मिला था शव

**सीतापुर।** जनपद सीतापुर के रामकोट थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-30 की सर्विस रोड किनारे झाड़ियों में मिले युवक के शव की करीब 12 घंटे बाद पहचान हो गई। मृतक की पहचान कैमहरा गांव निवासी 35 वर्षीय निखिलेश अवस्थी उर्फ छोटू पुत्र राम प्रवेश अवस्थी के रूप में हुई है। पिता ने कपड़ों और चेहरे के आधार पर शव की पहचान की। परिजनों ने युवक की मौत को सामान्य नहीं मानते हुए अनहोनी की आशंका जताई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार शाम करीब सात बजे एनएच-30 के किनारे सर्विस रोड पर झाड़ियों में युवक का शव पड़ा मिला था।

उसकी नाक से खून निकल रहा था। शव मिलने की सूचना पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची रामकोट पुलिस ने करीब एक घंटे तक घटनास्थल की जांच की। शुरुआत में युवक की पहचान नहीं हो सकी थी। उसने काले रंग की शर्ट और नीली जींस पहन रखी थी। सोशल मीडिया से पहचान कराने का प्रयास पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ के साथ शव की पहचान कराने के लिए सोशल मीडिया का भी सहारा लिया। स्थानीय मजदूरों ने पुलिस को बताया कि युवक शुक्रवार सुबह से आसपास के क्षेत्र में शराब के नशे में घूमता दिखाई दे रहा था।

# टायर फटने से दो ट्रैकों में लगी आग नेशनल हाईवे-30 पर हुआ हादसा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर।** जनपद सीतापुर के खैराबाद थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर करीब 2 बजे नेशनल हाईवे 30 के किनारे ले-बाई रोड पर अचानक टायर फटने से एक ट्रक की डीजल टंकी फट गई। इसके बाद दोनों ट्रकों में आग लग गई। आग की चपेट में आने से दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि हादसे के समय दोनों ट्रक खाली थे और घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। फायर सर्विस की मदद से आग पर काबू पा लिया गया, जिसके बाद हाईवे पर यातायात सुचारु रहा। घटना शनिवार को करीब दोपहर दो बजे थाना क्षेत्र के जमीयतपुर स्थित गप्पू मार्केट के पास मिडवे ढाबे के निकट हाईवे की ले-बाई रोड पर हुई। जानकारी के अनुसार हाईवे के किनारे ट्रक ले-बाई के बराबर में दो ट्रक खड़े थे। इसी दौरान वाहन संख्या क्र34ॅञ्ज 1171 के टायर में अचानक तेज धमाका हुआ। टायर फटने के बाद ट्रक की डीजल टंकी क्षतिग्रस्त होकर फट गई, जिससे देखते ही देखते आग भड़क उठी आग इतनी तेजी से फैली कि पास में खड़े दूसरे ट्रक संख्या UP34 AT 2607 को भी अपनी चपेट में ले लिया। दोनों ट्रकों में आग लगने से मौके पर अफरातफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस और फायर सर्विस को दी। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया सूचना मिलते ही फायर सर्विस की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझने के बाद दोनों ट्रकों को सुरक्षित बचाया गया। राहत की बात यह रही कि दोनों वाहन खाली थे और घटना के दौरान कोई व्यक्ति ट्रक में मौजूद नहीं था। इससे बड़ा हादसा टल गया। क्षतिग्रस्त ट्रक संख्या क्र34ॅञ्ज 1171 के स्वामी रामसेवक गुप्ता निवासी गुरु नानक नगर कॉलोनी, सीतापुर बताए गए हैं, जबकि दूसरे ट्रक क्र34ॅञ्ज 2607 के स्वामी अय्यूब खान निवासी भूसेला गोरिया, लहरपुर थाना लहरपुर बताए गए हैं। पुलिस ने दोनों वाहन स्वामियों को घटना की जानकारी दे दी है। पुलिस के मुताबिक आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है और हाईवे पर आवागमन सामान्य है!!

# जिम ट्रेनर की मौत, तीन युवकों पर केस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर।** जनपद सीतापुर में शुक्रवार सुबह सड़क हादसे में जिम ट्रेनर रंजीत सिंह की मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। परिजनों से अभद्रता के आरोप और हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। शनिवार को भारतीय सिख समाज के जिलाध्यक्ष गुरपाल सिंह अपने समर्थकों के साथ थाने पहुंचे। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने ओमजी, दिलीप और अनिल अवस्थी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद परिजन रंजीत सिंह के अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए और शनिवार दोपहर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। शुक्रवार सुबह विशेषण मार्ग के पास रंजीत सिंह की बाइक हादसे का शिकार हो गई थी। वह सदरपुर स्थित जिम से ट्रेनिंग देकर बाइक से घर लौट रहे थे। हादसे में उनकी मौत हो गई थी। घटना के बाद मौके पर मौजूद तीन बाइक सवार युवकों ओमजी पुत्र अशोक कुमार, दिलीप पुत्र रमेश अवस्थी और अनिल अवस्थी पुत्र सिपाही लाल अवस्थी पर मृतक के परिजनों ने गंभीर आरोप लगाए थे। परिजनों का आरोप था कि तीनों युवकों ने रणजीत सिंह को बाइक समेत ट्रक के सामने धक्का दे दिया। हालांकि इन आरोपों की पुलिस जांच कर रही है और घटना की वास्तविक स्थिति जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। हादसे के बाद परिजनों और पुलिस चौकी बांसुरा के पुलिसकर्मियों के बीच झगड़ा हो गया था। परिजनों ने पुलिसकर्मियों पर अभद्रता करने का आरोप लगाया। मामला बढ़ने पर पुलिस बैकफुट पर आई और अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद तीनों युवकों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। आज सुबह भारतीय सिख समाज के जिलाध्यक्ष गुरपाल सिंह समर्थकों के साथ रामपुर मथुरा थाने पहुंचे। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया। मुकदमा दर्ज होने के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए!

# संपादकीय

## जायज जेन-जी

अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने भी कहा है कि नई पीढ़ी को सुना जाना चाहिए। विरोध प्रदर्शन संवाद का एक वैध तरीका है। हाल ही में जेन-जी आंदोलन के प्रदर्शन के दौरान जो शिकायतें सामने आई हैं, वे जायज हैं। गुरुवार को जेन-जी से जुड़े एक कार्यक्रम में बातचीत के दौरान भागवत ने ये बातें कहीं। उन्होंने यह भी कहा कि विरोध करने वाले राष्ट्रविरोधी नहीं हैं। लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन भी सहमति बनाने का माध्यम है। हालांकि, विपक्ष ने तंज किया कि उन्हें यह सलाह सरकार को भी देनी चाहिए और यह भी कि आंदोलनकारियों की मांग को इतनी देर से क्यों सुना गया। बहरहाल, भागवत ने माना कि बहुत संभव है कि विरोध के दौरान मुद्दों को लेकर विचारों की भिन्नता हो, लेकिन चर्चा के बाद ही किसी विषय पर सहमति बनती है। साथ ही माना कि आंदोलन का उद्देश्य सहमति बनाना होना चाहिए, न कि समाज में विभाजन पैदा करना। उन्होंने माना कि भारत की शिक्षा व्यवस्था में बहुत कुछ बदलाव की जरूरत है, जो अभी तक नहीं हो पाया है। यही वजह है कि छात्रों का गुस्सा सामने आ रहा है, जिसे संवाद से दूर करने की जरूरत है। साथ ही, सख्ती नहीं, बातचीत के जरिये अपनापन का अहसास कराना भी जरूरी है। यह भी कि जेन-जी और जेन-अल्फा की सोच पहले की पीढ़ियों से भिन्न है। पहले की पीढ़ी बड़ों की बात मान लेती थी, सवाल नहीं करती थी। लेकिन नई पीढ़ी सवाल करने के साथ ही तर्कसंगत जवाब की आकांक्षा रखती है। निस्संदेह, बहस से कई विचार सामने आते हैं। हर व्यक्ति का अलग दृष्टिकोण होता है। लेकिन इसका सकारात्मक पक्ष यह है कि एक ही विषय के कई पहलू सामने आ सकते हैं। यह तय है कि विचार-प्रतिविचार के मंथन से नई दिशा व नई तस्वीर उभरती है। विरोध करना बुरा नहीं है, लेकिन उसका स्वरूप लोकतांत्रिक होना चाहिए। भागवत ने इस बात पर भी बल दिया कि विरोध-आंदोलन संविधान की मर्यादा के दायरे में होना भी जरूरी है। समस्याओं पर ध्यान दिया जाना चाहिए, लेकिन उसका लक्ष्य व्यक्ति का विरोध नहीं, बल्कि व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव होना चाहिए। साथ ही, संघ प्रमुख ने आरक्षण पर भी राय स्पष्ट की कि सामाजिक भेदभाव दूर करने तक आरक्षण की जरूरत होगी। लेकिन सवाल यह है कि इस सत्य से वाकिफ होने के बावजूद सरकारें क्यों टालमटोल का रवैया अपनाती हैं? यह संवादहीनता की स्थिति क्यों पैदा की जाती है? विडंबना यह है कि सरकारें तब जागती हैं जब स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाती है। सरकारों को लोकतंत्र में प्रतिरोध के स्वरों का भी सम्मान करना है। लोकतंत्र का आधार जनमत है। जनमत को सुना जाना चाहिए। आमतौर पर नागरिक तब ही सड़कों पर उतरते हैं जब पानी सिर के ऊपर से गुजरने लगता है। ऐसे में, शांतिपूर्ण प्रदर्शन और असहमति के स्वरों पर ध्यान देने की जरूरत है। आज जरूरत इस बात की है कि पुलिस को बताया जाए कि राष्ट्रविरोधियों और जायज मांगों के लिए आंदोलन कर रहे लोगों को एक ही लाठी से नहीं हांका जा सकता। खासकर, जेन-जी पर शक्ति प्रयोग असंतोष को उग्र बनाना ही है। सत्ताधीशों को इस बात का भान होना चाहिए कि असहमति और शांतिपूर्ण अभिव्यक्ति से लोकतंत्र जीवंत होता है। सत्ता की उदासीनता और उपेक्षापूर्ण रवैये से आंदोलन की जमीन तैयार होती है। कालांतर में हठधर्मिता से यह आक्रोश को ही बढ़ाता है। सत्ताधीशों को समझना चाहिए कि लोकतंत्र में लोग अपनी बात सुनाने के लिए आंदोलन को विकल्प के तौर पर अपनाते हैं। ऐसे ही नीट प्रश्नपत्र मुद्दे पर समय रहते वे कदम पहले ही उठा लिए जाते, तो आंदोलन को व्यापक होने से टाला जा सकता था। अक्सर संवादहीनता की स्थिति में आंदोलन में राजनीतिक दल रोटियां सेंकने लगते हैं। निहित स्वार्थी तत्व इसमें अवसर तलाशने लगते हैं, जिससे आंदोलन की दिशा नियंत्रित नहीं रह सकती है। यही वजह है कि एक सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा कि युवाओं के गुस्से को शांत करने के लिए बातचीत जरूरी विकल्प है। निश्चित ही, पुलिस को भी संवेदनशील बनाने की जरूरत है। आशा है, भागवत की सलाह पर सरकारें ध्यान देंगी।

# ढाका की राजनीति और भारत-बांग्लादेश संबंधों की नई परीक्षा



बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना द्वारा दिसंबर 2026 में स्वदेश लौटने की घोषणा केवल एक राजनीतिक बयान नहीं है, बल्कि यह दक्षिण एशिया की बदलती भू-राजनीति, लोकतांत्रिक मूल्यों और भारत-बांग्लादेश संबंधों की दिशा तय करने वाला एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम बन गया है। जिस समय बांग्लादेश की राजनीति सत्ता परिवर्तन, वैचारिक ध्रुवीकरण और संस्थागत अस्थिरता के दौर से गुजर रही है, उसी समय शेख हसीना ने यह घोषणा कर राजनीतिक विमर्श को एक नए मोड़ पर ला खड़ा किया है। उनका यह कहना कि 'गिरफ्तारी, जेल या मृत्यु का भय भी उन्हें अपने देश लौटने से नहीं रोक सकता', उनके समर्थकों के लिए भावनात्मक आह्वान है तो विरोधियों के लिए एक बड़ी राजनीतिक चुनौती। बांग्लादेश में पिछले वर्ष सत्ता परिवर्तन के बाद जो राजनीतिक वातावरण बना, उसमें लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता और राजनीतिक सहिष्णुता पर लगातार प्रश्न उठते रहे हैं। बांग्लादेश में अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण द्वारा शेख हसीना के विरुद्ध सुनाया गया फैसला और उसके बाद उनके समर्थकों पर बढ़ती कार्रवाइयों ने यह संकेत दिया कि राजनीतिक प्रतिस्पर्धा धीरे-धीरे प्रतिशोध की राजनीति में बदलती जा रही है। हाल ही में उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल रहे पूर्व क्रिकेट कप्तान साकिब अल हसन के घर पर हुआ हमला भी इस बात का संकेत है कि राजनीतिक असहमति अब सामाजिक तनाव का रूप लेने लगी है। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री तारिक रहमान के एक करीबी सहयोगी द्वारा शेख हसीना को 'तुरंत लौटकर सामना करने' की चुनौती देना बताता है कि बांग्लादेश का राजनीतिक वातावरण अभी भी सामान्य नहीं हुआ है।लोकतंत्र में किसी भी राजनीतिक दल या नेता से असहमति स्वाभाविक है, किंतु असहमति का समाधान न्यायपूर्ण राजनीतिक प्रक्रिया और स्वतंत्र संस्थाओं के माध्यम से होना चाहिए। यदि किसी नेता की लोकप्रियता का उत्तर प्रतिबंध, दमन या भय के वातावरण से दिया जाए, तो लोकतंत्र की आत्मा कमजोर होती है। शेख हसीना की वापसी को केवल एक व्यक्ति की वापसी के रूप में नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रतिस्पर्धा की परीक्षा के रूप में देखा जाना चाहिए। यदि अवामी लीग को राजनीतिक प्रक्रिया से बाहर रखने की कोशिश होती है, तो यह बांग्लादेश के लोकतंत्र की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाएगा। वास्तविकता यह भी है कि बांग्लादेश की राजनीति आज केवल अवामी लीग और बांग्लादेश नेशनललिस्ट पार्टी (बीएनपी) के बीच सत्ता संघर्ष तक सीमित नहीं रह गई है। अब यह संघर्ष राष्ट्र की ऐतिहासिक पहचान, 1971 के मुक्ति संग्राम की विरासत और भविष्य की वैचारिक दिशा का भी बन चुका है। अवामी लीग स्वयं को मुक्ति संग्राम की मूल चेतना का प्रतिनिधि बताती है, जबकि बीएनपी भी अब उसी विरासत पर अपना दावा प्रस्तुत कर रही है। इतिहास की इस प्रतिस्पर्धी व्याख्या ने राजनीतिक ध्रुवीकरण को और गहरा किया है। ऐसी परिस्थितियों में शेख हसीना की वापसी केवल राजनीतिक समीकरण नहीं बदलेगी, बल्कि राष्ट्रीय विमर्श की दिशा भी प्रभावित करेगी।इन परिस्थितियों में भारत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। भारत और बांग्लादेश के संबंध केवल दो पड़ोसी देशों के रिश्ते नहीं हैं, बल्कि साझा इतिहास, संस्कृति, भाषा, आर्थिक सहयोग और सामरिक हितों पर आधारित हैं। पिछले डेढ़ दशक में दोनों देशों के संबंधों में अभूतपूर्व निकटता आई, जिसका एक बड़ा आधार शेख हसीना सरकार और नई दिल्ली के बीच बना विश्वास था। सीमा विवादों का समाधान, ऊर्जा सहयोग, संपर्क परियोजनाएं, आतंकवाद के विरुद्ध साझा कार्रवाई तथा पूर्वोत्तर भारत की कनेक्टिविटी जैसे अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई। लेकिन वर्तमान राजनीतिक परिवर्तन ने इस विश्वास की नई परीक्षा शुरू कर दी है। नई दिल्ली ने एक ओर शेख हसीना को सुरक्षा और आश्रय दिया है, वहीं दूसरी ओर उसने ढाका की नई सरकार से संवाद भी जारी रखा है। यही परिपक्व कूटनीति का परिचायक है। भारत के सामने चुनौती किसी एक राजनीतिक दल के साथ खड़ा दिखाई देने की नहीं, बल्कि पूरे बांग्लादेश के साथ स्थायी और संतुलित संबंध बनाए रखने की है। इसी संदर्भ में नई दिल्ली में आयोजित होने वाला बारहवाँ ब्रिक्स शिखर सम्मेलन अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर बन सकता है। यदि बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान इसमें भाग लेते हैं और भारत के शीर्ष नेतृत्व के साथ सकारात्मक संवाद होता है, तो दोनों देशों के बीच हाल के तनावों को कम करने का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। यह केवल औपचारिक शिखर बैठक नहीं होगी, बल्कि दोनों देशों के बीच विश्वास बहाली का अवसर भी होगी। भारत को इस मंच का उपयोग केवल आर्थिक सहयोग तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता, लोकतांत्रिक मूल्यों और सुरक्षा सहयोग पर भी स्पष्ट संवाद स्थापित करना चाहिए। इतिहास भारत के सामने अनेक जटिल प्रश्न भी हैं। गंगा जल संधि के नवीनीकरण, तीस्ता जल बंटवारे, सीमा-पार व्यापार, अवैध घुसपैठ, सीमा सुरक्षा तथा शेख हसीना के प्रत्यर्पण जैसे मुद्दे आने वाले समय में द्विपक्षीय संबंधों की दिशा तय करेंगे। इनमें किसी भी विषय पर भावनात्मक या राजनीतिक प्रतिक्रिया के बजाय कानूनी, कूटनीतिक और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक होगा। विशेष रूप से प्रत्यर्पण का प्रश्न केवल कानूनी प्रक्रिया नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय कानून और राजनीतिक परिस्थितियों से भी जुड़ा हुआ है। भारत को अपनी संधियों, न्यायिक प्रक्रियाओं और रणनीतिक हितों के बीच संतुलन बनाकर आगे बढ़ना होगा। दूसरी ओर बांग्लादेश में चीन का बढ़ता प्रभाव भी नई दिल्ली के लिए चिंता का विषय है। वर्तमान सरकार के शुरुआती महीनों में चीन के साथ बढ़ते संपर्क और सामरिक महत्व की परियोजनाओं पर समझौते इस बात का संकेत हैं कि ढाका अपनी विदेश नीति में संतुलन साधने का प्रयास कर रहा है। भारत के लिए आवश्यक है कि वह प्रतिस्पर्धा की मानसिकता के बजाय विश्वास और विकास की साझेदारी को प्राथमिकता दे। यदि भारत आर्थिक सहयोग, निवेश, आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य और तकनीकी साझेदारी के नए अवसर विकसित करता है, तो दोनों देशों के संबंध और अधिक मजबूत हो सकते हैं। शेख हसीना की वापसी का प्रश्न अंततः बांग्लादेश के लोकतांत्रिक चरित्र की परीक्षा है। यदि उन्हें निष्पक्ष राजनीतिक अवसर मिलता है, तो जनता स्वयं तय करेगी कि भविष्य का नेतृत्व किसे सौंपना है। लेकिन यदि राजनीतिक प्रतिशोध, दमन और हिंसा का वातावरण बना रहता है, तो इससे न केवल बांग्लादेश की लोकतांत्रिक साख प्रभावित होगी, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया की स्थिरता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। भारत को इस पूरे घटनाक्रम में संयम, संतुलन और दूरदृष्टि के साथ आगे बढ़ना होगा। न तो उसे किसी आंतरिक राजनीतिक विवाद का पक्षकार बनना चाहिए और न ही लोकतांत्रिक मूल्यों की उपेक्षा करनी चाहिए। भारत की विदेश नीति का मूल उद्देश्य एक स्थिर, शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक और समृद्ध पड़ोस होना चाहिए। यही उसकी सुरक्षा, आर्थिक प्रगति और क्षेत्रीय नेतृत्व के लिए सबसे अनुकूल स्थिति होगी। आज आवश्यकता किसी राजनीतिक विजय की नहीं, बल्कि राजनीतिक परिपक्वता की है। बांग्लादेश को यह सिद्ध करना होगा कि लोकतंत्र केवल चुनाव का नाम नहीं, बल्कि विपक्ष के सम्मान, न्यायपालिका की स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति की आजादी और राजनीतिक सहिष्णुता का भी नाम है। वहीं भारत को यह दिखाना होगा कि वह पड़ोसी देशों के साथ संबंधों को व्यक्तियों के बजाय संस्थागत विश्वास, पारस्परिक सम्मान और साझा हितों के आधार पर आगे बढ़ाने में सक्षम है। दिसंबर 2026 में यदि शेख हसीना वास्तव में बांग्लादेश लौटती हैं, तो वह केवल एक नेता की वापसी नहीं होगी, वह बांग्लादेश के लोकतंत्र, भारत की कूटनीतिक परिपक्वता और दक्षिण एशिया की राजनीतिक स्थिरता की एक साथ परीक्षा होगी। यदि इस चुनौती को संवाद, लोकतांत्रिक मर्यादा और विवेकपूर्ण कूटनीति के साथ संभाला गया, तो यह संकट दोनों देशों के संबंधों में एक नए विश्वास और नई शुरुआत का आधार भी बन सकता है। यही समय की सबसे बड़ी मांग है। यहां एक बड़ा प्रश्न यह भी है कि शेख हसीनाा के बांग्लादेश यानी वतन-वापसी से वहां राजनीतिक प्रतिस्पर्धा को नई धार मिलेगी या फिर वह और अधिक बंट जाएंगी?

# खराब खान-पान और पेट की सेहत का मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ सकता है असर




पेट की सेहत का असर केवल पाचन तंत्र तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इसका संबंध मानसिक स्वास्थ्य से भी हो सकता है। चिकित्सा विज्ञान में पेट और मस्तिष्क के बीच होने वाले इस जटिल संबंध को 'गट-ब्रेन एक्सिस' कहा जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, पेट के स्वास्थ्य में गड़बड़ी, असंतुलित खान-पान, लगातार तनाव और खराब जीवनशैली मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं। हालांकि, यह कहना सही नहीं है कि डिप्रेशन सीधे तौर पर पेट से फैलता है। मानसिक स्वास्थ्य पर कई जैविक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कारकों का प्रभाव पड़ता है। पुनर्वास विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु वशिष्ट के अनुसार, पेट और मस्तिष्क के बीच लगातार संवाद बना रहता है। इस संवाद में तंत्रिका तंत्र, हार्मोन और आंतों में मौजूद सूक्ष्मजीवों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यही कारण है कि पाचन संबंधी समस्याओं के दौरान कई लोगों में तनाव, बेचैनी और मूड में बदलाव जैसी परेशानियां भी महसूस हो सकती हैं। डॉ. वशिष्ट के अनुसार, शरीर में बनने वाले सेरोटोनिन का बड़ा हिस्सा आंतों में बनता है। सेरोटोनिन शरीर की कई महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं में भूमिका निभाता है और मूड, नींद तथा पाचन से संबंधित कार्यों से इसका संबंध है। हालांकि, मस्तिष्क में सेरोटोनिन की भूमिका और डिप्रेशन के बीच संबंध को केवल 'सेरोटोनिन की कमी' के रूप में समझना वैज्ञानिक रूप से पर्याप्त नहीं है। पेट में मौजूद सूक्ष्मजीवों का समूह गट माइक्रोबायोम कहलाता है। यह पाचन, प्रतिरक्षा और शरीर की अन्य प्रक्रियाओं में भूमिका निभाता है। खान-पान, दवाओं, तनाव और जीवनशैली में बदलाव से आंतों के माइक्रोबायोम का संतुलन प्रभावित हो सकता है। शोध में गट माइक्रोबायोम और मानसिक स्वास्थ्य के बीच संबंधों का अध्ययन लगातार किया जा रहा है। पेट और मस्तिष्क के बीच संवाद में वैगस नर्व की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यह तंत्रिका मस्तिष्क और शरीर के कई अंगों के बीच संकेतों के आदान-प्रदान में मदद करती है। पाचन तंत्र की स्थिति से जुड़े संकेत भी तंत्रिका तंत्र के माध्यम से मस्तिष्क तक पहुंचते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, अत्यधिक जंक फूड, बहुत अधिक चीनी, अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ और असंतुलित आहार लंबे समय में स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं।

# नशे के विरुद्ध एक अभियान



देश को नक्सलवाद-माओवाद के आतंक से मुक्ति दिलाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने दो नये अहम अभियान प्रारंभ किये हैं- पहला, भारत को घुसपैठियों से मुक्त करना तथा दूसरा है, युवाओं को नशे की लत से मुक्ति दिलाना। भारत के किशोरों तथा युवाओं को हर प्रकार के नशे से मुक्ति दिलाने के लिए 2 अगस्त 2026 को प्रधानमंत्री मोदी ने 'नशा मुक्त युवा, विकसित भारत संकल्प अभियान' का प्रारंभ करते हुए एक वीडियो संदेश जारी किया है। अपने सन्देश में प्रधानमंत्री मोदी ने कहाकि जो युवा नशे से लड़कर बाहर निकलते हैं वे कमजोर नहीं, बल्कि असली योद्धा होते हैं। समाज को उनका सम्मान करना चाहिए।प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि भारत में ड्रग्स की सप्लाई दुश्मन देशों की आतंकी साजिश का ही एक हिस्सा है। दुश्मन देश भारतीय युवाओं को नशे के जाल में धकेलना चाहते हैं ताकि भारत कभी भी एक सशक्त एवं विकसित देश के रूप में स्थापित न हो सके। इस साजिश को हम सबको मिलकर नाकाम करना होगा। विकसित भारत का लक्ष्य तभी पूरा होगा जब देश का युवा शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होने के साथ ही नशे से भी दूर रहेगा। अगले 100 सप्ताह तक हर रविवार को कला, संस्कृति, खेल और अन्य गतिविधियों के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश देश भर में पहुंचाया जाएगा। नशे की लत युवाओं के सपनों और परिवार दोनों को ही तोड़ देती है। नशा केवल व्यक्ति या परिवार को ही नहीं बल्कि राष्ट्र की ताकत को भी कमजोर करता है। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना और उन्हें अपने समाज में बदलाव लाने के लिए आगे बढ़ाना है। प्रत्येक रविवार को देशभर में अलग-अलग कार्यक्रम होंगे जिसमें वॉकाथन और दौड़, खेल प्रतियोगिताएं,योग और ध्यान सत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, नशा विरोधी जागरूकता अभियान, चर्चा और संवाद कार्यक्रम, पेंटिंग्स व आर्ट्स प्रतियोगिताएं तथा सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। यह अभियन 125 से अधिक आध्यात्मिक, सामाजिक तथा सरकारी संगठनों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। ब्रहमकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, आर्ट ऑफ़ लिविंग, गायत्री परिवार, इस्कॉन से लेकर माताअमृतानंदमयी मठ जैसे संगठन इस अभियान से जुड़ कर कार्य कर रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का वैचारिक संगठन विश्व हिंदू परिषद पहले से ही व्यापक स्तर पर नशामुक्ति अभियान चला रहा है। युवाओं में नशे के विरुद्ध जागरूकता लाने के साथ ही गृहमंत्री अमित शाह ने भी नशे की जड़ों पर प्रहार करने का युद्ध छेड़ रखा हैं। ड्रग्स माफियाओं पर कार्रवाई कई गुना बढ़ गई है। तस्करी करके बड़ी मात्रा में विदेशों से आने वाली ड्रग्स की जब्ती बंदरगाहों तथा एयरपोर्ट्स की जा रही है और उसे नष्ट किया जा रहा है। वर्ष 2021 में 2988 किलो हेरोइन, 2022 में 927 किलो गांजा, 2023 में 122 किलो मेफेड्रोन, 2024 में 770 किलो मेथाफाटेमाइन और 2026 में फिर 522 किलो गांजा बरामद किया जा चुका है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अनुसार 2020 से मई 2025 तक तक 116 बड़े मामलों में कार्रवाई करते हुए 1,09,318 किलोग्राम नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं और उनको नष्ट किया गया है। वर्तमान समय में नशे का सबसे बड़ा केन्द्र पंजाब तथा पूर्वोत्तर के कई छोटे राज्य हैं। विदेशी आतंकी संगठनों द्वारा जम्मू-कश्मीर व पूर्वोत्तर के युवाओं को नशे की लत में धकेलने का प्रयास लगातार किया जा रहा है हैं। अपने कुत्सित प्रयासों को सफल बनाने के लिये ये लोग स्थानीय स्तर के अपराधियों व बिगडैल युवाओं का सहारा लेते हैं। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब में नशे के संकट पर चिंता जताते हुए कहा था कि नशा राज्य के अस्तित्व पर खतरा बन सकता है। संगठित गिरोहों की जांच में पुलिस प्रशासन के साथ ही अदालत को भी सतर्क रहना होगा। भारत में ड्रग्स की खेप कई रास्तों से आती है। बांग्लादेश-पाकिस्तान तथा नेपाल सीमा से ड्रग्स आसानी से आ-जा रहा है। गुजरात के समुद्री तट से भी नशे का कारोबार कंटेनर और समुद्री मार्ग से चलता आ रहा है हालांकि, सरकार के प्रयासों से कुछ रोकथाम हुई है किंतु खतरा बरकरार है। म्यामांर से भी ड्रग्स की तस्करी हो रही है। यही नहीं छोटे-छोटे देश मलेशिया, सिंगापुर, थाईलैंड, मालदीव, हांगकांग सहित तमाम देशों से ड्रग्स की सप्लाई अनेक प्रकार से हो रही है। पाक परस्त आतंकी संगठन ड्रोन आदि के माध्यम से सीमावर्ती क्षेत्रों में ड्रग्स, हथियार व धन को गिराते रहते हैं। इस प्रकार नशे की सप्लाई अनेक तरीकों से होती है और उन्हें भारत के किशोरों तथा युवाओं तक विभिन्न तरीकों से पहुंचाया जाता है। वर्ष 2025 में एम्स के सर्वे में पाया गया कि 11 से 14 वर्ष की उम्र में ही किशोर नशीले पदार्थों के संपर्क मे आ गए थे। इन विषम परिस्थितियों को देखते हुए यह वृहद अभियान प्रारंभ किया गया है। नशे से आतंकवाद को पनपने में बहुत मदद मिलाती है इसलिए, यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के बाद 28 हजार से अधिक स्थानों पर एक करोड़ से अधिक युवाओं ने भाग लिया और एक साथ नशा मुक्त भारत की शपथ ली। नशामुक्ति का यह अभियान राजनीति से दूर रहकर चलना चाहिए तभी भारत के किशोर, युवा और परिवार तथा बहन-बेटियां सुरक्षित जीवन जी सकेंगी और वर्ष-2047 तक भारत विकसित भारत बनकर उभर सकेगा।

**समाज को उनका समान करना चाहिए।प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि भारत में ड्रग्स की सप्लाई दुश्मन देशों की आतंकी साजिश का ही एक हिस्सा है। दुश्मन देश भारतीय युवाओं को नशे के जाल में धकेलना चाहते हैं ताकि भारत कभी भी एक सशत एवं विकसित देश के रूप में स्थापित न हो सके। इस साजिश को हम सबको मिलकर नाकाम करना होगा। विकसित भारत का लक्ष्य तभी पूरा होगा जब देश का युवा शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होने के साथ ही नशे से भी दूर रहेगा। अगले 100 सप्ताह तक हर रविवार को कला, संस्कृति, खेल और अन्य गतिविधियों के माध्यम से नशामुति का संदेश देश भर में पहुंचाया जाएगा।**




**मेष**-मेष राशि वालों के लिए आज का दिन उत्साह और प्रसन्नता से भरा रह सकता है। कारोबार से जुड़े लोगों को आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है और व्यापार में आगे बढ़ने के नए रास्ते दिखाई दे सकते हैं।

**वृषभ** -वृषभ राशि वालों के लिए आज का दिन लाभकारी रहने वाला है। अपनी योग्यता और मेहनत के बल पर आप किसी महत्वपूर्ण काम को पूरा करने में सफल हो सकते हैं।

**मिथुन**-मिथुन राशि वालों के लिए आज का दिन नई उम्मीद और उत्साह लेकर आ सकता है। लंबे समय से की जा रही मेहनत का परिणाम मिलने की संभावना है।

**कर्क** -कर्क राशि वालों के लिए आज का दिन ऊर्जा और उत्साह से भरा रह सकता है। कारोबार से जुड़ी गतिविधियों में कुछ बदलाव करने का विचार बन सकता है और यह परिवर्तन आपके लिए लाभदायक साबित हो सकता है।

**सिंह** -सिंह राशि वालों के लिए आज का दिन सकारात्मक रह सकता है। आप कुछ नए विचारों पर काम शुरू कर सकते हैं, जिनसे भविष्य में आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है।

**कन्या**-कन्या राशि वालों के लिए आज का दिन विशेष रूप से अच्छा रह सकता है। नौकरी और रोजगार से जुड़े मामलों में आगे बढ़ने के नए अवसर मिल सकते हैं। कार्यस्थल पर जिम्मेदारियों को समय पर पूरा करने से वरिष्ठ अधिकारियों का विश्वास बढ़ेगा।

**तुला** -तुला राशि वालों के लिए आज का दिन काफी अच्छा रहने वाला है। कारोबार में आर्थिक लाभ के अवसर मिल सकते हैं और घर में सुखद वातावरण बना रहेगा। व्यापार से जुड़ी गतिविधियों को व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाने में सफलता मिलेगी, लेकिन आर्थिक लेनदेन के मामलों में सावधानी बरतना जरूरी होगा।

**वृश्चिक**-वृश्चिक राशि वालों के लिए आज का दिन उतार-चढ़ाव से भरा रह सकता है, लेकिन समझदारी से काम लेने पर परिस्थितियां आपके पक्ष में आ सकती हैं। आपके विनम्र व्यवहार की लोग सराहना करेंगे।

**धनु** -धनु राशि वालों के लिए आज का दिन मेहनत का परिणाम देने वाला हो सकता है। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर विशेष ध्यान देना होगा, क्योंकि लगातार प्रयास करने से सफलता के अच्छे अवसर बन सकते हैं।

**मकर** -मकर राशि वालों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। प्रियजनों से मुलाकात का अवसर मिलने से आपका मन प्रसन्न होगा।

**कुंभ** -कुंभ राशि वालों के लिए आज का दिन बेहद सुखद रहने की संभावना है। व्यस्तता अधिक होने के बावजूद आप परिवार और कारोबार के बीच अच्छा संतुलन बनाए रखने में सफल रहेंगे।

**मीन** -मीन राशि वालों के लिए आज का दिन सफलता और प्रसन्नता लेकर आ सकता है। कारोबार में कोई बड़ा सौदा तय होने की संभावना है, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है।

# रिसते रिश्तों पर अब जासूसों की नज़र



हाल ही में एक खबर आई कि एक इंजीनियर ने अमेरिकन क्राइम थ्रिलर देखकर अपनी पत्नी को मार डाला। एक स्त्री ने अपने पुरुष मित्र से अपने ही बच्चे को मरवा दिया। दूसरी घटना में, पुरुष मित्र से फोन पर बातें करने पर जब छोटा बच्चा विघ्न डाल रहा था, तो मां ने उसका गला घोंट दिया। एक लड़के ने अपनी पुरानी महिला मित्र से छुटकारा पाने के लिए उसे बाइक से रौंद दिया, तो दूसरे ने कार से कुचल डाला। एक अन्य खबर में, जब नई बहू के बारे में पता चला कि वह किसी अन्य के साथ रिश्ते में थी, तो ससुराल वाले डर गए। उन्हें अपने बेटे के जीवन की चिंता सताने लगी। आपसी सहमति से उन्होंने बहू को उसके पुरुष मित्र के पास भेज दिया। ऐसी कितनी ही घटनाएं हैं, जहाँ स्त्रियां अपने पांच-छह, यहाँ तक कि नौ बच्चों को छोड़कर अपने पुरुष मित्र के साथ चली गईं। जब उनसे पूछा गया, तो कईयों ने कहा कि वे एक भी बच्चे को साथ नहीं ले जाएंगी। एक ने तो यह भी कहा कि बच्चे पति के हैं, वही इन्हें रखें। बच्चे रो-रोकर पुकारते रहे, पर उनकी किसी ने नहीं सुनी। इन मामलों को देखकर लगता है कि ये बच्चे दुनिया में अपनी मर्जी से तो नहीं आए थे, लेकिन उन्हें भटकने के लिए छोड़ दिया गया। वे आखिर किसके भरोसे रहेंगे? कहाँ-कहाँ भटकेंगे? कौन उनकी मदद करेगा? माता-पिता के होते हुए भी वे अनाथ हो गए।लेकिन इससे भी ज्यादा दुख इस बात का है कि पति पत्नी को और पत्नी पति को मार रही है। मारने के लिए कहीं नीले ड्रम का इस्तेमाल किया जा रहा है, तो कहीं पहाड़ से धक्का दिया जा रहा है। कहीं सांप से कटवाया जा रहा है, तो कहीं दीवार में चिनवाया जा रहा है या खेत में गाड़ा जा रहा है। आखिर लोग ऐसा क्यों कर रहे हैं? इसके बहुत से कारण गिनाए जा सकते हैं; जैसे— रोज़ का लड़ाई-झगड़ा, एक-दूसरे को नियंत्रित (कंट्रोल) करने की इच्छा, घरेलू हिंसा, आर्थिक और जमीन-जायदाद के झगड़े, पारिवारिक दबाव, शराब का सेवन, मानसिक स्वास्थ्य के मसले, एक-दूसरे पर शक करना और विवाहेतर संबंध आदि। अनेक मामलों में आरोपी पकड़े भी जा रहे हैं। जब उनसे पूछा जाता है कि क्या उन्हें अपने किए पर दुख या पश्चाताप है, तो कई कहते हैं कि उन्हें कोई दुख नहीं है।ऐसी घटनाओं के कितने भी कारण गिनाए जाएं, पर बहुत बार मामूली बातों पर रिश्तों में ऐसी दरारें पड़ रही हैं कि एक-दूसरे की जान लेने से पहले यह भी नहीं सोचा जा रहा है कि ऐसा करके आखिर वे बचेंगे कैसे और यदि पकड़े गए तो क्या होगा। हालांकि, वे पकड़े भी जा रहे हैं और एक के किए की सजा दोनों तरफ के परिवारों को भुगतनी पड़ रही है। बहुत साल पहले मशहूर अभिनेता स्वर्गीय श्रीराम लागू ने कहा था कि विवाह संस्था सड़-गल चुकी है, अब इसे खत्म हो जाना चाहिए। इतने साल पहले कही गई श्रीराम लागू की बात क्या सच साबित हो गई है? क्या शादी-विवाह अब गए जमाने की बात हो गए हैं? लोग कह सकते हैं कि कुछेक घटनाओं के कारण पूरी विवाह संस्था को खारिज नहीं किया जा सकता। यह भी दिलचस्प है कि एक तरफ अपने देश में विवाह का कारोबार अरबों रुपयों का है, तो दूसरी तरफ विवाह और रिश्तों की मर्यादाएं तार-तार हो रही हैं। हाल ही में एक और खबर पढ़ी कि अब विवाह से पूर्व परिवार के लोग लड़के-लड़कियों का बैकग्राउंड चेक करा रहे हैं। इसके लिए प्राइवेट जासूसों की मदद ली जा रही है। आज से कुछ दशक पहले रिश्ते के लिए किसी नाई या पंडित की मदद ली जाती थी। कोई अड़ोसी-पड़ोसी या नाते-रिश्तेदार रिश्ता तय करा देते थे, जिन्हें बिचौलिया कहा जाता था। फिर ऐसा वक्त आया कि विवाह के लिए अखबारों में विज्ञापन छपने लगे और फिर ऑनलाइन बाजार बन गया, जहाँ धोखाधड़ी की आशंका हमेशा बनी रहती थी। युवक-युवतियां अपनी पसंद से भी विवाह करने लगे, लेकिन पिछले कुछ समय से यह बात बहुत सामने आने लगी है कि रिश्ता न चल पाने पर या जीवन में किसी और के आने पर लोग एक-दूसरे की जान लेने लगे हैं।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, सम्पादक रवि कुमार अवस्थी , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, R.NI NO. UPHIN/2012/43078 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# डीएम एसपी ने थाना जखौरा का आकस्मिक निरीक्षण कर अधीनस्थों को दिए दिशा-निर्देश

**बरसात को दृष्टिगत रखते हुए थाना क्षेत्र के चौकीदारों को छाता वितरित कर किया उत्साहवर्धन**

**चौकीदारो से वार्ता कर उनकी समस्याओं एवं क्षेत्रीय गतिविधियों के बारे में जानकारी की प्राप्त**





स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

जिलाधिकारी सत्यप्रकाश व पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई द्वारा थाना जखौरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क, मेस आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान उन्होंने थाना कार्यालय का निरीक्षण कर कार्यालय में साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण एवं उनके अद्यतन रखरखाव की स्थिति का परीक्षण किया गया। तत्पश्चात थाना परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, आगन्तुकों एवं अधिकारी/कर्मचारियों हेतु उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित को निर्देशित किया गया कि थाना कार्यालय एवं परिसर की स्वच्छता, सुव्यवस्था एवं हरित वातावरण बनाए रखने हेतु नियमित साफ-सफाई, अभिलेखों का अद्यतन संधारण तथा आवश्यक व्यवस्थाओं का सतत अनुश्रवण सुनिश्चित किया जाए।

निरीक्षण में मिशन शक्ति केन्द्र के रजिस्टरों के रखरखाव एवं शिकायत निस्तारण की स्थिति को गहनता से देखा गया । रजिस्टरो में अद्यतन स्थिति/प्रविष्टियां को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया तथा महिला संबंधी अपराधों में तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया ।

साइबर हेल्प डेस्क के अभिलेखों/रजिस्टरों का निरीक्षण कर उनके सुव्यवस्थित संधारण एवं अद्यतन रखरखाव हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान साइबर हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिसकर्मियों एवं प्रभारी निरीक्षक के साइबर अपराधों की विवेचना, शिकायतों के निस्तारण तथा संबंधित ऑनलाइन पोर्टलों के संचालन एवं उपयोग संबंधी ज्ञान का परीक्षण भी किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। प्रभारी निरीक्षक एवं समस्त पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया गया कि सीयूजी (फोन) सदैव क्रियाशील अवस्था में रखें तथा प्राप्त होने वाले समस्त कॉलों का समयबद्ध रूप से उत्तर दें। प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर संयुक्त टीम गठित करते हुए नियमित एवं प्रभावी अभियान चलाकर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि अवैध मादक पदार्थ एवं अवैध शराब की तस्करी/व्यापार में संलिप्त व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्रभावी वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। ऐसे आदतन एवं संगठित अपराधियों के विरुद्ध साक्ष्यों के आधार पर गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही प्रस्तावित कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक विवेचना में साक्ष्यों का वैज्ञानिक एवं विधिसम्मत संकलन करते हुए अभियोगों का शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण किया जाए, जिससे दोषियों के विरुद्ध प्रभावी विधिक कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।आईजीआरएस पोर्टल पर लंबित शिकायतों का उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने हेतु तथा आवेदकों से शत-प्रतिशत फीडबैक लेने हेतु निर्देशित किया गया। बरसात के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए थाना क्षेत्र के चौकीदारों को छाता वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया ।

## वह मित्र कैसा मित्र है? जो अपने ही मित्र को तंबाकू, गुटखा या शराब पीने के लिए मजबूर करता है: ऐसी दोस्ती किस काम की?

### 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान ने जगाई नई चेतना

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा संचालित 10 करोड़ नशा मुक्त प्रतिज्ञा महाअभियान के अंतर्गत आज नगर के विभिन्न विद्यालयों एवं प्रमुख स्थानों पर नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

रॉयल एकेडमी, मिशन जूनियर हाई स्कूल, उच्च प्राथमिक कंपोजिट विद्यालय तालाबपुरा, सरायपुरा, सिविल लाइन, गोल्डन रोज पब्लिक स्कूल हिंदी मीडियम गोविंद नगर, गिरिराज इंटर कॉलेज महेशपुर, श्रीराम कान्वेंट जूनियर हाई स्कूल रामनगर, P M श्री कंपोजिट जीरोन, I S P जूनियर हाई ऐरा, उच्च प्राथमिक विद्यालय जाखलौन,

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सेठ शिव प्रसाद जैन उत्तर माध्यमिक विद्यालय जाखलौन एवं बुंदेलखंड इंटर कॉलेज जाखलौन सहित अनेक संस्थानों में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं आमजन को नशे से दूर रहने की प्रेरणा देते हुए नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा कराई गई।

ब्रह्माकुमारी मेडिकल विंग द्वारा राजयोगिनी बी.के. चित्ररेखा दीदी जी के सानिध्य में बीके माया रानी दीदी, बीके किरन दीदी, बीके प्रीती दीदी, प्रियंका दीदी, सुधा बहन, पूजा बहन, राजा भाई, शिवम भाई, अमन भाई विशेष संदेश देते हुए कहा गया कि परमपिता परमात्मा ने हमें शरीर रूपी अनमोल गाड़ी प्रदान की है। जिस प्रकार हम अपनी कार के इंजन की सुरक्षा के लिए उसमें गलत ईंधन नहीं डालते, उसी प्रकार हमें अपने शरीर में तंबाकू, शराब, बीड़ी-सिगरेट, गुटखा या अन्य नशीले पदार्थ डालकर इस अनमोल जीवन रूपी गाड़ी को खराब नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक दृष्टि से मानव शरीर अत्यंत मूल्यवान है, फिर भी हम इसकी कीमत समझने के बजाय नशे के माध्यम से स्वयं को नुकसान पहुंचाते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### कचनौंदा घाट में माँ बेटे के साथ गाली गलौज मारपीट क़र धमकी देने का आरोप

**पीड़ित की शिकायत पर गाँव के ही तीन विपक्षियों पर मामला दर्ज**

ललितपुर। थाना जाखलौन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कचनौदा घाट निवासी बृजभान पुत्र रघुराज यादव ने थाना जाखलौन पुलिस को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया कि दिनांक 6 अगस्त 2026 को वह शाम 6 बजे अपने घर के बाहर बैठा था। इसी दौरान गाँव में ही रहने वाला विपक्षी चंद्रपाल पुत्र हुकुम सिंह आया और गाली गलौज करने लगा। इस दौरान जब उसने विपक्षियों की इस हरकत पर विरोध जताया, तो विपक्षी ने अपने दो अन्य साथियों के साथ उसे मौक़े पर दबोचकर उसके साथ मारपीट की। जब उसकी माँ उसके बचाव में आई, तो दबँगों ने उसे भी नहीं बखसा। इस दौरान दबंगों ने दोनों मां बेटे के साथ जमकर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। थाना जाखलौन पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ 115(2), 352, 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत करके विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### दो अलग-अलग स्थान की रेल पटरी पर मिले अज्ञात शव

**ललितपुर** । थाना जाखलौन क्षेत्र में अलग अलग स्थानों पर रेल पटरी पर दो अज्ञात व्यक्तियों के शव मिलते से क्षेत्र में सनसनी फैल गई ।

प्राप्त जानकारी अनुसार शनिवार सुबह ग्राम जाखलौन से धौरा की ओर अप रेलवे लाइन पर खम्मा नम्बर 1019/ 21-23 के मध्य ग्राम मैकुआ के पास करीब 30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिला, वह काली टीसर्ट व काला पेट पहने था। उसके वाय हाथ पर देवेन्द्र एन लिखा है। उसकी जेब से एक पुराना काई मिला है जिस पर निरंजन धर्म कटा स्टेशन रोड जाखलौन लिखा है। अनुमान है कि रेल पटरी पार करते समय किसी रेलगाड़ी की चपेट में आ गया । सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची थाना जाखलौन पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । और पहचान की कार्यवाही शुरु कर दी। वहीं दूसरी ओर थाना जाखलौन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जाखलौन से ललितपुर की ओर डाउन रेलवे लाइन पर खम्मा नम्बर 1022/32-34 के मध्य ग्राम ऐरा के पास 50 वर्षीय करीब अज्ञात युवक का शव मिला।

# पालिका अध्यक्ष ने वार्ड नंबर 16 में सीसी रोड नाली निर्माण का किया लोकार्पण

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनाली जैन अभिलाषा द्वारा वार्ड नंबर 16 मोहल्ला आजादपुरा में वार्ड पार्षद श्रीमती शिवानी अमित कुशवाहा के साथ वार्ड में माधव नगर मदनपुर के पीछे सीसी सड़क, नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण एवं बरिया के आगे दीपक कुशवाहा के मकान होते हुए खजूर के पेड़ की ओर टोरिया मोहल्ला में सीसी सड़क का विधि विधान के साथ भूमि पूजन किया गया। मोहल्ले में नव निर्मित सड़क डलने से नगर वासियों द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए पालिका अध्यक्ष को पुष्पमाला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। वहीं भूमि पूजन के दौरान पालिका अध्यक्ष द्वारा संबंधित ठेकेदार को कार्य की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए समय से कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए। वार्ड नंबर 16 मोहल्ला आजादपुरा में विगत कई वर्षों से सीसी सड़क के निर्माण न होने के चलते मोहल्लेवासियों को आवागमन में काफी दिक्कत हो रही थी व बरसात के समय में कीचड़ होने के चलते बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी थी, जिसको दृष्टिगत रखते हुए वार्ड पार्षद द्वारा इस समस्या से पालिका अध्यक्ष को अवगत कराया गया। पालिका अध्यक्ष ने आज सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष ने कहा कि नगर के विकास हेतु प्रत्येक वार्ड में सीसी सडक़, नाली निर्माण, नाला निर्माण सहित नागरिकों की मूलभूत समस्याओं का त्वरित समाधान तथा बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़े प्रत्येक कार्य को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण किया जाए, जिससे नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस दौरान वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अमित कुशवाहा, पूर्व पार्षद अनुराग जैन शैलू, सेवानिवृत्त वरिष्ठ लिपिक रमाकांत तिवारी, बद्री कुशवाहा, गैरिज प्रभारी अमित कुमार रिंकू सहित पालिका के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# मड़ावरा सीएचसी प्रभारी डॉ. अविनाश का अभद्रता से गाली गलौज करने का ऑडियो वायरल

**» परिसर में गाड़ी ख़डी करने को लेकर डॉक्टर हुआ आक्रोशित**

**» पीड़ित ने एसडीएम पुलिस और सीएमओ को शिकायती पत्र देकर मामले में कार्यवाही की उठाई मांग**




स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़ावरा परिसर में गाड़ी खड़ी करने को लेकर प्रभारी डॉक्टर अविनाश कुमार का अभद्र व्यवहार सामने आया है। बताया गया है कि परिसर में गाड़ी खड़ी करने को लेकर उक्त डॉक्टर ने गांव के ही एक साभ्रन्त नागरिक के साथ अभद्रता का परिचय देते हुए मोबाइल फोन पर उसके साथ जमकर गाली गलौज की। इस मामले का ऑडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामले को लेकर पीड़ित संभ्रांत नागरिक ने एसडीएम स्थानीय पुलिस और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र देकर मामले की जांच कर कार्यवाही की मांग उठाई है। बताया गया है कि उक्त डॉक्टर अविनाश कुमार का व्यवहार इलाके में काफी खराब है और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले लोगों से भी वह बदतमीजी से बात करता है।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर शाम सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल हुआ, जिसमें एक व्यक्ति विपक्षी के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए जमकर गाली गलौज करता हुआ नजर आ रहा है। जानकारी करने पर पता चला कि मोबाइल फोन के माध्यम से जो व्यक्ति अभद्रता का परिचय देते हुए गाली गलौज कर रहा है, वह कोई और नहीं बल्कि जनपद की सीएससी मड़ावरा में तैनात डॉक्टर अविनाश कुमार है। बताया गया है कि मड़ावरा निवासी सोनू सोनी पुत्र अशोक कुमार सोनी की कार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में खड़ी हुई थी। परिसर में कार खड़ी देखकर सीएससी प्रभारी का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया और उसने सोनू सोनी को फोन लगा कर अभद्रता का परिचय देते हुए जमकर गाली गलौज कर आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया। इस दौरान डॉक्टर ने अभद्रता का परिचय देते समय तत्काल परिसर में खड़ी हुई कर को हटाने के लिए कहा। हालांकि दूसरी तरफ से बोलने वाले सोनू सोनी ने शालीनता का परिचय देते हुए तत्काल अपनी गाड़ी को वहां से हटाने के लिए वह चला भी गया। बताया गया है कि सोनू सोनी एक निजी वेब सीरीज व समाचार पत्र का पत्रकार भी है। इसके बाद इस मामले को लेकर पीड़ित ने उप जिलाधिकारी मड़ावरा के साथ-साथ स्थानीय थाना और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र लिखकर डॉक्टर किया पात्रता से अवगत कराते हुए मामले में कार्यवाही की मांग उठाई।

# खंड शिक्षा अधिकारी नीतू वर्मा ने उच्च प्राथमिक विद्यालय बूढ़ी का किया औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात | महरौनी

उच्च प्राथमिक विद्यालय बूढ़ी में खंड शिक्षा अधिकारी नीतू वर्मा द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय परिवार द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी महरौनी नीतू वर्मा का पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं आत्मीय स्वागत किया गया।

निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी नीतू वर्मा ने विद्यालय में बच्चों के शैक्षिक स्तर, शिक्षण-अधिगम गतिविधियों एवं विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों से संवाद कर उनके शैक्षिक ज्ञान का आकलन भी किया। खंड शिक्षा अधिकारी महरौनी ने विद्यालय के पुस्तकालय कक्ष एवं स्मार्ट कक्षा का निरीक्षण किया। विद्यालय में उपलब्ध शैक्षिक संसाधनों, पुस्तकालय की सुव्यवस्थित व्यवस्था तथा स्मार्ट कक्षा के माध्यम से बच्चों को दी जा रही शिक्षण सुविधाओं को देखकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय की स्वच्छता, अनुशासन एवं शैक्षिक वातावरण की भी सराहना की गई। निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय परिवार का उत्साहवर्धन करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास करने हेतु प्रेरित किया। विद्यालय परिवार की तरफ से विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अमित जैन ने खंड शिक्षा अधिकारी नीतू वर्मा के आगमन एवं मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।



# सागर हाईवे पर टहल रहे आवारा गोवंश के कारण बाइक सवार हुआ हादसे का शिकार

**» ससुराल से बच्चे के साथ घर लौटे रहे ग्रामीण की बाइक एनएच पर धूम रहे गोवंश से टकराने पर हुआ हादसा**

**» मेडिकल कॉलेज से उपचार के बाद गंभीर हालत में दोनों झाँसी रेफर**

**» जिम्मेदारों की उदासीनता से सड़कों पर घूम रहे आवारा मबेसी बं रहे परेशानी का सबब**





स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

अपनी ससुराल रजवारा से अपने मासूम बच्चों के साथ घर लौट रहे एक ग्रामीण की बाइक सागर हाईवे पर घूम रहे आवारा गोवंश से टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हुआ। इस दौरान ग्रामीण और उसके बच्चे को गंभीर हालत में इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जहां उसका इलाज चल रहा है।

शहर की सड़कों से लेकर गांव की गलियों तक चहलकदमी कर रहे आवारा गोवंशों को गौशालाओं में रखने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद में स्थाई और अस्थाई गौशालाओं का संचालन करवाया है और भारी भरकम बजट भेजकर उनके भरण पोषण का भी इंतजाम किया है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों की उदासीनता के चलते आज भी आवारा गोवंश शहर से लेकर गांव की गलियों और हाईवे पर घूम रहे हैं, जो लगातार सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। ऐसे ही आवारा मवेशियों के कारण एक ग्रामीण उसे समय सड़क हादसे का शिकार हो गया जब वह अपनी ससुराल से अपने बच्चों के साथ लौटकर अपने घर जा रहा था। बताया गया है कि थाना नाराहट क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कबराटा निवासी 40 वर्षीय जयराम पुत्र गोली राम कुशवाहा शुक्रवार को अपनी ससुराल सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रजवारा गया हुआ था। जहां से वह शाम करीब 6:00 बजे अपने 6 वर्षीय मासूम बेटे शिवा को लेकर अपने घर वापस आ रहा था। इसी दौरान उसकी बाइक सागर हाईवे पर स्थित ग्राम उमरिया के पास पहुंची थी, कि सड़क पर दौड़ रहे आवारा गोवंशों से टकरा गई और दोनों पिता पुत्र सड़क हादसे का शिकार हो गए। इस सड़क हादसे में पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हुए, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल 108 एंबुलेंस बुलाकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरधा में भर्ती कराया गया। सीएससी बिरधा में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज ललितपुर रेफर कर दिया। जहां से भी उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। इस मामले में उसके भाई हर नारायण ने बताया कि उसका भाई अपने छोटे बच्चों को लेकर ससुराल से अपने घर लौट रहा था इसी दौरान हाईवे पर घूम रहे आवारा गोवंशों से उसकी बाइक टकरा गई और पिता पुत्र दोनों घायल हुए, उन्हें इलाज के लिए मेडिकल भेजा जा रहा है।

# कोतवाली से चंद्र कदमों की दूरी पर कम्पनी बाग़ में शातिर चोर ने बाइक चोरी की घटना को दिया अंजाम

**बाइक चोरी की घटना पास में ही लगे सीसीटीवी में कैद**



ललितपुर। जनपद के शहर इलाके में बाइक चोर आज भी सक्रि[य] हैं, जिसका जीता जागता उदाहरण उस समय देखने को मिला, जब अप[ने] गांव से ग्रामीण शहर किसी काम से आया हुआ था और वह कुछ देर आराम करने के लिए शहर की कंपनी बाग में चला गया। जहां अज्ञात बाइक चोर ने बाहर ख़डी हुई उसकी बाइक को चोरी कर लिया और वहां से लेकर रफू चक्कर हो गया। यह घटना पास में ही लगे सीसीटीवी में कैद हो गई, जो सोशल मीडिया पर वायरल हुई। मामले को लेकर पीड़ित ग्रामीण ने सदर कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग उठाई।

मिली जानकारी के अनुसार थाना बार क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गहराव निवासी विवेक सिंह पुत्र मनोहर सिंह दिनांक 6 अगस्त 2026 को अपने किसी काम से जिला मुख्यालय आया हुआ था। बताया गया है कि वह अपना काम निपटा कर रात्रि करीब 8:30 बजे अपने एक अन्य रिश्तेदार के साथ सदर कोतवाली क्षेत्र से चंद्र कदमों की दूरी पर स्थित कम्पनी बाग़ में घूमने के लिए अपनी बाइक क्रमांक यूपी 94 ए एफ 52001 से गया। बताया गया है कि ग्रामीण ने अपनी बाइक को पार्क के गेट पर खड़ी कर दी और अपने रिश्तेदार के साथ अंदर चला गया। थोड़ी ही देर बाद जब वह अपने रिश्तेदार के साथ बाहर आया, तो उसकी बाइक वहां पर नहीं मिली, जहाँ उसने खड़ी की थी। इस दौरान उसने अपनी बाइक को आसपास सभी जगह ढूंढा, लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। जब उसने पास में ही लगे एक सीसीटीवी को चेक करवाया, तो एक अज्ञात बदमाश उसकी बाइक को लेकर जाता हुआ दिखाई दिया। इसके बाद उसने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया और मामले में कार्यवाही की मांग उठाई। सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद सदर कोतवाली पुलिस बाइक चोर की पड़ताल में जुट गई है। बाइक चोर का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है।

# सिर्फ एक बीडी के लिए दबंग ने मजदूर का सिर फोड़ा.....

**» मजदूर से गाँव में दबँग ने मांगी बीडी, नहीं देने पर मजदूर के साथ मारपीट का पत्थर से हमला क़र शिर फोड़ दिया**

**» डायल 112 पुलिस ने घायल को मेडिकल कॉलेज में कराया भर्ती**



स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

चमरउसा गाँव में महज़ एक बीडी ना देने पर गांव के दबंग ने एक मजदूर का सिर फोड़ दिया। बताया गया है की मजदूरी से लौटे हैं एक मजदूर से जब गांव की दबंग ने बीड़ी मांगी, जो उसके पास नहीं थी। इसलिए उसने बीडी देने से इंकार कर दिया, तो दबंग इतना आक्रोशित हुआ कि उसने मजदूर के साथ मारपीट की और उसका सिर फोड़ दिया। घटना की जानकारी होने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची, जिसने मजदूर को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस चौकी राजघाट के ग्राम चमरउआ निवासी 25 वर्षीय पीतम पुत्र प्यारेलाल अहिरवार मजदूर वर्ग का ग्रामीण है, जो मेहनत मजदूरी कर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करता है। बताया गया है कि शुक्रवार को वह अपने मजदूरी के काम से गया था और शाम को करीब 6:00 बजे वह अपने काम से वापस लौटकर घर जा रहा था। इसी दौरान घर के पास पहुंचा, गाँव का दबँग विपक्षी गंगाराम पुत्र हुकुम सिँह यादव मिला, जिसने पीतम से एक बीडी मांगी। लेकिन प्रीतम के पास बीडी नहीं थी, इसलिए उसने विपक्षी को बीड़ी देने से इनकार कर दिया। इस दौरान दबंग बिपक्षी इतना आक्रोशित हो गया कि उसने प्रीतम को मौके पर दबोच क़र उसके साथ गाली गलौज करते हुए लात घुसो से मारपीट की और पत्थर मार कर उसका सिर फोड़ दिया, जिससे वह लहू-लुहान होकर गंभीर हालत में पहुंच गया। जब दबंग मजदूर के साथ मारपीट कर रहा था, तभी उसके परिजनों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन दबंग ने किसी की एक न सुनी। जिसके बाद परिजनों ने तत्काल डायल 112 नंबर पर घटना की सूचना दी। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने तत्काल घायल को मौके से उठाया और उसे इलाज के लिए ललितपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस को देखकर दबँग मौक़े से रफुचककर हो गया। पीड़ित के भाई हरचरन ने कोतवाली पुलिस को घटना को लेकर शिकायती पत्र भी दिया है। हरचरण का आरोप है कि उसका भाई मजदूरी से लौट रहा था तभी दबंग विपक्षी को बीड़ी ना देने पर उसने सरेआम गाली गलौज कर मारपीट की और पत्थर से हमला कर उसके भाई को गंभीर हालत में पहुंचा दिया।

# मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण)... अभियान के तहत पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर नारी शक्ति को किया गया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर




उत्तर प्रदेश शासन के 'मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण)' के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन, साइबर सुरक्षा के प्रति महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया।

इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में *मिशन शक्ति टीमों, एंटी रोमियो टीमों एवं महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों, बाजारों, बस स्टैंडों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं, महिलाओं एवं आमजन को महिला एवं बाल सुरक्षा से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए आवश्यकता पड़ने पर उनका निर्भीक होकर उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान 1090 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 108 (एम्बुलेंस सेवा), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन) तथा 1930 (राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन) के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही साइबर अपराधों, ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक, ओटीपी अथवा बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा न करने तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के संबंध में जागरूक किया गया। किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल 1930 पर कॉल करने एवं राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त महिला बीट अधिकारियों एवं मिशन शक्ति टीमों द्वारा ग्राम चौपाल, बहू-बेटी सम्मेलन एवं जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों, महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, बाल विवाह, बाल श्रम एवं महिला उत्पीड़न से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही सरकार द्वारा संचालित महिला कल्याण योजनाओं, आत्मनिर्भरता एवं स्वरोजगार के अवसरों के संबंध में भी जागरूक किया गया। एंटी रोमियो टीमों द्वारा विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं अन्य भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित किया गया तथा उन्हें आत्मरक्षा के उपायों, व्यक्तिगत सुरक्षा एवं किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न अथवा असामाजिक गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया गया।

# महरौनी रोड पर सड़क किनारे बाइक पर बैठे दंपति को तेज रफ्तार बोलेरो ने टक्कर मारकर कुचला

**मेडिकल कॉलेज से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को गंभीर हालत में झांसी मेडिकल कॉलेज किया रेफर**





ललितपुर। कोतवाली महरौनी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छिल्ला के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो ने सड़क किनारे बाइक पर बैठे दंपति को टक्कर मारकर कुचल दिया। इस सड़क हादसे में दंपति गंभीर रूप से घायल हुए, जिन्हे स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल 108 एंबुलेंस बुलाकर इलाज के लिए ललितपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में दोनों को प्राथमिक उपचार दिया गया और उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जहां उनका इलाज चल रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना मड़ावरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिमरिया निवासी 22 वर्षीय प्रीतम अपनी 20 वर्षीय पत्नी रूपाली को बीमारी के चलते इलाज करने के लिए ललितपुर मेडिकल कॉलेज लेकर आ रहा था। बताया गया है कि इसी दौरान उसकी पत्नी की तबीयत बिगड़ गई। जिसके चलते रास्ते में ग्राम सिलावन और छिल्ला गांव के बीच पति ने बाइक रोक दी और सड़क किनारे खड़ी कर पत्नी उसी पर बैठी रही। इसी दौरान महरौनी की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो ने उन्हें जोरदार टक्कर मारकर रौंद दिया। इस सड़क हादसे में दोनों पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हुए। सड़क हादसे की आवाज आने और चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़कर आए और दंपति को गंभीर हालत में 108 एंबुलेंस बुलाकर तत्काल इलाज के लिए ललितपुर मेडिकल कॉलेज भिजवाया। मेडिकल कॉलेज में दोनों को प्राथमिक उपचार दिया गया और उनकी गंभीर हालत को देखते हुए दोनों को झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

# मड़ावरा में हर्षोल्लास पूर्वक सम्पन्न हुयी समय प्रेरणा वर्षायोग कलश स्थापना

**» चार महीने तक बरसेगी धर्म की बयार**

**» नवीन पाषाण जिनालय की तय हुयी रूपरेखा**

स्वतंत्र प्रभात | मड़ावरा



आचार्य प्रवर विद्यासागर जी महाराज की अनुकंपा एवं आचार्य भगवन समय सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से धर्मनगरी मड़ावरा में उन्हीं के आज्ञानुवर्ती शिष्य मुनि नीरज सागर,निर्मद सागर जी महाराज की चातुर्मास कलश स्थापना शाहपुरा मध्य प्रदेश से आये शुभांशु जैन के कुशल संचालन में बड़े ही भक्तिभाव हर्षोल्लास से सम्पन्न हुयी इस दौरान बोलियों के माध्यम से कलश स्थापित करने वाले सौभाग्यशाली परिवारों का चयन किया गया इस अवसर पर सकल जैन समाज मड़ावरा एवं क्षेत्रीय समाज के हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि जैन मुनि वर्षा ऋतु के चार महीनों (आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा से कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा तक) में जीवों की रक्षा और अहिंसा के महाव्रत का पालन करने के लिए एक ही स्थान पर रुकते हैं। इस चार महीने के प्रवास को चातुर्मास या वर्षायोग कहते हैं। इस दौरान मंगल कलश की स्थापना मुख्य रूप से धार्मिक और सामाजिक कारणों से की जाती है धर्मनगरी मड़ावरा को वर्ष 2026 का मंगल चातुर्मास आचार्य समय सागर जी की महती अनुकंपा से प्राप्त हुआ था जिसकी कलश स्थापना का कार्यक्रम शनिवार को कस्बे के महावीर विद्याविहार में खचाखच भरे सभागार में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्तिथि में हर्षोल्लास पूर्वक सानंद सम्पन्न की गयी साथ ही विद्याविहार परिसर में पाषाण से बनने वाले नवीन जिनालय हेतु दानदातारों के माध्यम से निर्माण की रूपरेखा तय की गयी इस दौरान सम्पूर्ण समाज एवं आगंतुक अतिथि महानुभावों के सहभोज का आयोजन भी विद्याविहार प्रांगण में किया गया।

**मंगल कलश स्थापना का महत्व :**

जैन संस्कृति में कलश को अचित्त (निर्जीव) और मांगलिक निमित्तों में एक मुख्य प्रतीक माना गया है हालांकि मुनि महाराज स्वयं संकल्प से बंधे होते हैं, लेकिन श्रावक (गृहस्थ) समाज और मंदिर समिति उनके सानिध्य को स्थायी रूप देने के लिए कलश स्थापित करती है कलश स्थापना के माध्यम से पूरा समाज एकजुट होकर चार महीने तक तप, स्वाध्याय, और धर्म आराधना के लिए संकल्पित होता है।

## संक्षिप्त खबरें

### वरिष्ठ पत्रकार रणवीर सिंह सिसोदिया को मातृ शोक

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के साकेत नगर मोहल्ला निवासी वरिष्ठ पत्रकार रणवीर सिंह सिसोदिया की माताजी स्वराज सिंह (90) का शुक्रवार देर शाम निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रही थीं। उनके निधन की खबर से उनके शुभचिंतकों और परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई। स्वराज सिंह अपने पीछे तीन बेटों महेश सिसोदिया, रणवीर सिसोदिया और उमेश सिसोदिया सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई। उनके नाती सचिन, सार्थक, विशाल, शुभम और अक्षिता सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। शनिवार को गेगासो गंगा घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, प्रो. अरुण कुमार सिंह मुन्ना, पवन सिंह, अवनींद्र पांडेय, जयप्रकाश सिंह, सनी सिंह, सुखेंद्र बहादुर सिंह, संजय तिवारी, अरविंद अग्निहोत्री, दीपक सिंह, बबलू सहित अन्य लोगों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया।

### समाजवाद के पुरोधा जनेश्वर मिश्र की जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**देवरिया।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय बांस देवरिया स्थित मुलायम सिंह यादव सभागार में बुधवार को समाजवादी चिंतक, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनके संघर्ष और विचारों को याद किया। जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने कहा कि जनेश्वर मिश्र का पूरा जीवन सिद्धांत, संघर्ष, सादगी और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा। उन्होंने सत्ता को लक्ष्य बनाने के बजाय जनसेवा को प्राथमिकता दी और गरीब, किसान, नौजवान तथा वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए आवाज उठाई। आज लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों के सामने चुनौतियों के दौर में उनके विचार और अधिक प्रासंगिक हैं। पूर्व विधायक सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि जनेश्वर मिश्र ने आजीवन सिद्धांतों की राजनीति की। उनका सादगीपूर्ण जीवन और राजनीतिक आचरण समाजवादी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

पूर्व विधायक स्वामीनाथ यादव ने कहा कि जनेश्वर मिश्र ने सामाजिक न्याय, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने युवाओं को संघर्ष, ईमानदारी और जनसेवा की राह दिखाई। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव मंजूर हसन ने किया। अंत में पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक न्याय तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। इस दौरान परवेज आलम, हृदय नारायण जायसवाल, हाफिज शहादत हुसैन अंसारी, राजवंशी राजभर, मुरली मनोहर जायसवाल, मोहन गुप्ता, डॉ. रामनाथ चौहान, लक्ष्मण निषाद, हरेंद्र सिंह त्यागी, इंद्रेश सिंह, मुन्ना यादव, हरेंद्र यादव, आफताब आलम, वंदना पासवान, रंजना भारती, अंबिका यादव, श्याम बहादुर भारती, सुनील सिंह, रामानंद यादव, रामबचन सिंह यादव समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ड्राइविंग टेस्टिंग सेंटर पर गंभीर सवाल: लाइसेंस दिलाने के नाम पर 2,200 मांगने का आरोप

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

» आईटीआई कैंपस के बगल स्थित ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं टेस्टिंग इंस्टीट्यूट का मामला
» बायोमेट्रिक के नाम पर 100 सुविधा शुल्क लिए जाने का है रिकॉर्ड




**बस्ती।** आईटीआई कैंपस के बगल स्थित ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं टेस्टिंग इंस्टीट्यूट के टेस्ट ट्रैक की कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। दोपहिया और चारपहिया वाहनों के ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया में आवेदकों से कथित तौर पर अतिरिक्त रकम लिए जाने और टेस्टिंग प्रक्रिया को लेकर अनियमितता के आरोप सामने आए हैं। मामला उस समय चर्चा में आया जब एक आवेदक ने अपने बच्चे और एक रिश्तेदार के ड्राइविंग लाइसेंस के लिए निर्धारित सरकारी शुल्क ऑनलाइन जमा कराया। इसके बाद बायोमेट्रिक प्रक्रिया के दौरान कथित रूप से 100 अतिरिक्त सुविधा शुल्क लिए जाने की बात सामने आई। आरोप है कि इसके बाद लाइसेंस की प्रक्रिया पूरी कराने के लिए 2,200 और देने की बात कही गई। आवेदक के अनुसार, कथित तौर पर यह भी कहा गया कि यदि 2,200 नहीं दिए जाते हैं तो वाहन को टेस्ट ट्रैक पर चलाकर ड्राइविंग टेस्ट देना होगा। वहीं, अतिरिक्त रकम देने पर बिना टेस्ट दिए लाइसेंस की प्रक्रिया आगे बढ़ने की बात कही गई।

**टेस्टिंग प्रक्रिया पर भी उठे सवाल–** आवेदक का दावा है कि बृहस्पतिवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक वह टेस्टिंग सेंटर में मौजूद रहा, लेकिन इस दौरान उसे टेस्ट ट्रैक पर किसी आवेदक को वाहन चलाते हुए नहीं देखा गया। ऐसे में सवाल उठता है कि यदि ड्राइविंग लाइसेंस के लिए अनिवार्य टेस्टिंग हो रही है तो आवेदकों का वास्तविक ड्राइविंग टेस्ट किस प्रकार लिया जा रहा है। आवेदक ने पूरे परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कराए जाने की मांग की है, ताकि उस अवधि में टेस्टिंग प्रक्रिया की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके।

**प्रतिदिन हजारों रुपये की वसूली का आरोप–** स्थानीय स्तर पर यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि टेस्टिंग सेंटर पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में आवेदकों से अतिरिक्त रकम की वसूली की जाती है। कुछ लोगों ने आकलन कर के कथित रूप से प्रतिदिन 50 हजार से 1 लाख तक की अवैध वसूली होने की बात कही है।

**क्या बिना टेस्ट पास किए मिल सकता है लाइसेंस?**

पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यही है कि यदि कोई आवेदक ड्राइविंग टेस्ट में असफल होता है तो क्या अतिरिक्त रकम लेकर उसके लाइसेंस की प्रक्रिया पूरी की जा सकती है? यदि ऐसा हो रहा है तो यह न केवल ड्राइविंग टेस्टिंग व्यवस्था की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़ा करता है,बल्कि सड़क सुरक्षा के लिए भी चिंता का विषय है। ड्राइविंग लाइसेंस का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वाहन चालक सड़क पर वाहन चलाने के लिए आवश्यक कौशल और नियमों की जानकारी रखता हो। ऐसे में यदि बिना उचित टेस्ट के लाइसेंस जारी किए जाने की शिकायत सही पाई जाती है तो संबंधित व्यवस्था की निष्पक्ष जांच बेहद जरूरी हो जाती है। शिकायतकर्ता का कहना है कि करीब तीन वर्ष बाद जब उसने अपने बच्चे और एक रिश्तेदार के लाइसेंस के लिए सरकारी प्रक्रिया के तहत आवेदन किया तो उसे कथित रूप से अतिरिक्त रकम देने की बात कही गई। उसका कहना है कि यदि वह अतिरिक्त पैसा नहीं देता तो उसे स्वयं वाहन चलाकर टेस्ट देना पड़ता, जबकि पैसा देने की स्थिति में बिना टेस्ट के लाइसेंस की प्रक्रिया पूरी कराने का संकेत दिया गया।

**जांच से सामने आ सकती है सच्चाई–** मामले में लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच जरूरी है। टेस्ट ट्रैक के सीसीटीवी फुटेज,बायोमेट्रिक रिकॉर्ड, ऑनलाइन आवेदन,सरकारी शुल्क की रसीद,टेस्टिंग रिकॉर्ड तथा उस दिन उपस्थित आवेदकों का विवरण जांचा जाए तो वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है। शिकायतकर्ता ने संबंधित अधिकारियों से पूरे मामले की जांच कराने और यदि अनियमितता पाई जाती है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## अगस्त क्रांति ने आजादी की लड़ाई को दी निर्णायक दिशा

**देवरिया।** भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ पर भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका परिसर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर अगस्त क्रांति के क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन मिश्र ने कहा कि 8 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन का आह्वान किया गया था। गांधी जी ने अंग्रेजी शासन को भारत से समाप्त करने और देश को पूर्ण स्वतंत्रता दिलाने के लिए आंदोलन के दौरान 'करो या मरो' का ऐतिहासिक नारा दिया।

उन्होंने कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन ने स्वतंत्रता संग्राम को निर्णायक दिशा देने के साथ ही देशवासियों में एकता, राष्ट्रप्रेम और स्वतंत्रता की भावना को और मजबूत किया। भाजपा के पूर्व मीडिया प्रभारी अम्बिकेश पांडेय ने कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन ने ब्रिटिश शासन की नींव हिला दी थी। इस आंदोलन ने युवाओं में नई ऊर्जा का संचार किया और अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध जनआंदोलन को व्यापक रूप दिया। स्वतंत्रता प्राप्ति के संघर्ष में अगस्त क्रांति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर विजय कुशवाहा, वीरेंद्र पाठक, विजेंद्र चौहान, आदित्यनाथ मिश्र, राजू मिश्रा, सुमंत और सूरज कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वीडियो मौजूद, एफआईआर का आदेश भी जारी; फिर कार्रवाई में देरी क्यों?

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**बस्ती।** बस्ती जिले के कलवारी थाना क्षेत्र के बनकटा गांव में जमीन विवाद और मारपीट के मामले में आखिरकार पुलिस को मुकदमा दर्ज करना पड़ा। घटना 31 जुलाई 2026 की बताई जा रही है, जबकि मुकदमा 07 अगस्त 2026 को दर्ज किया गया शिकायतकर्ता बलजीत चौधरी की शिकायत पर मुकदमा संख्या 192/2026 दर्ज होने के बाद इसे खबर का असर माना जा रहा है पीड़ित पक्ष का आरोप है कि घटना के बाद शिकायत करने के बावजूद पुलिस तत्काल मुकदमा दर्ज करने के बजाय उन्हें थाने और अधिकारियों के चक्कर कटवाती रही मामला मीडिया में प्रमुखता से उठने और कलवारी पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े होने के बाद आखिरकार 08 अगस्त को मुकदमा दर्ज किया गया आरोप है कि संतराम, जयदीप उर्फ सोनू, रूबी, उर्मिला और अशर्फी देवी लोग जमीन पर कब्जे की नीयत से पहुंचे और मारपीट की पीड़ित पक्ष के अनुसार 31 जुलाई की सुबह करीब 8 बजे निर्माण कार्य के दौरान लाठी-डंडे और सरिया लेकर पहुंचे लोगों ने गाली-गलौज करते हुए निर्माणाधीन दीवार गिराने का प्रयास किया। विरोध करने पर मारपीट की गई तथा बचाने पहुंचीं शिवांगी और प्रीति के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप है

**पुलिस ने अब मुकदमा संख्या**

192/2026 में BNS की धारा 191(2), 115(2), 352, 351(3) और 324(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया है FIR 7 अगस्त को, घटना 31 जुलाई की सवाल बड़ा है जबकि पहले सीताराम का मुकदमा तत्काल दर्ज हुआ चोटे दोनों तरफ आई थी लेकिन मुकदमा एक पक्ष का ही दर्ज हुआ था आखिर मंजू बनाम स्टेट आफ यूपी के हाईकोर्ट का जजमेंट का हवाला हुआ सच साबित मामले में थाना प्रभारी संतोष कुमार ने पहले मीडिया से कहा था कि बलजीत चौधरी के मामले में उच्च अधिकारियों का मुकदमा दर्ज करने का आदेश आ चुका है। उन्होंने यह भी बताया था कि वीडियो में मारपीट की घटना स्पष्ट दिखाई दे रही है फिर सवाल यही है जब घटना 31 जुलाई की थी, वीडियो मौजूद था और उच्च अधिकारियों का आदेश भी आ चुका था, तो 08 अगस्त तक मुकदमा दर्ज क्यों नहीं हुआ? क्या आम जनता की शिकायत पर पुलिस खुद मुकदमा दर्ज नहीं कर सकती? क्या मीडिया में मामला उठने के बाद ही थाने की कार्रवाई आगे बढ़ेगी? सवाल अभी भी है पुलिस पर 31 जुलाई की घटना, 8 अगस्त को स्न्रद्धक्र; अब सवाल सिर्फ मुकदमा दर्ज होने का नहीं, बल्कि आठ दिन की देरी का भी है।

## मरवटिया तिवारी से खोभा जाने वाली सड़क गढ्ढे तबदील




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बस्ती।** बस्तीजिले केविकास खंड कप्तानगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत मरवटिया तिवारी के ग्राम खोभा तथा ग्राम पंचायत थूहा की सरहद के बीच स्थित मुख्य संपर्क मार्ग पर लगभग 30 मीटर सड़क लंबे समय से बदहाल पड़ी है। सड़क पर गहरे गड्ढे और बारिश के कारण जलभराव होने से राहगीरों का आवागमन अत्यंत कठिन हो गया है। यह मार्ग खोभा पुलिया से रमापति जोत की पक्की सड़क को जोड़ता है और इसी रास्ते से प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण, स्कूली बच्चे तथा अन्य राहगीर आवागमन करते हैं। बरसात के दिनों में सड़क पूरी तरह कीचड़ और पानी से भर जाती है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार लोग फिसलकर चोटिल भी हो जाते हैं।ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग खोभा पंचायत भवन तक पहुंचने वाला प्रमुख रास्ता है। इसके बावजूद अब तक सड़क निर्माण की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी भी इसी मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस संबंध में ग्राम प्रधान अजय कुमार गुप्ता एवं हीरालाल निषाद से कई बार सड़क निर्माण कराने की मांग की गई, लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं निकल सका। ग्रामीणों का कहना है कि केवल 30 मीटर सड़क बन जाने से वर्षों पुरानी समस्या समाप्त हो सकती है और हजारों लोगों को राहत मिलेगी। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से तत्काल सड़क का निर्माण कराए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत कर आंदोलन करने को विवश होंगे।

## रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**लालगंज (रायबरेली)।** बांदा बहराइच मार्ग पर बढ़ईन का पुरवा गांव के पास शनिवार को तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक सवार युवक को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे सीएचसी पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।शोभवापुर गांव निवासी अखिलेश सिंह (27) शनिवार को वह बाइक से दो सड़का की ओर जा रहे थे। इसी दौरान फतेहपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उनकी बाइक में सामने से टक्कर मार दी।टक्कर लगते ही अखिलेश सड़क पर गिर पड़े। उन्हें गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद राहगीरों ने पिकअप वाहन की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि घायल का उपचार कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# बस्ती में स्वास्थ्य सेवाओं को मिली नई सौगात, ओम जागृति हॉस्पिटल केयर का उद्घाटन

» अब बस्तीवासियों को मिलेगा बेहतर एवंगुणवत्तापूर्णउपचार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**बस्ती।** जनपद बस्ती में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत मोहल्ला चाईबारी, निकट कोतवाली रोड स्थित ओम जागृति हॉस्पिटल केयर का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। अस्पताल का शुभारंभ बस्ती सदर विधायक महेंद्र नाथ यादव ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, चिकित्सक, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। अस्पताल की संचालक डॉ. जागृति ने बताया कि ओम जागृति हॉस्पिटल केयर का उद्देश्य जनपदवासियों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में विभिन्न प्रकार की बीमारियों का समुचित उपचार किया जाएगा, जिससे मरीजों को बेहतर चिकित्सा के लिए बाहर जाने की आवश्यकता न पड़े।

डॉ. जागृति ने कहा कि अस्पताल केवल इलाज का केंद्र नहीं, बल्कि सेवा और मानवता का भी प्रतीक बनेगा। आर्थिक रूप से कमजोर, गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। साथ ही स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का भी प्रयास किया जाएगा। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक महेंद्र नाथ यादव ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने ओम जागृति हॉस्पिटल केयर की पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह अस्पताल जनपद के लोगों को उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा और समाज सेवा का एक आदर्श केंद्र बनेगा। समारोह में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा सबसे बड़ा मानव धर्म है। ओम जागृति हॉस्पिटल केयर मरीजों को संवेदनशील देखभाल, आधुनिक उपचार और विश्वासपूर्ण चिकित्सा उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह समर्पित रहेगा। गरीबो एवं आयुष्मान कार्ड से इलाज होगा हर संभव प्रयास जारी रहेगा मरीजों की ज्ञान की सुरक्षा पहली प्राथमिकता है। स्थानीय लोगों ने अस्पताल के शुभारंभ का स्वागत करते हुए इसे बस्ती जनपद के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने डॉ. जागृति के सेवा भाव की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि यह अस्पताल विशेष रूप से गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए आशा की नई किरण साबित होगा और जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई मिसाल कायम करेगा।

# मंडलायुक्त ने भदेश्वरनाथ धाम मे लगाई हाजिरी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बस्ती।** बस्ती मंडल के नवागत मंडलायुक्त वैभव श्रीवास्तव ने गुरुवार की शाम भदेश्वरनाथ मंदिर परिसर तथा कांवड़ यात्रा मार्ग का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम आवागमन, स्वच्छता व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक प्रबंधों का गहनता से जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश निर्देश दिया मंडलायुक्त सबसे पहले बाबा श्री भदेश्वरनाथ मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान शिव का दर्शन-पूजन कर प्रदेश एवं जनपदवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की। इसके उपरांत उन्होंने मंदिर परिसर का भ्रमण कर श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, साफ सफाई, शौचालयों तथा पार्किंग स्थलों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाएं पूरी सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ संचालित की जाएं।

इसके बाद मंडलायुक्त ने कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण करते हुए यातायात व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधों तथा संवेदनशील स्थलों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रा मार्ग पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा चिकित्सा टीमों, एंबुलेंस सेवाओं तथा आपातकालीन सहायता केंद्रों को भी पूरी तरह सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने कहा कि श्रावण मास के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए बाबा श्री भदेश्वरनाथ मंदिर पहुंचते ऐसे में प्रशासन की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना, मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी ज्ञानचंद्र गुप्ता, मुख्य राजस्व अधिकारी कीर्ति प्रकाश भारती, अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकांत, क्षेत्राधिकारी पुलिस सत्येंद्र भूषण तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## क्षेत्राधिकारी व नायब तहसीलदार के नेतृत्व में संपन्न हुआ थाना दिवस

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**शुकुल बाजार, अमेठी।** थाना परिसर बाजार शुक्ल में शनिवार को थाना दिवस/समाधान दिवस का आयोजन क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह एवं नायब तहसीलदार मुसाफिरखाना राम लखन वर्मा के नेतृत्व में किया गया। समाधान दिवस में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे फरियादियों ने राजस्व एवं पुलिस से संबंधित अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए।थाना दिवस के दौरान कुल 13 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से तीन शिकायतों का मौके पर ही गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण किया गया। वहीं, शेष शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें गठित कर संबंधित स्थानों पर भेजी गईं। अधिकारियों ने निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए दोनों पक्षों की बात निष्पक्षता से सुनकर नियमानुसार एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार सिंह एवं नायब तहसीलदार राम लखन वर्मा ने अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि थाना दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। फरियादियों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए तथा प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को त्वरित न्याय एवं बेहतर प्रशासनिक सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष बाजार शुक्ल विवेक वर्मा, राजस्व निरीक्षक संतराम, न्यायालय सुल्तानपुर से अंकित शर्मा सहित थाना पुलिस स्टाफ एवं राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने उपस्थित फरियादियों को भरोसा दिलाया कि शेष शिकायतों का भी निर्धारित समयसीमा में निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण कराया जाएगा।

## आईटीआई में पूर्व में आवेदन करने वाले अभ्यर्थी 09 से 12 अगस्त तक व्यवसाय एवं संस्थान में कर सकेंगे संशोधन

**रायबरेली।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रायबरेली विवेक कुमार तिवारी ने बताया कि अधिशासी निदेशक, राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, अलीगंज, लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद के 05 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, 02 पीपीपी संस्थानों एवं 13 निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को अपने पूर्व में किए गए आवेदन में संशोधन का अवसर प्रदान किया गया है। अभ्यर्थी 09 अगस्त 2026 से 12 अगस्त 2026 की रात्रि 12:00 बजे तक अपने आवेदन में अपेक्षित संशोधन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि कतिपय तकनीकी कारणों से कुछ व्यवसाय/संस्थान एनसीवीटी/एससीवीटी के अंतर्गत प्रदर्शित नहीं हो रहे थे। अब सभी संबंधित ट्रेड एवं संस्थान पोर्टल पर प्रदर्शित हो रहे हैं। इच्छुक अभ्यर्थी https://scvtup.in पोर्टल पर अपने पूर्व में किए गए आवेदन को खोलकर अपनी इच्छानुसार वर्तमान ट्रेड एवं संस्थान का चयन करते हुए निर्धारित अवधि में संशोधन कर सकते हैं। उन्होंने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपने आवेदन में आवश्यक संशोधन अवश्य कर लें।

# मुसाफिरखाना में थाना दिवस संपन्न, अधिकारियों ने सुनी फरियाद

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**शुकुलबाजार अमेठी,** जनपद अमेठी अंतर्गत विकासखंड शुकुलबाजार मे नवागत खंड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी के पदभार ग्रहण करने पर शिक्षक पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने नवागत खंड विकास अधिकारी हरिओम तिवारी को शुभकामनाएं दी वहीं सामाजिक कार्यो के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों मे उत्कृष्ट योगदान देने वाली संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि.के प्रबंधक समाजसेवी पी.के.तिवारी ने कार्यालय खंड शिक्षा अधिकारी शुकुलबाजार पहुंचकर बतौर संस्था प्रबंधक खंड शिक्षा अधिकारी को श्री राधा कृष्ण प्रतिमा भेंटकर शुभकामनाएं दी एवं संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान द्वारा कराए जा रहे कार्यो से अवगत कराया और इस समय लक्ष्य एक हजार वृक्षारोपण के तहत वृक्षारोपण महाभियान के बारे मे जानकारी दी उक्त अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शुकुलबाजार के अध्यक्ष शिवकुश पाण्डेय, एआरपी डॉ अजय त्रिपाठी, कमल कुमार शर्मा,अभिजीत श्रीवास्तव, दीप कश्यप, संदीप यादव एवं कम्पोजिट विद्यालय किसनी के इं. प्रधानाध्यापक राघवेंद्र त्रिपाठी तथा शिक्षक राहुल पाण्डेय भी उपस्थित रहे सभी ने खंड शिक्षा अधिकारी को शुभकामनाएं दी,वहीं खंड विकास अधिकारी हरिओम तिवारी ने संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान द्वारा कराए जा रहे पुनीत कार्यो की सराहना करते हुए संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी का धन्यवाद किया। नवजात खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि सभी स्कूलों में बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना प्रथम प्राथमिकता है, साथ ही साथ उन्होंने सभी शिक्षकों से निर्धारित समय से विद्यालय पहुंचकर बच्चों के पठन-पाठन कार्य को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा सभी लोग अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन बेहतर ढंग से करे जिससे सब पढे, सब बढे का सपना साकार हो।

## पत्रकार रमेश यादव बने देवीपाटन मंडल अध्यक्ष



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बलरामपुर।** पत्रकार एवं समाजसेवी रमेश कुमार यादव को श्री बलराम दल जन सेवा संगठन का देवीपाटन मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नई जिम्मेदारी मिलने पर रमेश यादव ने संगठन के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि उन पर जताए गए विश्वास को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाया जाएगा। रमेश यादव ने कहा कि वह लंबे समय से पत्रकारिता और सामाजिक कार्यो के माध्यम से आमजन की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते रहे हैं। अब संगठन की ओर से देवीपाटन मंडल की जिम्मेदारी मिलने से जनसेवा के कार्यो को और व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाने का अवसर मिला है।

उन्होंने कहा कि मंडल अध्यक्ष के रूप में उनकी प्राथमिकता छात्र-छात्राओं, किसानों, महिलाओं, युवाओं, श्रमिकों, गरीबों और जरूरतमंद लोगों की समस्याओं को संबंधित अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाकर उनके समाधान के लिए प्रभावी प्रयास करना होगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान हित, महिला सशक्तीकरण, युवा विकास और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि देवीपाटन मंडल के सभी जिलों में संगठन का विस्तार करते हुए अधिक से अधिक युवाओं और समाजसेवियों को जोड़ा जाएगा। कार्यकर्ताओं के सम्मान और समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर संगठन को मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा। रमेश यादव ने अपनी नियुक्ति के लिए संगठन के संस्थापक सचिव मनीष यादव का विशेष रूप से आभार जताया। उन्होंने कहा कि संगठन के शीर्ष नेतृत्व का मार्गदर्शन और कार्यकर्ताओं का सहयोग उन्हें जनहित के कार्यो के लिए निरंतर प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने संगठन के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों से सहयोग की अपील की।

**छात्र, किसान, महिला और युवाओं की आवाज बनकर जनहित के मुद्दे उठाने का लिया संकल्प**

# पिछड़ा वर्ग आरक्षण पर आयोग की बैठक



**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति राम औतार सिंह एवं सदस्यगण ने शनिवार को बलरामपुर का दौरा कर स्थानीय ग्रामीण निकायों में पिछड़ा वर्ग आरक्षण से जुड़े मुद्दों पर जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से संवाद किया। आयोग ने तुलसीपुर देहात में बैठक एवं जनसुनवाई के बाद कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा कर उनके सुझाव और अभिमत लिए। आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति राम औतार सिंह के साथ सदस्य बृजेश कुमार, संतोष कुमार विश्वकर्मा, डॉ. अरविन्द कुमार चौरसिया और एसपी सिंह भी मौजूद रहे। तुलसीपुर देहात में आयोग ने ग्रामीणों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से विभिन्न वर्गो की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक स्थिति के संबंध में जानकारी ली। साथ ही ग्रामीण निकायों में पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व और आरक्षण से जुड़े स्थानीय मुद्दों पर लोगों के विचार सुने। इसके बाद कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। आयोग के सदस्यों ने ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न वर्गो की वर्तमान सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक स्थिति तथा पिछड़ा वर्ग के आरक्षण और प्रतिनिधित्व से संबंधित जानकारी प्राप्त की। जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की स्थानीय परिस्थितियों और अनुभवों के आधार पर आयोग के समक्ष सुझाव एवं अपना अभिमत रखा। आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों ने सभी पक्षों को सुनते हुए प्राप्त सुझावों और स्थानीय परिस्थितियों से जुड़ी जानकारी को संज्ञान में लिया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, उपायुक्त मनरेगा, परियोजना निदेशक डीआरडीए सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### समय से वाउचर बनने पर एलपीजी के लिए भटक रहे उपभोक्ता

**पूरनपुर ( पीलीभीत )।** राज इंडेन गैस सर्विस की सप्लाई ठप होने के बाद अन्य गैस एजेंसी पर निर्भर उपभोक्ताओं की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अन्य गैस एजेंसी संचालकों द्वारा समय से वाउचर जारी न करने के कारण सुबह से लाइनों में खड़े ग्रामीणों को बिना सिलेंडर लिए खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। नियमों को ताक पर रखकर न तो होम डिलीवरी की जा रही है और न ही फोन पर कोई जानकारी दी जा रही है। इस नई व्यवस्था से परेशान स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से जिम्मेदार एजेंसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और समय से वाउचर जारी कराने की मांग की है।

### पूरनपुर में भी आला हज़रत के 108वें उर्स पर हुई कुल की फातिहा

**पूरनपुर ( पीलीभीत )।** नगर क्षेत्र में उर्स ए आला हजरत बड़ी धूमधाम से मनाया गया। पूरनपुर की सभी मस्जिदों में आला हजरत का 108 वां कुल शरीफ मनाया गया। इस मौके पर सभी मस्जिदों में कुल शरीफ की फातेहा हुई और इस दौरान आला हजरत की शान में मसनक़ाबत पढ़ी गई और आला हजरत की नूरानी रूहानी जिंदगी पर रोशनी डाली गई। पैगाम ए अमन काउंसिल की जाने से भी आला हजरत की उर्स की फातिहा की गई। इस मौके पर तौफीक अहमद कादरी ने कहा कि आला हजरत ने अपनी पूरी जिंदगी सुन्नते मुस्तफा में गुजारी। आप ने 1400 किताबें लिखी हैं। जोकि दुनिया की सभी सभी विषयों पर लिखी गई है। भूगोल साइंस तारीख पर आपने कई किताबें लिखी है। जिनमें दुनिया के पेचीदा मसलों का हल मौजूद है। बड़े बड़े दानिशवर आज भी हैरान हैं। उन्होंने कहा कि आज कल के बच्चे मोबाइल में अपना वक्त बर्बाद करते हैं। अगर आज भी आला हज़रत सरकार की लिखी किताबों को पढ़े तो उन्हें दुनिया में आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता। दुनिया के कई देशों में आला हज़रत की किताबों पर पी एच डी हो रही है। तलवा शोध कर रहे हैं। इस दौरान तौफ़ीक़ अहमद क़ादरी ने आला हज़रत की किताबों को उच्च क्लास की कक्षा में शामिल करने की मांग की। इस दौरान नादिर रज़ा बरकाती, जमील अहमद, जाकिर नूरी, समी रज़ा, अली अकबर क़ादरी, हाफिज एजाज अहमद, खालिद रज़ा बरकाती इत्यादि मौजूद थे।

# नीमगांव में दलित युवती की संदिग्ध मौत, दुष्कर्म और हत्या के आरोपों की जांच तेज

## एक दर्जन से अधिक पुलिस टीमें जुटीं, फॉरेंसिक साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** नीमगांव थाना क्षेत्र में एक दलित युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। परिजनों ने युवती के साथ दुष्कर्म के बाद गला कसकर हत्या करने और शव को घसीटे जाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। हालांकि, इन आरोपों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए। पुलिस के मुताबिक, घटनास्थल से मृतका की हंसिया समेत कई वस्तुएं बरामद हुई हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। इसके साथ ही तकनीकी साक्ष्यों और अन्य उपलब्ध जानकारियों के आधार पर पुलिस घटना की कड़ियां जोड़ने में जुटी है।

**पिता ने लगाए गंभीर आरोप**

मृतका के पिता ने बेटी के साथ दरिंदगी किए जाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि घटनास्थल की स्थिति को देखकर घटना की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। हालांकि, उन्होंने फिलहाल किसी व्यक्ति पर सीधे तौर पर संदेह जाहिर नहीं किया है।पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है और किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों का मिलान किया जा रहा है।

**एक दर्जन से अधिक पुलिस टीमें जांच में जुटीं**

घटना के जल्द खुलासे के लिए पुलिस ने कई टीमें गठित की हैं। स्वाट टीम, लोकल इंटेलिजेंस यूनिट और थाना स्तर की टीमें अलग-अलग बिंदुओं पर जांच कर रही हैं। मितौली इंस्पेक्टर के नेतृत्व में भी टीमें संदिग्धों की गतिविधियों और घटना से जुड़े तथ्यों की जानकारी जुटा रही हैं।पुलिस के अनुसार, एक दर्जन से अधिक टीमें घटना के अनावरण में लगी हैं। संदिग्ध लोगों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है और कई लोगों से पूछताछ भी की गई है। फॉरेंसिक साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी इनपुट के आधार पर पुलिस संदिग्धों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

**अधिकारियों ने कहा—जांच में मिले महत्वपूर्ण सुराग**

नीमगांव थाना अध्यक्ष प्रवीर कुमार गौतम और सीओ मितौली यादवेंद्र यादव के मुताबिक, घटना के खुलासे के लिए कई पुलिस टीमें गठित की गई हैं। अधिकारियों का कहना है कि जांच के दौरान महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं और पुलिस घटना के करीब पहुंच रही है। जल्द से जल्द मामले का खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है।फिलहाल पुलिस की टीमें संदिग्धों की तलाश में लगातार दबिश दे रही हैं। युवती की मौत के पीछे वास्तविक कारण क्या था और घटना को किसने अंजाम दिया, इसका स्पष्ट खुलासा पुलिस जांच, फॉरेंसिक साक्ष्यों और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा।

# मिट्टी खनन में लगी ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी, डंपर अब भी बेखौफ !

## आखिर किसके संरक्षण में चल रहा अबैध मिट्टी खनन का कारोबार ?

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तहसील क्षेत्र के गढ़वाखेड़ा पुलिस चौकी क्षेत्र में कथित अवैध मिट्टी खनन और परिवहन का कारोबार एक बार फिर सवालों के घेरे में है। राजस्व विभाग ने एक दिन पूर्व शुक्रवार को छापेमारी कर मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़कर कार्रवाई की, लेकिन इसके बावजूद क्षेत्र की सड़कों पर मिट्टी से लदे डंपरों की आवाजाही जारी रहने से**

**पूरनपुर ( पीलीभीत )।** राजस्व प्रशासन ने एक बार फिर अवैध मिट्टी खनन में लगी ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ लिया। पिछले दो दिनों में मिट्टी के दो मामले उजागर होने के बावजूद भी मिट्टी से भरे डंपर बेखौफ सड़कों पर दौड़ रहे हैं। आखिर किसके संरक्षण में बड़े पैमाने पर मिट्टी खनन कर डंपरों के माध्यम से मिट्टी बिक्री का कारोबार किया जा रहा है ? यह एक गहन जांच का विषय है। तहसील क्षेत्र के गढ़वाखेड़ा पुलिस चौकी क्षेत्र में कथित अवैध मिट्टी खनन और परिवहन का कारोबार एक बार फिर सवालों के घेरे में है। राजस्व विभाग ने एक दिन पूर्व शुक्रवार को छापेमारी कर मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़कर कार्रवाई की, लेकिन इसके बावजूद क्षेत्र की सड़कों पर मिट्टी से लदे डंपरों की आवाजाही जारी रहने से प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों में चर्चा है कि जब छोटे वाहनों पर कार्रवाई हो सकती है तो बेखौफ दौड़ रहे डंपरों पर आखिर किसकी मेहरबानी है ? एसडीएम पूरनपुर मयंक गोस्वामी और तहसीलदार आशिष गुप्ता के नेतृत्व में हुई छापेमारी के दौरान टीम को देखकर कई चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गए, जबकि एक मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ ली गई। शनिवार ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से बिना मिट्टी खनन का कारोबार चल रहा है और बड़े पैमाना पर तो डंपरों से चल रहा है। आखिर डंपर पर कार्रवाई क्यों नहीं किया ? यह कारोबार सभी नियमों के पालन के तहत हो रहा है, या फिर संरक्षण के चलते प्रशासन भी कार्रवाई से बच रहा है। इसको लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है।

## चेहल्लुम का मेला देखने निकला बालक रास्ता भटका, चाइल्ड हेल्पलाइन ने परिजनों से मिलवाया



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर।** चेहल्लुम का मेला देखने निकला बालक रास्ता भटक गया। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम ने बालक को काउंसलिंग कर उसके परिजनों के हवाले कर दिया। शनिवार को एक ट्रक ड्राइवर द्वारा आपातकालीन नंबर 112 नंबर पर सूचना दी कि अमरिया बॉर्डर पर एक नाबालिग बालक बरेली के नवाबगंज से पीलीभीत आ गया है, जोकि रास्ता भटकने के कारण अकेला रो रहा है। सूचना प्राप्ति के उपरांत 112 पुलिस द्वारा बालक को रेस्क्यू कर थाना सुनगढ़ी लाया गया तथा मामले से चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को अवगत कराया गया। सूचना मिलते ही चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक निर्वान सिंह के निर्देश पर टीम पर्यवेक्षक त्रिभुवन सिंह एवं केस वर्कर प्रतुल सिंह मौके पर पहुंचे और बालक को अपनी सुपुर्दगी में लेकर काउंसलिंग की तो बालक ने बताया कि वह नवाबगंज का रहने वाला है तथा जहानाबाद में लगे चेहल्लुम का मेला देखने आ था। परंतु रास्ता भटक गया। चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने बालक की पता पुष्टि हेतु मामले से थाना नवाबगंज को अवगत कराया गया। चाइल्ड हेल्पलाइन की तत्परता से बालक के पता की पुष्टि हो गई और 24 घंटे के अंदर बाल कल्याण समिति पीलीभीत के आदेश पर बालक को उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया।

## ढका ज0 पूरनपुर की नूरी मस्जिद के पास चला तली झाड़ सफाई अभियान

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** लगातार एक दशक से ग्राम का प्रतिनिधित्व कर रहीं महिला प्रधान व उनके प्रतिनिधि-पति ने ग्राम पंचायत सचिव के सहयोग से गांव को स्वच्छ एवं विकास कार्यों से परिपूर्ण बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। शनिवार को भी उन्होंने गांव में बड़े पैमाने पर सफाई कार्य कराया। जिसमें मस्जिद के पास जलभराव की स्थिति न बने इसको लेकर नाला नालियों की तली झाड़ सफाई पर विशेष जोर दिया गया। विकास खंड पूरनपुर अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत ढका जमीमा पूरनपुर में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से नूरी मस्जिद के पास विशेष तली झाड़ सफाई अभियान चलाया गया। बताया गया कि ग्राम प्रधान मुन्नी बेगम और सचिव सुबोध कुमार की मंशानुरूप प्रधानपति सादिक हुसैन ने सफाई कर्मचारियों के सेह मौके पर पहुंचकर लंबे समय से जमा कूड़े-कचरे, गंदगी और झाड़ियों की साफ-सफाई करायी। अभियान के दौरान नालियों और आस-पास के स्थानों की भी सफाई की गई, जिससे रास्ते और सार्वजनिक स्थान पहले की अपेक्षा साफ-सुथरे नजर आए।

# पुलिस के सकारात्मक रुख के बाद टी.टी. ने बंद किया अबैध नज़रबंदी प्रकरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



एड0 नीलेश चतुर्वेदी राजीव अग्रवाल

**पीलीभीत।** पुलिस के सकारात्मक रूप के बाद नगर पालिका परिषद पीलीभीत पूर्व अध्यक्ष ने अवैध नजरबंदी प्रकरण को बंद कर दिया है। ज्ञात हो कि पिछले दिनों नगर के प्रतिष्ठित सर्राफा व्यवसाई और पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राजीव अग्रवाल टी.टी. को हाउसअरेस्ट किये जाने के मामले का पटाक्षेप पूरी तरह सौहार्दपूर्ण और गरिमापूर्ण ढंग से हो गया है। इस पूरे प्रकरण में जहां एक ओर मीडिया ने निष्पक्षता से सजग प्रहरी की भूमिका निभाई, वहीं कानून की ताकत और प्रशासनिक संवेदनशीलता की भी जीत हुई है। मामले की जानकारी देते हुए राजीव अग्रवाल टी.टी. ने बताया कि विधिक प्रक्रिया के तहत जब आरटीआई के माध्यम से जानकारी मांगी गई, तो स्थानीय पुलिस प्रशासन ने पूरी पारदर्शिता बरतते हुए स्पष्ट किया कि अभिलेखों में नज़रबंदी का कोई लिखित आदेश उपलब्ध नहीं था। इस पूरे विधिक संघर्ष और बारीकियों को पूरी मजबूती से तैयार करने का श्रेय हमारे अधिवक्ता नीलेश चतुर्वेदी को जाता है। अधिवक्ता नीलेश चतुर्वेदी की सटीक कानूनी रणनीति, आरटीआई की आपातकालीन धाराओं के कुशल प्रयोग और विधिक समझ के कारण ही नागरिक अधिकारों का सफलता से संरक्षण हो सका। विधिक स्थिति स्पष्ट होने के बाद पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने अत्यंत संवेदनशीलता और बड़प्पन का परिचय देते हुए स्वयं वार्ता कर वस्तुस्थिति को समझा, सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए आश्वासन दिया और मामले का सम्मानजनक समाधान निकाला। पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष एवं अग्रवाल सभा अध्यक्ष राजीव अग्रवाल टी.टी. कहते हैं कि हम उन सभी मीडिया बंधुओं के हृदय से आभारी हैं जिन्होंने लगातार सजगता दिखाई और इस विषय को प्रमुखता से उठाया। पुलिस अधीक्षक महोदय ने स्वयं बड़प्पन दिखाते हुए भविष्य के लिए जो सकारात्मक आश्वासन दिया है, हम उसका पूरा सम्मान करते हैं। हमारे अधिवक्ता नीलेश चतुर्वेदी जी के कुशल विधिक मार्गदर्शन के कारण ही यह न्यायसंगत समाधान संभव हो सका है। प्रशासन के इस सहयोगात्मक रुख को देखते हुए अब हम इस मामले को यहीं समाप्त कर रहे हैं। इस प्रकरण को लेकर अधिवक्ता नीलेश चतुर्वेदी ने कहना है कि लोकतंत्र में कानून सर्वोपरि है। आरटीआई की आपातकालीन धाराओं का मुख्य उद्देश्य व्यवस्था में पारदर्शिता लाना है।

# बाघ ने घर में घुसकर बछड़े को बनाया निवाला

## बाघ द्वारा शिकार किये जाने को लेकर ट्रांस शारदा क्षेत्र में दहशत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर ( पीलीभीत )।** बाघ ने घर में घुसकर बछड़े को अपना निवाला बना लिया। शिकार किए गए बछड़े का अध खाया शव आबादी क्षेत्र के पास ही गन्ने के खेत में पड़ा मिला। जिसको लेकर ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। ट्रांस शारदा क्षेत्र में बाघ की बढ़ती गतिविधियों ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। शनिवार सुबह तड़के करीब चार बजे ग्राम रामनगर निवासी विजय यादव के घर में बाघ घुस आया और बछड़े को अपना निवाला बना लिया। सुबह जब परिजनों की नजर बछड़े पर नहीं पड़ी तो उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। आस-पास काफी खोजबीन करने के बाद घर के पास स्थित गन्ने के खेत में बछड़े का अधखाया शव पड़ा मिला। बाघ द्वारा घर के बेहद करीब पहुंचकर मवेशी का शिकार किए जाने की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। घटना के बाद ग्रामीणों में अपने परिवार और पशुओं की सुरक्षा को लेकर भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार बाघ की गतिविधियां सामने आ रही हैं, जिससे लोगों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। खासकर सुबह और शाम के समय खेतों की ओर जाने वाले ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से बाघ की निगरानी बढ़ाने, गश्त कराने और लोगों की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। घटना के बाद ग्रामीण सतर्क हो गए हैं और खेतों की ओर अकेले जाने से बच रहे हैं।

# जिलाधिकारी ने ग्लास म्यूजियम व बाबा नीब करौरी धाम का किया आकस्मिक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने शनिवार को अपर जिलाधिकारी ( नमामि गंगे ) मोहनलाल गुप्ता के साथ कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ऑडिटोरियम, निर्माणाधीन ग्लास म्यूजियम तथा बाबा नीब करौरी धाम परिसर में बने मल्टीपर्पस हॉल का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति और व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ग्लास म्यूजियम के आसपास फैली झाड़ियों को तत्काल जेसीबी लगवाकर साफ कराने तथा परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने म्यूजियम की प्रत्येक मंजिल का बारीकी से निरीक्षण करते हुए निर्माणदायी संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा कराए जा रहे कार्यों एवं डिजाइनिंग के संबंध में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने पर्यटकों एवं आगंतुकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए म्यूजियम परिसर में आधुनिक कैफेटेरिया विकसित करने के निर्देश दिए। साथ ही उद्यान विभाग को म्यूजियम परिसर में आकर्षक डिजाइन के साथ बेहतर पौधरोपण एवं हरियाली विकसित कराने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्लास म्यूजियम आने वाले समय में जनपद की पहचान और विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इसलिए इसके निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए सभी कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप शीघ्र पूरा किया जाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने बाबा नीब करौरी धाम परिसर में नवनिर्मित मल्टीपर्पस हॉल, डिजिटल लाइब्रेरी, गेस्ट रूम, कैंटीन, डायनिंग हॉल एवं डॉर्मिटरी रूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार एवं व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, स्वच्छता और आगंतुकों की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

## खेत की मेढ़ को लेकर हुए विवाद में रात में पौधे उखाड़ने का आरोप, भाकियू ने दी तहरीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पूरनपुर (पीलीभीत)।** खेत की मेढ़ को लेकर हुए विवाद में रात के अंधेरे में पौधे का उखाड़ने का आरोप लगाते हुए भारतीय किसान यूनियन ने कोतवाली पुलिस व वन विभाग को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव मुड़िया में खेत की मेड़ को लेकर चल रहे विवाद के बीच आम, नीम और यूकेलिप्टिस के पौधे उखाड़कर ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने दबंगों पर पौधे उखाड़ने, गाली गलौज और धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस व वन विभाग को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र के अनुसार, ग्राम मुड़िया स्थित गाटा संख्या 781 पीड़ितों का खेत है। एसडीएम के निर्देश पर लेखपाल द्वारा खेत की नाप कर मेड़ डलवाई गई थी। इसके बाद खेत में चारा बोने के साथ पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से छह अगस्त को चार आम, चार नीम और करीब 300 यूकेलिप्टिस के पौधे लगाए गए थे। आरोप है कि सात और आठ अगस्त की रात बलविन्दर सिंह निवासी पिपरिया मझरा तथा अमरजीत सिंह व देवेन्द्र सिंह निवासी मुड़िया ने खेत में लगाए गए सभी पौधों को उखाड़कर ले गए। पीड़ितों का आरोप है कि विरोध करने पर उन्हें गाली-गलौज करते हुए दोबारा पौधे लगाने पर जान से मारने की धमकी दी गई। भारतीय किसान यूनियन भानु की महिलाओं ने उक्त लोग पर दबंगई के बल पर खेत पर कब्जा करने का प्रयास का आरोप लगाकर शनिवार दोपहर संयुक्त रूप से शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और क्षतिपूर्ति की मांग की है।

# आला हजरत के 108 व उर्स के मौके पर कुल हिंद जमीअतुल आवाम द्वारा खिराज ए अकीदत पेश की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** कुलहिंद जमीअतुल आवाम के तत्वाधान में विश्व प्रसिद्ध महान इस्लामी धर्म गुरु इमाम अहमद रजा खान ( आला हजरत ) के 108 व उर्स मुबारक के मौके पर संस्था के कार्यालय स्थित कुली बाजार में आला हजरत के इशाले सवाब के लिए फातिहा एवं उन्हें खिराज ए अकीदत पेश की गई उनके द्वारा किए गए कामों को याद किया गया संस्था के महामंत्री महबूब आलम खान ने बताया की आज बरेली शरीफ स्थित उनकी दरगाह पर बड़े अदब और एहताराम के साथ उर्स की रस्म पूरी की जा रही है आला हजरत की बेमिसाल खिदमत के लिए उन्हें हमेशा याद रखा जाएगा उन्होंने इसके रसूल में चूर होकर मजब ए इस्लाम की खिदमत की उन्होंने अपने कलाम के जरिए पूरी दुनिया के अंदर अहले सुन्नत वल जमात का सर फक्र से बुलंद किया उन्होंने बेशुमार किताबें लिखकर लोगों को इस्लाम के प्रति रहनुमाई फरमाई लोगों को सच्चा नबी करीम सल्लल्लाहो वाले वसल्लम का आशिक और मोहब्बत करने वाला बनाया बरेली स्थित उनकी दरगाह हिंदू मुस्लिम एकता की प्रतीक है जहां सभी धर्म संप्रदाय के लोग पूरी दुनिया से पहुंचते हैं और अकीदत के फूल पेश करते हैं अध्यक्षता कर रहे शहर काजी मुफ्ती साकिब अदीब मिस्बाही ने कहा कि हमें उनके मिशन पर आगे बढ़ते हुए इंसानियत की खिदमत करते हुए इस्लाम की सच्ची सूफिज्म की राह पर चलकर बुजुर्गों की दरगाहों से जो दर्श मिलता है उसे मजबूती से थमे उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर अपनी जिंदगी बसर करें क्योंकि हिंदुस्तान के अंदर सूफी संतों की दरगाह हमेशा इंसानियत भाईचारा हिंदू मुस्लिम एकता का पैगाम देती है जो पूरी दुनिया के अंदर हमारे मुल्क हिंदुस्तान की एक अलग पहचान बनती है उस पहचान को हमेशा हमें बना कर रखना चाहिए वक्ताओं ने यह भी कहा कि आला हजरत सिर्फ एक समुदाय विशेष के सूफी संत नहीं थे वह पुरी मानवता के महान धर्मगुरु थे उन्होंने बरेली शरीफ में रहकर पूरी दुनिया जोड़ा आज उनके चाहने वाले पूरी दुनिया में मौजूद है अफ्रीका अमेरिका इंग्लैंड हॉलैंड ऑस्ट्रेलिया जर्मन फ्रांस तुर्की यमन ओमान सहित गल्फ कंट्री आदि देश में उनके बेशुमार शागिर्द है जो आज भी उनके मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं और इंसानियत का पैगाम देते हुए इस्लाम की सच्ची तस्वीर लोगों के सामने पेश कर रहे हैं कुल शरीफ से पहले नात शरीफ मन्क़बात सलातो सलाम पढ़ा गया इस मौके पर मुख्य रूप से शहर काजी कानपुर मुफ्ती साकिब अदीब मिस्बाही महामंत्री महबूब आलम खान नायब सदर कारी आरिफ रजा कादरी अयाज चिश्ती एडवोकेट असद सिद्दीकी कारी अब्दुल रहीम मौलाना गुलाम मुस्तफा रजवी शाहनवाज कादरी अलीम अख्तर खान मोहम्मद शारिक सिद्दीकी शाहिद खान लालू नगर सचिव कफिल खान मोहम्मद उस्मान मौलाना जाकिर हुसैन खान इस्लाम खान आजाद आदि लोग मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने फावड़ा उठाकर किया श्रमदान, स्वच्छता का दिया प्रेरक संदेश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने शनिवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कल्पना जायसवाल, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता, नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार पांडेय तथा उप जिलाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी कॉलोनी में विशेष सफाई अभियान चलाया। सफाई अभियान के दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर के पास स्थित जागरण पंडाल एवं बारात घर के आसपास स्वयं फावड़ा चलाकर श्रमदान किया। जिलाधिकारी के साथ उपस्थित अधिकारियों ने भी सफाई अभियान में सहभागिता करते हुए श्रमदान किया। जिलाधिकारी ने कॉलोनीवासियों से संवाद करते हुए अपील की कि स्वच्छता को केवल किसी अभियान तक सीमित न रखें, बल्कि समय-समय पर अपने आसपास सफाई करते रहें। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण बनाने में प्रशासन के साथ-साथ प्रत्येक नागरिक की सहभागिता जरूरी है। सफाई अभियान के दौरान जिलाधिकारी ने पैदल चलकर पूरी कॉलोनी का जायजा लिया तथा सफाई व्यवस्था से संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम एवं नगर पंचायत से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त संख्या में कूड़ेदान रखे जाएं, ताकि लोग कूड़ा निर्धारित स्थान पर ही डालें।

साथ ही कूड़ेदानों को प्रतिदिन खाली कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा का स्वयं फावड़ा उठाकर सफाई अभियान में श्रमदान करना आमजन और अधिकारियों के लिए प्रेरणादायक संदेश रहा। उन्होंने कहा कि 'स्वच्छता केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी का सामूहिक संकल्प है। ' सफाई अभियान के दौरान संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सपा के अधिवक्ता देंगे परिवर्तन का संदेश




**कानपुर।** समाजवादी पार्टी महानगर के पदाधिकारियों ,कार्यकारिणी, विधान सभा अध्यक्षों, फ्रंटल संगठनों,जोनल प्रभारियों,वार्ड अध्यक्षों की मासिक बैठक आज दिन में 3 बजे सपा अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में आरम्भ हुई। जिसका संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि गोविन्दनगर,आर्यनगर, सीसामऊ, कैंट,किदवईनगर विधान सभा क्षेत्रो के 342 मतदान केन्द्र पर पीडीए पंचायत के साथ सघन अभियान चलायेगे,अभियान पांच हजार अधिवक्ता गण अलग-अलग क्षेत्रों में परिवर्तन के साथ सत्ता परिवर्तन का सन्देश देंगे। बैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष फजल महमूद ने कहा कि पब्लिक स्कूलो ने छात्रों की मासिक फीस बढाकर अभिभावको की जेब काटी जा रही है जिसकी वजह से अभिभावक आर्थिक बोझ से दवा जा रहा है जिसकों सपा ने गम्भीरता से लेकर रणनीति तय की जा रही। बैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष फजल महमूद ने सम्बोधन में कहा कि पूरा शहर जाम नालों से त्रस्त जलभराव, टूटी सड़कों, जगह जगह गट्टे सथा गालियों में जमा दनों इड़ा से गन्दगी ने बुखार की बीमारियों ने घेर लिया है। बैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा की सफाई कर्मचारीओ की नगर निगम उपेक्षा कर रही रही है उनको नियमित नही कर रहीहै तथा दूसरी ओर हाउस टैक्स बढ़ाकर जनता को परेशान कर रही है 2027 मे जनता जवाब देने को तैयार घूम रही रही है। बैठक में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू,महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर,प्रदेश सचिव के के शुक्ला,नंदलाल जयसवाल,सत्यनारायण गहरवार,फखरे आलम,महेन्द्र सिह,रजत मिश्रा,दीपक खोटे,शादाब आलम,इशरत इराकी,सुधांशु मिश्रा,अरशद दद्दा,मो सारिया,हुकुम सिंह,सजल कुशवाह समीर सोनकर,के के मिश्रा,कीर्ती अग्निहोत्री,महिमा शर्मा,एहसास बॉबी,धीरज श्रीवास्तव,बृजलाल यादव,अकील अहमद,शादाब खान,तौसीफ सिद्दीकी,हेमंत गुप्ता,गुड्डू यादव,राजेंद्र जयसवाल,पारस श्रीवास्तव,राहुल यादव आदि लोग प्रमुख रहे।

# एलआईसी अधिकारियों-कर्मचारियों की मांगों पर त्रिवेंद्र रावत ने दिया समाधान का आश्वासन

## एनओआईएनओ-एआईएलआईईए का 25वां स्थापना दिवस रजत जयंती समारोह के रूप में मनाया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय बीमा अधिकारी संगठन (एनओआईएनओ) और अखिल भारतीय जीवन बीमा कर्मचारी संघ (एआईएलआईईए) ने भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की जीवन प्रकाश भवन, 25 कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली में अपना 25वां स्थापना दिवस रजत जयंती समारोह के रूप में मनाया। समारोह में एलआईसी के बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरिद्वार से लोकसभा सांसद और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत रहे। भारतीय मजदूर संघ, दिल्ली प्रदेश के महामंत्री डॉ. दीपेंद्र चाहर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।समारोह में एनओआईएनओ के महासचिव पंचम सिंह रावत ने अधिकारियों की विभिन्न मांगें प्रमुखता से उठाई। उन्होंने कहा कि एक अगस्त 2027 से देय वेतन पुनरीक्षण को वर्ष 2027 में ही समयबद्ध तरीके से लागू किया जाना चाहिए। इसके अलावा पेंशनभोगियों की मूल पेंशन के समय-समय पर पुनरीक्षण, पदोन्नति में वरिष्ठता आधारित व्यवस्था बहाल करने और पदोन्नति प्रक्रिया में साक्षात्कार की व्यवस्था समाप्त करने की मांग रखी गई। उन्होंने विपणन अधिकारियों के लिए आठ घंटे की कार्य अवधि और शनिवार-रविवार साप्ताहिक अवकाश सुनिश्चित करने की मांग भी रखी। साथ ही उन्होंने कहा कि निगम की अन्य यूनियनों को कार्यालय की सुविधा उपलब्ध है, लेकिन एनओआईएनओ को अब तक कार्यालय आवंटित नहीं किया गया है। संगठन के लिए शीघ्र कार्यालय उपलब्ध कराने की मांग भी रखी गई। एआईएलआईईए की ओर से प्रमोद राणा ने कर्मचारियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को सामने रखा। उन्होंने संगठन के लिए कार्यालय उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई।भारतीय मजदूर संघ के दिल्ली प्रदेश महामंत्री डॉ. दीपेंद्र चाहर ने कहा कि संगठन एलआईसी अधिकारियों और कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों को प्रबंधन और सरकार के समक्ष मजबूती से उठाएगा तथा उनके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करेगा।मुख्य अतिथि त्रिवेंद्र सिंह रावत ने संगठन की ओर से सौंपा गया ज्ञापन स्वीकार करते हुए कहा कि वेतन पुनरीक्षण, पेंशन की मूल राशि के पुनरीक्षण, पदोन्नति, स्थानांतरण और कार्यालय आवंटन समेत अन्य मांगों पर एलआईसी प्रबंधन और केंद्र सरकार के स्तर पर चर्चा कर सकारात्मक समाधान के लिए पूरा प्रयास किया जाएगा।कार्यक्रम का संचालन एनओआईएनओ उत्तर क्षेत्र के कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत कुमार ने किया। उन्होंने एलआईसी के सामने मौजूद भविष्य की चुनौतियों और कारोबार में वृद्धि की संभावनाओं पर भी विचार रखे। समारोह के अंत में अतिथियों और संगठन के पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इसके साथ ही रजत जयंती समारोह का समापन हुआ।

## 10 अगस्त को कांवड़ मार्गो पर पड़ने वाले सभी शिक्षण संस्थान रहेंगे बंद

**फिरोजाबाद।** श्रावण मास के पवित्र अवसर पर शिव भक्त कांवड़िए गंगाजल लेकर पैदल, वाहनों एवं डाक कांवड़ के रूप में विभिन्न मार्गों से गुजर रहे हैं। श्रावण मास के द्वितीय सोमवार 10 अगस्त 2026 को कांवड़ियों की संख्या में भारी वृद्धि होने की संभावना को देखते हुए पुलिस द्वारा आवश्यकतानुसार विभिन्न मार्गों पर यातायात डायवर्जन लागू किया गया है। यातायात डायवर्जन के कारण विद्यालयों में आने-जाने वाले वाहनों का आवागमन प्रभावित होने तथा सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार 10 अगस्त 2026 को कांवड़ मार्ग में पड़ने वाले जनपद के सभी परिषदीय, राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई एवं अन्य सभी बोर्ड से संबद्ध शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे। हालांकि छात्र-छात्राओं का शिक्षण कार्य प्रभावित न हो, इसके लिए संबंधित शिक्षण संस्थानों में ऑनलाइन कक्षाएं संचालित की जाएंगी।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं शिक्षण संस्थानों को उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिला मजिस्ट्रेट संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि यह निर्णय कांवड़ यात्रा के दौरान छात्र-छात्राओं की सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

# मदनपुर खादर के नाले में बहा 18 वर्षीय युवक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** सरिता विहार थाना क्षेत्र के मदनपुर खादर स्थित प्रियंका कैंप नाले में तेज पानी के बहाव में 18 वर्षीय युवक के बह जाने की सूचना से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बचाव और तलाश अभियान शुरू कराया। दिल्ली अग्निशमन सेवा और दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की टीम भी मौके पर पहुंची, लेकिन अभी तक युवक का पता नहीं चल सका।पुलिस के अनुसार, घटना 07 अगस्त की रात करीब आठ बजे की है। युवक की पहचान अंकित (18) पुत्र सुनील,निवासी ई-13,भीम कॉलोनी,अली विहार के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक अंकित नोएडा से वापस अपने घर लौट रहा था।इसी दौरान प्रियंका कैंप नाले के पास उसका पैर फिसल गया और वह तेज पानी के बहाव में बह गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एक उपनिरीक्षक को मौके पर भेजा। बीट स्टाफ के साथ पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर प्रारंभिक जानकारी जुटाई।पुलिस को अंकित के दोस्त मनीष (23), निवासी भीम कॉलोनी,अली विहार ने बताया कि वह अंकित के साथ था और हादसे के समय उसने उसे नाले के तेज बहाव में बहते देखा।इसके बाद दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की पूर्वी दिल्ली बचाव टीम और दिल्ली अग्निशमन सेवा की टीम को मौके पर बुलाया गया। अग्निशमन विभाग की वाटर टेंडर-74 की मदद से नाले और आसपास के हिस्से में तलाशी अभियान चलाया गया। काफी प्रयास के बावजूद युवक का अभी तक कोई सुराग नहीं मिल सका है।पुलिस और बचाव दल की ओर से युवक की तलाश लगातार जारी है।

# पीरियड्स हाइजीन और कानूनी जागरूकता स्वस्थ समाज के लिए जरूरी: एसडीएम गुरसिमरनजीत कौर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**समराला (लुधियाना)।** युवा लड़कियों और महिलाओं में स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं कानूनी जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन लुधियाना ने अमोदिनी फाउंडेशन तथा प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं समाजसेवी डॉ. नीलम सोढ़ी के सहयोग से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (बालिका), गोसलान में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर समाज में व्याप्त झिझक और भ्रांतियों को दूर करना तथा पॉक्सो अधिनियम के तहत बच्चों की सुरक्षा और उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल उपमंडल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) समराला गुरसिमरनजीत कौर ने छात्राओं के साथ संवाद करते हुए मासिक धर्म स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है और इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने छात्राओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, स्वच्छता के मानकों को अपनाने तथा अपने कानूनी अधिकारों की जानकारी रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में विद्यालय की छात्राओं के साथ गांव की महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण, व्यक्तिगत स्वास्थ्य और पॉक्सो अधिनियम के तहत बच्चों की सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए सवालों का विशेषज्ञों ने विस्तार से जवाब दिया। पर्यावरण अनुकूल और टिकाऊ स्वास्थ्य व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिभागियों को पुनः उपयोग किए जा सकने वाले सैनिटरी पैड भी वितरित किए गए। अमोदिनी फाउंडेशन के प्रतिनिधियों और डॉ. नीलम सोढ़ी ने महिलाओं एवं किशोरियों को स्वास्थ्य, स्वच्छता और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए भविष्य में भी ऐसे जमीनी स्तर के जागरूकता अभियान जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई।

# 'प्रज्ञा योजना' से युवाओं को सुनहरा अवसर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**श्रीभूमि:** ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली एवं रोजगार की तलाश कर रहे युवक-युवतियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र में 'प्रज्ञा योजना' (PRAGYA YOJNA) शुरू की जा रही है। रामकृष्णनगर के विधायक विजय मालाकार की पहल पर शुरू होने वाली इस योजना का उद्देश्य युवाओं को कुशल, आत्मनिर्भर एवं रोजगार के लिए सक्षम बनाना है। 'प्रज्ञा योजना' के तहत ADRE, Assam Police, SSC, Banking और Railways सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी। खास बात यह है कि लिखित परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ पुलिस एवं सैन्य बलों के जवानों द्वारा शारीरिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, प्रशिक्षण कार्यक्रम में T.I.M.E., TRIJOS Foundation तथा IIT और IIM के Alumni भी जुड़े रहेंगे। प्रशिक्षण के दौरान प्रश्न हल करने की रणनीति, समय प्रबंधन, परीक्षा की योजना, नियमित अभ्यास और करियर मार्गदर्शन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसका उद्देश्य अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर रणनीति और प्रभावी तैयारी के साथ तैयार करना है। 15 मेधावी छात्रों को एक वर्ष की निःशुल्क कोचिंग 'प्रज्ञा योजना' का प्रमुख आकर्षण 15 मेधावी छात्रों के लिए एक वर्ष की निःशुल्क कोचिंग है। प्रारंभिक प्रशिक्षण के बाद मेधा के आधार पर चयनित 15 विद्यार्थियों को T.I.M.E., Guwahati में एक वर्ष तक निःशुल्क कोचिंग प्रदान किए जाने की जानकारी दी गई है। इस योजना के लिए 10+2 तथा स्नातक उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकेंगे। आवेदन की सुविधा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से उपलब्ध होगी। प्रारंभिक प्रशिक्षण विधानसभा क्षेत्र के लालछड़ा जीपी कार्यालय और रामकृष्णनगर कॉलेज में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण की समय-सारणी एवं अन्य विस्तृत जानकारी बाद में आयोजकों की ओर से जारी की जाएगी। इस पहल पर प्रशिक्षक सौमेन दास ने विधायक विजय मालाकार के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को सही मार्गदर्शन एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराने में यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि 'प्रज्ञा योजना' के माध्यम से क्षेत्र के प्रतिभाशाली युवक-युवतियों को अपने भविष्य को बेहतर बनाने का अवसर मिलेगा। वहीं, विधायक विजय मालाकार ने युवाओं से इस अवसर का पूरा लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए युवाओं को पूरी लगन एवं अनुशासन के साथ प्रशिक्षण लेना चाहिए तथा अपनी प्रतिभा और क्षमता को साबित करने के लिए आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में भैरवनगर मंडल अध्यक्ष हीरेश विश्वास, जिला उपाध्यक्ष अमृत पाल, संजय गोस्वामी, लालछड़ा जीपी अध्यक्ष रामकृष्ण मंडल, सभापति पीथम पाल, प्रशिक्षक सौमेन दास, रामकृष्णनगर नगरपालिका की चेयरमैन प्रतिमा नाथ तथा सेवानिवृत्त शिक्षक राजेंद्र बाराई सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। 'Empower Today | Lead Tomorrow' के संदेश के साथ शुरू की जा रही 'प्रज्ञा योजना' का उद्देश्य रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र के युवाओं को कुशल, आत्मनिर्भर एवं रोजगारोन्मुख बनाना है। आयोजकों को उम्मीद है कि यह पहल ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगी।

## राजा वड़िंग पहले कांग्रेस बचाएं, आरएसएस पर ज्ञान बाद में दें- संदीप मित्तल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लुधियाना-** पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिग गांधी परिवार की चाटुकारिता में डूबे कांग्रेस नेता आज अपनी ही पार्टी के नेताओं को 'आरएसएस का चमचा' कहकर अपमानित कर रहे हैं। यह कांग्रेस की अंदरूनी कलह और नेतृत्व की विफलता का प्रमाण है। उक्त विचार भाजपा के नेता संदीप मित्तल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहे। उन्होंने कहा जब किसी दल का नेतृत्व अपने ही कार्यकर्ताओं और नेताओं पर इस प्रकार के आरोप लगाने लगे, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि उस पार्टी में अनुशासन, विश्वास और नेतृत्व–तीनों का संकट गहरा चुका है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी, राष्ट्रवादी और सांस्कृतिक संगठन है। देश सेवा, समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में आरएसएस का योगदान किसी से छिपा नहीं है। आरएसएस पर उंगली उठाने से पहले कांग्रेस को अपने इतिहास और वर्तमान की ओर देखना चाहिए। मित्तल ने कहा कि राजा वड़िंग जी, अपने घर का क्लेश देखिए, बाहर सब ठीक है। पंजाब कांग्रेस आज गुटबाजी, आपसी अविश्वास और नेतृत्व संघर्ष से जूझ रही है। अपनी ही पार्टी के नेताओं को सार्वजनिक रूप से अपमानित करना कांग्रेस की कमजोर होती स्थिति का प्रमाण है। कांग्रेस यदि वास्तव में जनता का विश्वास जीतना चाहती है, तो उसे आरएसएस पर अनर्गल टिप्पणी करने के बजाय अपनी पार्टी को टूटने से बचाने पर ध्यान देना चाहिए।

# किचलू नगर रोड धंसने पर मेयर व निगम कमिश्नर ने किया निरीक्षण, जल्द मरम्मत के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**लुधियाना।** गुरुवार सुबह भारी बारिश के दौरान किचलू नगर मुख्य मार्ग का एक हिस्सा धंसने की घटना के बाद मेयर इंदरजीत कौर और नगर निगम कमिश्नर ओजस्वी अलंकार ने मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को मरम्मत कार्य में तेजी लाने और आवश्यक सावधानियां बरतने के निर्देश दिए। मौके पर अधिकारियों ने प्रारंभिक जांच के आधार पर बताया कि एक निजी कंपनी द्वारा भूमिगत तार बिछाने के दौरान मुख्य ईंटों की सीवर लाइन क्षतिग्रस्त होने की आशंका है। इसके चलते समय के साथ मिट्टी का कटाव हुआ और भारी बारिश के दौरान सड़क का एक हिस्सा धंस गया। मेयर इंदरजीत कौर और नगर निगम कमिश्नर ओजस्वी अलंकार ने कहा कि आसपास की इमारतों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है। अधिकारियों को जरूरत के अनुसार अतिरिक्त कर्मचारियों और मशीनरी की तैनाती करने के निर्देश दिए गए हैं। मरम्मत कार्य दिन-रात जारी रखने के लिए भी कहा गया है, ताकि मार्ग को जल्द से जल्द सुरक्षित किया जा सके। जोनल कमिश्नर जसदेव सेखों मरम्मत कार्य का समन्वय कर रहे हैं। नगर निगम की बीएंडआर शाखा, ओएंडएम सेल सहित विभिन्न शाखाओं के अधिकारी मौके पर मौजूद रहकर कार्य में तेजी ला रहे हैं। मेयर और कमिश्नर ने कहा कि सड़क धंसने के वास्तविक कारणों की विस्तृत जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने वालों की जवाबदेही तय की जाएगी। यदि जांच में भूमिगत तार बिछाने के कारण सीवर लाइन क्षतिग्रस्त होने की पुष्टि होती है तो संबंधित कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे प्रशासन का सहयोग करें। किसी भी समस्या की स्थिति में नगर निगम की मानसून हेल्पलाइन 90867-91867 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

# यूथ सर्विसेज़ डिपार्टमेंट ने ज़िला लेवल एडवोकेसी की मीटिंग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मुक्तसर साहिब-** डायरेक्टर, यूथ सर्विसेज़ डिपार्टमेंट पंजाब, चंडीगढ़ के आदेश के मुताबिक, असिस्टेंट डायरेक्टर, यूथ सर्विसेज़ डिपार्टमेंट, मुक्तसर साहिब श्री दविंदर सिंह लोटे की लीडरशिप में, पंजाब स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी, चंडीगढ़ के साथ मिलकर ज़िले में काम कर रहे रेड रिबन क्लब के प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर की एक ज़िला लेवल एडवोकेसी मीटिंग हाल ही में गुरु नानक कॉलेज श्री मुक्तसर साहिब में हुई। इस मीटिंग के दौरान, ज़िले के 30 रेड रिबन क्लब को साल 2026-27 के लिए सालाना ग्रांट जारी की गई। इस मौके पर, असिस्टेंट डायरेक्टर, यूथ सर्विसेज़, दविंदर सिंह लोटे ने सभी कॉलेजों के नोडल ऑफिसर का स्वागत किया और रेड रिबन की एक्टिविटीज़ जैसे ड्रग्स की रोकथाम, HIV/AIDS, TB के बारे में आम लोगों को जागरूक करने के बारे में बताया। मीटिंग में साल 2026-27 के दौरान रेड रिबन क्लब द्वारा किए जाने वाले कामों का भी रिव्यू किया गया।

उन्होंने कहा कि जिले के रेड रिबन क्लब द्वारा गोद लिए गए गांवों में HIV/AIDS और ड्रग्स के खिलाफ एक्टिविटी करके लोगों को इनके नुकसानदायक असर के बारे में जागरूक किया जाए। इसके साथ ही वॉल पेंटिंग के जरिए स्टूडेंट्स को इन भयानक बीमारियों से दूर रहने की सलाह देने के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर डॉ. श्वेता दरगन, लखवीर सिंह स्टेनो के अलावा अलग-अलग कॉलेजों के नोडल इंचार्ज/ नोडल ऑफिसर आदि मौजूद थे।

# स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर कालकाजी मंदिर और नेहरू प्लेस में मॉक ड्रिल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



नई दिल्ली। स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर दक्षिण-पूर्वी जिला पुलिस ने कालकाजी मंदिर और नेहरू प्लेस में मॉक ड्रिल का आयोजन किया।इसका उद्देश्य आतंकवादी हमले और बम विस्फोट जैसी आपात स्थिति में पुलिस तथा अन्य संबंधित एजेंसियों की तैयारियों,त्वरित एक्शन और आपसी समन्वय को परखना था। कालकाजी मंदिर परिसर में 7 अगस्त की रात नौ बजे से 8 अगस्त तड़के साढ़े 12 बजे तक मॉक ड्रिल की गई।अभ्यास के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड एनएसजी की ओर से मंदिर परिसर में अलग-अलग स्थानों पर बम विस्फोट की दो काल्पनिक घटनाएं तैयार की गई।इसके बाद बीट अधिकारी ने पुलिस नियंत्रण कक्ष को सूचना दी।सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और संबंधित आपातकालीन एजेंसियों ने अपनी निर्धारित प्रक्रिया के तहत कार्रवाई शुरू की।अभ्यास के दौरान घटनास्थल की घेराबंदी की गई और लोगों की आवाजाही नियंत्रित करने के साथ यातायात को दूसरे मार्गों पर डायवर्ट किया गया।आपातकालीन कार्रवाई के लिए रास्ता भी सुरक्षित किया गया। मॉक ड्रिल में एनएसजी, स्कॉट टीम,बम निरोधक दस्ता, बम जांच दल,डॉग स्क्वाड, दिल्ली पुलिस नियंत्रण कक्ष, ट्रैफिक पुलिस, दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, दिल्ली अग्निशमन सेवा और कैट्स की टीमों ने हिस्सा लिया।बम निरोधक दस्ते और बम जांच दल ने डॉग स्क्वाड की मदद से इलाके में बम की तलाशी और विस्फोटक रोधी जांच की। अभ्यास के तहत एनएसजी और स्वाट टीम ने दो काल्पनिक आतंकियों को निष्क्रिय किया। वहीं,एक घायल व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकालकर पुलिस नियंत्रण कक्ष के वाहन से 20 मिनट के भीतर एम्स अस्पताल पहुंचाने का अभ्यास भी किया गया। इसके माध्यम से आपात स्थिति में घायल को निकालने, सुरक्षित रास्ता उपलब्ध कराने और समय पर चिकित्सा सहायता पहुंचाने की व्यवस्था को परखा गया। इसके अलावा नेहरू प्लेस में भी अलग से मॉक ड्रिल की गई। यहां व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्र में आतंकी हमले और बम विस्फोट जैसी स्थिति को काल्पनिक रूप से तैयार किया गया।सूचना मिलने के बाद पुलिस और विशेष टीमें मौके पर पहुंचीं तथा प्रभावित क्षेत्र की घेराबंदी कर लोगों की आवाजाही नियंत्रित की।

बचाव एवं आपातकालीन वाहनों की आवाजाही सुचारु रखने के लिए यातायात को डायवर्ट किया गया।

## मारपीट कर किया घायल, पुलिस से शिकायत

**कोंच(जालौन)-** कस्बा कोंच निवासी एक महिला ने एक युवक पर घर में घुसकर छेड़छाड़ करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। महिला के मुताबिक, घटना के बाद जब उसके परिजन आरोपी के घर शिकायत करने पहुंचे तो आरोपी पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला कर कई लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया, घायलों में शामिल एक व्यक्ति के पैर में फ्रैक्चर हो गया। कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में महिला ने बताया कि शनिवार की सुबह करीब पौने 10 बजे वह घर पर अकेली थी। इसी दौरान मोहल्ले का ही युवक पवन जबरन घर में घुस आया और उसके साथ अभद्रता कर छेड़छाड़ करने लगा। बचाव में वह चीखी चिल्लाई तो उक्त युवक जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया। महिला ने बताया कि घटना के बाद उसका पति रवि अपने साथ विजय, अजय और रघुवीर को लेकर आरोपी युवक के घर शिकायत करने पहुंचे तो संजू, अम्बू, माताप्रसाद समेत करीब आधा दर्जन अज्ञात लोगों ने गाली-गलौज करते हुए पति सहित उनके साथ मौजूद लोगों पर हमला कर दिया। हमले में रघुवीर, विजय, संजय, मिथलेशी और मालती देवी घायल हो गई, रघुवीर के पैर में फ्रैक्चर हो गया।

# सीमा पार से नशा व हथियार तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**चंडीगढ़/अमृतसर।** पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने सीमा पार से मादक पदार्थ और अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 21.299 किलो हेरोइन, 970 ग्राम आईस (मेथामफेटामाइन), .30 बोर की अवैध पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गगन उर्फ डिशका (23) और जसपिंदर सिंह (25), दोनों निवासी गांव निकोसरां, गुरदासपुर; सुखप्रीत सिंह उर्फ सुख (30), निवासी अड्डा जैंतीपुर, अमृतसर ग्रामीण; अभिषेक सभरवाल उर्फ अभि (25), निवासी शर्मा कॉलोनी, अमृतसर तथा मनप्रीत सिंह उर्फ मन्नू (26), निवासी गांव चन्ननके, अमृतसर ग्रामीण के रूप में हुई है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मुख्य आरोपी विदेश में बैठे एक तस्कर के सीधे संपर्क में था। उक्त तस्कर सीमा पार से हेरोइन और अवैध हथियारों की तस्करी में मदद करता था। इन नशीले पदार्थों और हथियारों को आगे सप्लाई किया जाना था। पुलिस इस नेटवर्क के आगे और पीछे जुड़े लोगों की पहचान करने के लिए जांच कर रही है। पुलिस कमिश्नर अमृतसर ने बताया कि पुख्ता सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सबसे पहले गगन उर्फ डिशका और जसपिंदर सिंह को एक पिस्तौल व चार जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने 1.01 किलो हेरोइन और 970 ग्राम आईस बरामद की।

आगे की जांच में आरोपियों द्वारा अपने अन्य साथियों के बारे में जानकारी देने के बाद पुलिस ने सुखप्रीत उर्फ सुख, अभिषेक सभरवाल उर्फ अभि और मनप्रीत उर्फ मन्नू को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 20.2 किलो हेरोइन बरामद की। पुलिस के अनुसार, आरोपी सुखप्रीत उर्फ सुख आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तथा आर्म्स एक्ट के तहत पहले से कई मामले दर्ज हैं। इस संबंध में थाना एयरपोर्ट, अमृतसर में एफआईआर संख्या 24, दिनांक 29 जुलाई 2026 दर्ज की गई है। मामले में आर्म्स एक्ट की धारा 25(6), 25(7), 25(8) तथा एनडीपीएस एक्ट की धारा 21-सी, 22-सी और 29 के तहत कार्रवाई की गई है।